Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 15 अंक 112
लखनऊ, सोमवार, 10 फरवरी 2025
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ, नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10
सभी धर्मों में दान के लिए एक कानून बनेः विहिप

# मुठभेड़ में 31 नक्सली ढेर, 2 पुलिसकर्मी शहीद

**पायनियर समाचार सेवा।** रायपुर



छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बल। पीटीआई

**छत्तीसगढ़** के बीजापुर जिले में रविवार को सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ 31 नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ के दौरान 2 जवान शहीद हो गए और 2 जवान घायल हुए हैं। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि 650 से अधिक सुरक्षाकर्मियों ने अलग-अलग दिशाओं से इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में प्रवेश किया और 31 नक्सलियों को उनके ठिकाने पर ही मार गिराया। इस घटना के साथ ही इस साल अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने 81 नक्सलियों को मारा है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि देश और राज्य में नक्सलवाद का खात्मा निश्चित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में राज्य को मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्ति मिल जाएगी। ऑपरेशन पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलियों का सफाया कर दिया जाएगा और देश के किसी भी नागरिक को इसकी वजह से अपनी जान नहीं गंवानी पड़ेगी। उन्होंने एक्स पर कहा कि वह अपना संकल्प भी दोहराते है कि अगले साल मार्च से पहले वह देश से नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म कर देंगे ताकि देश के किसी भी नागरिक को इसकी वजह से अपनी जान नहीं गंवानी पड़े। गृह मंत्री ने कहा कि भारत को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में सुरक्षा बलों को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता मिली है।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि मुठभेड़ सुबह इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में हुई, जब विभिन्न सुरक्षाबलों का एक संयुक्त दल नक्सल रोधी अभियान पर निकला था। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा, इस मुठभेड़ में 31 नक्सली मारे गए। घटनास्थल से भारी मात्रा में एके-47, इंसास, एसएलआर और .303 राइफल तथा बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) समेत हथियारों का एक बड़ा जखीरा और विस्फोटक भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी शहीद हुए हैं। जिनमें से एक राज्य डीआरजी और दूसरा एसटीएफ के थे। दो अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर है। उन्हें इलाज के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए ले जाया गया है। घटनास्थल पर अतिरिक्त बल भेजा गया है और इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है। सुरक्षा बलों को इस दिशा में लगातार सफलता मिल रही है और वे लक्ष्य प्राप्ति की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश और राज्य से कैंसर की तरह नक्सलवाद का खात्मा निश्चित है। उन्होंने ने कहा, हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। वह ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिवारों को शक्ति प्रदान करने तथा घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। सुरक्षा बलों की सराहना करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बीजापुर में राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र को नक्सलियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह माना जाता था, जहां 650 से अधिक सुरक्षाकर्मियों ने विभिन्न दिशाओं से प्रवेश किया और 31 नक्सलियों को उनके ठिकाने पर ढेर कर दिया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी मृतक नक्सली वर्दी पहने हुए थे और उनके पास से स्वचालित हथियार बरामद किए गए हैं। बस्तर के विकास के मार्ग में नक्सलियों द्वारा बिछाए गए आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) को हटाया जाएगा और वह स्कूल, अस्पताल, पानी, सड़क, आंगनवाड़ी (सरकार द्वारा संचालित महिला एवं बाल देखभाल केंद्र) और मोबाइल टावर जैसी बुनियादी सुविधाएं पूरे क्षेत्र में पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं। इस साल अब तक राज्य में मारे गए 81 नक्सलियों में से 65 बस्तर संभाग में मारे गए, जिसमें बीजापुर सहित सात जिले शामिल हैं। पुलिस के अनुसार पिछले साल छत्तीसगढ़ में अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षा बलों ने 219 नक्सलियों को ढेर कर दिया था। पिछले साल 4 अक्टूबर को बस्तर क्षेत्र में नारायणपुर-दंतेवाड़ा अंतर-जिला सीमा पर अबूझमाड़ इलाके में मुठभेड़ के बाद 38 नक्सली मारे गए थे।



राजधानी के भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, प्रदेश प्रभारी बैजयंत पांडा व दिल्ली के सांसद। फोटो :रंजन डिमरी/द पायनियर

# दिल्ली के नए सीएम पर भाजपा में मंथन

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**दिल्ली विधानसभा** चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद सरकार बनाने को लेकर हलचल तेज हो गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में मुख्यमंत्री के नाम मंथन किया। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की, दोनों नेताओं ने सरकार के गठन समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विस चुनाव में भाजपा ने हर क्षेत्र और अधिकतर समुदायों के बीच प्रभावशाली बढ़त हासिल की है, इसलिए उसके पास मुख्यमंत्री पद के संभावित उम्मीदवारों की एक विस्तृत सूची है। विभिन्न राज्यों में अपने मुख्यमंत्रियों को चुनने में पार्टी के विकल्पों को अक्सर बड़े राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जाता है, ऐसे में राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि दिल्ली कोई अपवाद नहीं होगा।

भाजपा ने 70 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीटें जीतीं और आप को हराया, जिसने 22 सीटें हासिल कीं। यह 27 वर्षों में विधानसभा चुनावों में भाजपा की पहली जीत थी। वर्ष 2013 से लगातार तीन जीत के बाद आप की पहली हार थी। भाजपा 13 फरवरी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे से लौटने के बाद एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह की भी योजना बना रही है। पीएम मोदी 12 और 13 फरवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन होगा जो 27 वर्षों के बाद दिल्ली में भाजपा की सत्ता में वापसी का प्रतीक होगा और भाजपा एनडीए गठबंधन के सभी प्रमुख नेताओं और मुख्यमंत्रियों, मशहूर हस्तियों को आमंत्रित करने की योजना बना रही है।

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर उनसे पार्टी के 48 नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक के लिए समय मांगा। पत्र में कहा गया, मैं, दिल्ली के भाजपा सांसद और हमारे नवनिर्वाचित 48 विधायक आपसे जल्द से जल्द मिलना चाहते हैं। इससे पहले आज आप नेता और मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्ली के उपराज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। एलजी ने उनसे नई सरकार बनाने तक पद पर बने रहने को कहा है। भाजपा, मुख्यमंत्री पद के लिए किसी चेहरे की घोषणा किए बिना ही चुनाव लड़ा था, ने सरकार के मुखिया को तय करने के लिए उच्च स्तरीय बैठकें शुरू कर दी हैं, जिसमें पांच नेता प्रमुख दावेदार के रूप में उभरे हैं। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को हराने वाले जाट समुदाय के नेता प्रवेश वर्मा जैसे प्रमुख चेहरे और सतीश उपाध्याय, विजेंद्र गुप्ता, आशीष सूद एवं पवन शर्मा जैसे संगठन के अनुभवी नेताओं की चर्चा हो रही है, लेकिन भाजपा का इतिहास अपेक्षाकृत कम चर्चित नेताओं को आगे बढ़ाने का रहा है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री पद के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति पर भाजपा की चर्चा राष्ट्रीय राजधानी से अपने सात लोकसभा सांसदों में से एक को चुनने से लेकर संभावनाओं के इर्द-गिर्द घूमती रही। एक अन्य सूत्र ने कहा कि संभावित मुख्यमंत्री सबसे अधिक जीत के अंतर से जीतने वाले नए विधायकों में से एक भी हो सकता है, भाजपा के एक नेता ने कहा कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व राजनीतिक समीकरणों के आधार पर पूर्वांचल की पृष्ठभूमि वाले किसी विधायक, सिख या महिला पर भी (शेष पृष्ठ 9)

# मणिपुर सत्ता परिवर्तन के लिए तैयार



इंफाल के राजभवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंपते मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, पार्टी विधायकों के साथ।

**पायनियर समाचार सेवा।** इम्फाल

**मणिपुर के** मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राजभवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की और मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंपा। आज ही उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। लंबे समय तक राज्य में हुई हिंसा के कारण वह आलोचना का सामना कर रहे थे। पार्टी के कई विधायक भी उनसे नाराज चल रहे थे। अपने इस्तीफे के जरिए मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि फ्री मूवमेंट रेजीम (एफएमआर) को सख्त और फूलप्रूफ संशोधित प्रणाली को जारी रखा जाए, जिसमें बायोमेट्रिक को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए और सीमा पर तेजी से निगरानी की जाए, जो अभी चल रही है। उन्होंने केंद्र से सीमा पर घुसपैठ पर नकेल कसने और अवैध अप्रवासियों के निर्वासन और ड्रग्स और नार्को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए नीति बनाने का भी अनुरोध किया।

सिंह के साथ भारतीय जनता पार्टी और एनपीएफ के 14 विधायक भी थे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ए शारदा और भाजपा के वरिष्ठ नेता संबित पात्रा भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। राज्यपाल से मुलाकात के बाद सिंह मुख्यमंत्री सचिवालय गए। उन्होंने राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में कहा, अब तक मणिपुर के लोगों की सेवा करना उनके लिए सम्मान की बात रही है। वह हर एक मणिपुरी की रक्षा के लिए केंद्रीय सरकार के समय पर हस्तक्षेप का आभारी हैं। सरकार ने विभिन्न विकासात्मक कार्यों को गति दी और विभिन्न परियोजनाओं को लागू किया। उन्हांने यह भी कहा कि केंद्र सरकार की निरंतर सहायता और मार्गदर्शन ने मणिपुर के विकास और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए। यह घटनाक्रम उनके दिल्ली से लौटने के कुछ ही घंटों बाद हुआ है।

शनिवार को सिंह ने सीएम सचिवालय में भाजपा नीत सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों के साथ बैठक की। यह बैठक विपक्षी कांग्रेस द्वारा सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग के मद्देनजर बुलाई गई थी। मई 2023 में राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। इस बीच, राज्य भाजपा अध्यक्ष ए शारदा ने पुष्टि की कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने राज्य के लोगों के हित में राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। उन्होंने मीडिया से कहा, उन्हें पार्टी से आगे के निर्देश मिलने का इंतजार हैं। शारदा ने जोर देकर कहा कि सिंह ने राज्य के विकास और अखंडता के लिए बहुत प्रयास किया। वह 3 मई, 2023 को जातीय हिंसा भड़कने के बाद से राज्य में शांति लाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा राज्य की अखंडता के लिए कड़ी मेहनत करती रहेगी। वहीं कांग्रेस ने मणिपुर के मुख्यमंत्री पद से (शेष पृष्ठ 9)

## बुद्ध सूत्र



बोधगया के महाबोधि मंदिर में कांग्युर (बौद्ध सूत्रों का तिब्बती नाम) जुलूस में तिब्बती बौद्ध भिक्षुओं ने भाग लिया। पीटीआई

# आतिशी का इस्तीफा, विधानसभा भंग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली की** मुख्यमंत्री आतिशी ने विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की करारी हार के एक दिन बाद रविवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। अधिकारियों ने बताया कि एलजी ने शनिवार आठ फरवरी से दिल्ली विधानसभा भंग कर दी थी। आतिशी ने रविवार को राज निवास में सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंपा। उधर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आप के नए विधायकों के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने सत्ता में रहते हुए जनता की उम्मीदों और समस्याओं को हल करने की जिम्मेदारी पर जोर दिया। इस बैठक पार्टी सभी 22 नवनिर्वाचित विधायक शामिल हुए। विस चुनाव में केजरीवाल को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन बैठक में उन्होंने एमएलए को साथ मिलकर आगे बढ़ने को कहा

उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा कि एलजी सक्सेना ने निवर्तमान मुख्यमंत्री को नई सरकार के गठन तक पद पर बने रहने को कहा है। भाजपा नेताओं के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अगले सप्ताह विदेश दौरे से लौटने के बाद भाजपा सरकार बनाने का दावा पेश कर सकती है। राज निवास ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, माननीय उपराज्यपाल वी के सक्सेना को आज मुख्यमंत्री आतिशी का इस्तीफा मिला। उन्होंने नई सरकार के गठन तक उन्हें (आतिशी) अपने पद पर बने रहने को कहा है। विधानसभा सचिवालय की ओर से एक दिन पहले जारी एक अधिसूचना में कहा गया, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली शासन अधिनियम, 1991 की धारा 6 की उपधारा (2)(बी) द्वारा मुझे प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए मैं, विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली का उपराज्यपाल आठ फरवरी 2025 से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सातवीं विधानसभा को भंग करता हूं।



नई दिल्ली में दिल्ली की मुख्यमंत्री व आप नेता आतिशी ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को सीएम पद से अपना इस्तीफा सौंपा। पीटीआई

अरविंद केजरीवाल ने पिछले साल सितंबर में भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद आतिशी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने रविवार को कहा कि पार्टी दिल्ली में रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी। वह जनादेश को पूरी विनम्रता से स्वीकार करते हैं। आप एक ऐसी पार्टी है जो अपनी गलतियों को समझती है, पहचानती है और उन पर काम करती है। हम निश्चित रूप से इस बात पर गौर करेंगे कि हमारा मतप्रतिशत क्यों कम हुआ है। हम एक रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि हम भाजपा को दिल्ली के लोगों से किए गए वादों के प्रति जवाबदेह बनाएं। इस बीच केजरीवाल ने कहा कि, (शेष पृष्ठ 9)

# जलवायु परिवर्तन से मेहमान पक्षियों का आना हुआ कम

**टीके रॉय।** नई दिल्ली

**वैश्विक जलवायु** परिवर्तन ने इस महीने राजधानी के राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (एनजेडपी) के वेटलैंड्स में आने वाले प्रवासी पक्षियों के आगमन को प्रभावित किया है, इसके साथ ही देश भर में ऐसे कई प्राकृतिक पर्यावास को भी प्रभावित किया है। हालांकि, इसके बावजूद राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में कॉमन टील, कॉमन सैंडपाइपर और ग्रेट कॉर्मोरेंट सहित अप्रवासी जल पक्षियों की कुछ प्रजातियों का स्वागत करने में सफलता मिली है। इस जानकारी को साझा करते हुए, प्रख्यात पारिस्थितिकीविद् टीके रॉय ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (एनजेडपी) में पिछले कई दशकों से चार छोटे वेटलैंड्स का समूह है जो स्थानीय और प्रवासी दोनों तरह के जल पक्षियों और विशेष रूप से प्रजनन करने वाले पक्षी पेंटेड स्टॉर्क की बड़ी प्रजनन कॉलोनी के लिए आवास के लिए अनुकूल है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जल पक्षी जनगणना का हिस्सा एशियाई जल पक्षी जनगणना (एडब्ल्यूसी) ने इस वर्ष आंशिक रूप से कम जल पक्षी प्रजातियों की विविधता दर्ज की है। इस संबंध में वस्तिार से जानकारी देते हुए रॉय ने बताया कि कुल जनसंख्या 609 में 19 प्रजातियों में 16 स्थानीय प्रजातियां और तीन प्रवासी प्रजातियां शामिल हैं, जबकि जल पक्षी जनगणना में वर्ष 2024 में कुल जनसंख्या 1,249 में 17 प्रजातियों में 15 स्थानीय प्रजातियां और 02 प्रवासी प्रजातियां शामिल हैं। वर्ष 2025 में तीन प्रवासी प्रजातियों में केवल एक कॉमन सैंडपाइपर, एक ग्रेट कॉर्मोरेंट, तीन कॉमन टील और 16 निवासी प्रजातियों में से मुख्य रूप से 382 पेंटेड स्टॉर्क, 58 इंडियन कॉर्मोरेंट, 37 लिटिल इग्रेट, 41 ग्रेट व्हाइट पेलिकन, 19 इंडियन स्पॉट-बिल्ड डक और 19 कॉमन मूरहेन शामिल हैं, जबकि पिछले वर्ष (2024) 15 प्रवासी प्रजातियों में मुख्य रूप से पेंटेड स्टॉर्क 985, इंडियन कॉर्मोरेंट 127 ग्रेट व्हाइट पेलिकन 46, कॉमन मूरहेन 17, ब्लैक-हेडेड आइबिस 12, इंडियन स्पॉट-बिल्ड डक 10 शामिल थे।





रॉय ने कहा कि वेटलैंड्स इंटरनेशनल की वार्षिक एशियाई जल पक्षी जनगणना वैश्विक अंतरराष्ट्रीय जल पक्षी जनगणना का हिस्सा है, जो भारत सहित एशिया और ऑस्ट्रेलिया के 27 देशों में जनवरी के महीने में की जाती है। इस अभ्यास में राष्ट्रीय समन्वयक द्वारा पुष्टि की गई वार्षिक तिथियों के अनुसार एडब्ल्यूसी राज्य समन्वयकों के समन्वय में सक्रिय स्वयंसेवक शामिल हैं। एडब्ल्यूसी वैश्विक स्तर पर आर्द्रभूमि और जलपक्षियों के संरक्षण और प्रबंधन का समर्थन करता है। (शेष पृष्ठ 9)

# सूखे से शिमला में सेब उत्पादकों की बढ़ी चिंता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लंबे समय** से सूखे की स्थिति के कारण शिमला के किसानों को सेब की फसल को लेकर चिंता सता रही है, क्योंकि अब उत्पादन में कमी आने का खतरा है। पारंपरिक किस्मों के लिए वांछित शीत घंटे (7 डिग्री सेल्सियस से नीचे 1,200 से 1,600 घंटे) और शुरुआती किस्मों के लिए 600 घंटे इस मौसम में नहीं आए हैं। फल सब्जी फूल उत्पादक संघ के अध्यक्ष हरीश चौहान ने रविवार को मीडिया को बताया कि प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण किसानों को नए बागान लगाने से भी रोका गया है। राज्य में लगभग 90 प्रतिशत सेब उत्पादक अभी भी पारंपरिक किस्मों पर ही निर्भर हैं, जबकि शेष ने उच्च घनत्व वाले बागानों को अपनाया है।

चौहान ने कहा, सर्दियों के महीनों में बर्फबारी से कीड़े और बीमारियां भी मर जाती हैं, लेकिन हम पिछले तीन वर्षों से मौसम में एक महीने का बदलाव देख रहे हैं, जिससे सेब उत्पादन प्रभावित हुआ है। मौसम विशेषज्ञ संदीप शर्मा ने बताया कि राज्य में पिछले साल अक्टूबर में 97 प्रतिशत, नवंबर में 99 प्रतिशत और इस जनवरी में 84 प्रतिशत बारिश की कमी देखी गई, जो वर्ष 1901 के बाद से नौवां सबसे कम है। कुल मिलाकर, मानसून के बाद के मौसम (अक्टूबर से दिसंबर) में बारिश की कमी 41 प्रतिशत थी, दिसंबर एकमात्र अपवाद था, जिसमें 21 प्रतिशत अधिक बारिश हुई थी। मौसम विभाग ने बताया कि 1 से 9 फरवरी तक बारिश की कमी 38 प्रतिशत थी, जिसमें राज्य में 26.3 मिमी की सामान्य वर्षा के मुकाबले 16.2 मिमी वर्षा हुई। सर्दियों के दौरान पर्याप्त ठंड के घंटे और नमी अच्छी सेब की फसल के लिए आवश्यक है, जबकि फूल आने के समय ओलावृष्टि हानिकारक साबित होती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, उचित ठंड के लिए तापमान 7 डिग्री से नीचे रहना चाहिए, जो अक्षांश के साथ बदलता रहता है क्योंकि सेब उगाने वाला क्षेत्र मुख्य रूप से समशीतोष्ण क्षेत्र में आता है। संधू गांव के सेब बागवान सुजात चौहान ने कहा कि तापमान में वृद्धि से सेब उत्पादन को नुकसान पहुंचता है, जबकि निचली पहाड़ियों में गुठलीदार फलों में जल्दी अंकुरण से उपज और फसल प्रभावित हो सकती है। अन्य सेब उत्पादक (शेष पृष्ठ 9)

# जनता ने झूठ की गारंटी देने वालों को बाहर कर दिया: अनुराग ठाकुर

**लखनऊ।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हिमाचल प्रदेश के भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया कि वह दिल्ली की निवर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना को हराने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन खुद हार गए। उन्होंने यह भी कहा कि आप की अंदरूनी फूट सामने आ गई है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद आतिशी मार्लेना के डांस वाले लीक वीडियो क्लिप के बारे में पूछे जाने पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि ँअरविंद केजरीवाल की राजनीति देखिए, अन्ना हजारे के कंधों पर चढ़कर वह राजनीति में आए, उन्होंने उन्हें ही खत्म कर दिया। केजरीवाल ने अपनी पार्टी बना ली, फिर उन्होंने अपनी पार्टी के संस्थापक सदस्यों को खत्म कर दिया। अरविंद केजरीवाल की टीम पूरी ताकत से (केजरीवाल सरकार के) मंत्रियों को खत्म करने में लगी थी। (दूसरों को खत्म करते-करते) केजरीवाल खुद खत्म हो गए। ठाकुर ने कहा कि आतिशी का नाम चुनाव बैनर, पोस्टर और पूरे चुनाव प्रचार से हटा दिया गया। उन्हें उनके विधानसभा क्षेत्र में हराने की कोशिश की गई और जब ऐसा नहीं हुआ, तो छाती पर नाच हुआ। कहीं न कहीं, आप (आम आदमी पार्टी) की अंदरूनी फूट उभर कर सामने आई है।

ठाकुर ने कहा कि आतिशी अन्य दिल्लीवासियों की तरह पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व उपमुख्यमंत्री की हार पर अपनी खुशौ व्यक्त कर रही थीं। ठाकुर ने कहा कि शराब घोटाले का ठीकरा वे सिसोदिया पर फोड़ना चाहते थे, लेकिन हमने तब भी कहा था कि केजरीवाल ही इसके सरगना हैं। अदालत ने उन्हें दंडित किया और वह फिलहाल जमानत पर हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, जो अंदर ही अंदर अपने लोगों को खत्म करने की कोशिश कर रहे थे, वह सज्जन खुद ही खत्म हो गए। अब बगावती सुर कितने बुलंद होंगे, इसके लिए कुछ दिन और इंतजार कीजिए। चूंकि यह जो नाच आपने देखा है, वह सिर्फ एक विधानसभा (सीट) जीतने का नहीं है। अब देखते हैं आगे क्या होता है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के बारे में ठाकुर ने लखनऊ दौरे में कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत के पीछे एक बड़ा कारण मोदी की गारंटी थी और इसके पूरे होने की पूरी गारंटी है। और, जनता ने झूठ की गारंटी देने वालों को बाहर कर दिया है और इस बात की पक्की गारंटी दी है कि वह (केजरीवाल) फिर कभी सत्ता में नहीं आएंगेौ उन्होंने कहा कि इसके अलावा दिल्ली की जनता कुशासन और भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी थी। अब दिल्ली में मोदी, देश में मोदी है और संकल्प से सिद्धि की ओर जाने वाले रास्ते खुल गए हैं। विकसित दिल्ली बनाने के लिए भाजपा को चुना गया है। हमने जो वादे किए हैं, उन्हें हम पूरा करेंगे, यही मोदी की गारंटी है।

जब ठाकुर से पूछा गया कि दिल्ली का नया मुख्यमंत्री कौन होगा तब पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा विधायक और भाजपा संसदीय बोर्ड जिसे चाहेगा, वही दिल्ली का मुख्यमंत्री होगा, लेकिन, वह व्यक्ति ही होगा जो दिल्ली को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने कुंभ में संगम में डुबकी लगाने के अपने अनुभव को भी शानदौर बताया। इंडिया गठबंधन के भविष्य पर टिप्पणी करते हुए, पांचवीं बार के सांसद ठाकुर ने कहा कि वे (इंडिया गठबंधन) सात महीने भी साथ नहीं चल पाए और यह साथ टूट गया। और, प्यार हुआ, इकरार हुआ, फिर टकराव हुआ और फिर टकराव के बाद बिखराव हुआ। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत पर पर ठाकुर ने कहा, जब तक राजनीतिक दल जनता के वोटों का अपमान करते रहेंगे, तब तक वे यह नहीं समझ पाएंगे कि जनता उन्हें बार-बार क्यों नकार रही है।



## केजरीवाल से बड़े अराजकतावादी बनने की कोशिश कर रहे राहुल गांधी

**लखनऊ।** हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनुराग ठाकुर ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अरविंद केजरीवाल से भी बड़ा अराजकतावादी बनने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता कभी अर्बन नक्सल को स्वीकार नहीं करेगी। ठाकुर ने लखनऊ में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, मेरा विपक्ष से एक बड़ा सवाल है। आप कब तक अपनी हार के लिए अलग-अलग संस्थाओं और व्यवस्थाओं को जिम्मेदार ठहराते रहेंगे? यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में 60 साल तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस पार्टी संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रही है और हंसी का पात्र बन रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष कभी भी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ का कोई सुबूत नहीं दे सका और आरोप लगाने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने कहा, जब आप बार-बार जनता को अपमानित करने की कोशिश करते हैं तो जनता बार-बार आपको संदेश देने की कोशिश करती है। ठाकुर ने कहा कि और, राहुल गांधी (लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी) संदेश बहुत स्पष्ट है कि अराजकता की राजनीति के रास्ते पर चलकर आप केजरीवाल से भी बड़े अराजकतावादी बनना चाहते हैं। जनता कभी भी अर्बन नक्सल को स्वीकार नहीं करेगी। अगर आप भारत के खिलाफ बोलेंगे, तो लोग आपको कभी स्वीकार नहीं करेंगे। अगर आप संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाएंगे, तो लोग आपको हमेशा नकारेंगे। अगर आप भारत में रहेंगे और भारत विरोधी रास्ते पर चलेंगे, तो लोग आपको स्वीकार नहीं करेंगे।

# महाकुम्भ आस्था का महासंगम है: पुष्कर सिंह धामी

● उत्तराखंड मुख्यमंत्री ने 2027 में हरिद्वार में होने वाले अर्धकुम्भ के लिए सभी को किया आमंत्रित



**लखनऊ/महाकुम्भ नगर।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी महाकुम्भ 2025 के पावन अवसर पर रविवार को प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महाकुम्भ को आस्था का महासंगम करार दिया और कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि यह महाकुम्भ हमारे युग में आया है। उन्होंने महाकुम्भ के भव्य आयोजन के लिए पीएम मोदी और सीएम योगी की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड मंडपम का भी निरीक्षण किया। साथ ही वह सेक्टर 8 में आयोजित ज्ञान महाकुंभ में भी हिस्सा लेने पहुंचे।

प्रयागराज पहुंचने पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह आस्था का महासंगम है। हमारे देश के करोड़ों लोग यहां पवित्र स्नान कर रहे हैं। हम सौभाग्यशाली हैं कि यह महाकुम्भ हमारे युग में आया है। उन्होंने हम मां गंगा, यमुना और सरस्वती से प्रार्थना करेंगे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश निरंतर समृद्धि और प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ता रहे।ष् उन्होंने सीएम योगी को भी भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद कहा।

यहां से सीएम धामी ने महाकुम्भ 2025 में स्थापित उत्तराखंड मंडपम का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखंड मंडपम में आए श्रद्धालुओं से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने श्रद्धालुओं से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और उनकी सुविधा को लेकर संतोष जताया। यह मंडपम उत्तराखंड से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाओं से सुसज्जित हैए जिससे वे अपनी आध्यात्मिक यात्रा को सहजता से पूरा कर सकें। महाकुम्भ 2025 में देश.विदेश से करोड़ों श्रद्धालु संगम में पुण्य स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। उत्तराखंड मंडपम जैसे केंद्र उन्हें विशेष सुविधाएं प्रदान कर रहे हैंए जिससे उनकी यात्रा और अधिक स्मरणीय बन सके।

पुष्कर सिंह धामी ने सेक्टर 08, प्रयागवाल मार्ग में आयोजित 'ज्ञान महाकुंभ' में भी सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने धार्मिक] आध्यात्मिक और बौद्धिक विमर्शों पर अपने विचार साझा किए और आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहाए ष्शिक्षा के प्रचारदृप्रसार के लिए इस ज्ञान महाकुंभ का आयोजन किया गया है। निश्चित रूप से यह ज्ञान महाकुंभ हमारी आने वाली नई पीढ़ी के विद्यार्थियों को एक नई दिशा देने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की पवित्र धरा पर हो रहे 'ज्ञान महाकुंभ' में शैक्षिक प्रदर्शनी, संगोष्ठियां, छात्र, महिला और आचार्य सम्मेलन जैसे विभिन्न आयोजनों के माध्यम से युवाओं में भारतीय ज्ञान परंपरा की चेतना को जागृत किया जा रहा है। उन्होंने आगामी वर्ष 2027 में हरिद्वार में होने वाले अर्धकुम्भ के लिए सभी को आमंत्रित किया।

# दुधवा वन्य जीव अभ्यारण्य और लखनऊ की चिकनकारी देखेगी दुनिया

● उप्र में पर्यटन सेक्टर में बदलते परिवेश के माध्यम से विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने की रणनीति

**लखनऊ।** योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पर्यटन में बड़ी उड़ान भर रहा है। प्रयागराज महाकुंभ हो, अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध दुधवा राष्ट्रीय उद्यान हो या फिर लखनऊ की प्रसिद्ध चिकनकारीए राज्य के विभिन्न आकर्षणों से अब दुनिया परिचित होगी। ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ब्रिटेन के प्रसिद्ध ट्रैवल राइटर्स की फैम ट्रिप का आयोजन कर रहा है, जो प्रयागराजए लखनऊ और दुधवा का भ्रमण करेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सॉरचा मैरेड ब्रैडली और एलेक्ज़ेंड्रा निकोल लोवेट ब्रिटेन के सुप्रसिद्ध ट्रैवल राइटर हैं। इनके साथ ब्रिटेन से ओइनोन जुडिथ डेल भी आ रही हैं। ये दल 24 फरवरी को दिल्ली पहुंचेगा। 25 फरवरी को सभी लोग प्रयागराज के लिए रवाना होंगे। 25.26 फरवरी को प्रयागराज में महाकुंभ सहित अनेक धार्मिकए ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। 27 फरवरी को लखनऊ के प्रसिद्ध आकर्षणों, विशेषकर चिकनकारी को देखेंगे। यहां से 28 फरवरी को दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के लिए रवाना हो जाएंगे।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि दुधवा वन्य जीव अभ्यारण्य घने जंगलों और ऊंचे घास के मैदानों के लिए प्रसिद्ध है। यहां बाघ, तेंदुए समेत विभिन्न प्रकार के हिरण, हाथी, गीदड़, लकड़बग्घे आदि पाए जाते हैं। दुधवा में गैंडे बहुतायत हैं। ब्रिटिश दल इन विशेष आकर्षणों का अनुभव लेगा। तीन मार्च को लखनऊ और फिर वहां से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएगा। दिल्ली से चार मार्च को लंदन के लिए प्रस्थान करेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि टूरिज्म के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश तेजी गति से आगे बढ़ रहा है। राज्य घरेलू पर्यटकों की पहली पसंद हैं। शीघ्र ही विदेशी पर्यटन के मामले में भी हम यह उपलब्धि हासिल करेंगे। क्योंकि, उप्र के पास विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने की पूरी क्षमता है। इसकी जानकारी पर्यटकों तक पहुंचाने की आवश्यकता है, जिसे वृहद स्तर पर किया जा रहा है। इसी क्रम में यह फैम ट्रिप भी कराई जा रही है।

# ग्राम चौपालों में चार लाख 67 हजार से अधिक समस्याओं का किया गया निस्तारण

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपालए (गांव की समस्या.गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण में नये मानकों के अनुरूप नये पात्र लाभार्थियों के चयन में ग्राम चौपालो की अहम् भूमिका रहेगी। इन चौपालों में संबंधित ग्राम सभाओं के पात्रों के चयन में पारदर्शिता का विधिवत आंकलन भी हो जायेगा।

ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1313 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, 3539 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 3213 ब्लाकस्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5765 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 71 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग एस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 01 लाख 24 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है, 84 लाख 34 हजार से अधिक ग्रामवासी मौजूद रहे और 04 लाख 67 हजार से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने वाले पूर्वोत्तर के पहले मुख्यमंत्री बने तमांग

● कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने भी लगाई पावन डुबकी



**लखनऊ/महाकुम्भ।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। वे इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने वाले पूर्वोत्तर भारत के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। मुख्यमंत्री तमांग ने संगम स्नान को एक आध्यात्मिक रूपांतरण का अनुभव बताते हुए कहा कि यह उनके लिए गहरी शांति और आत्मिक उत्थान का क्षण था। इस दिव्य आयोजन में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। लाखों श्रद्धालु यहां आस्था और भक्ति के साथ एकत्र हुए हैंए और इस ऊर्जा को महसूस करना अत्यंत प्रेरणादायक है। मुख्यमंत्री तमांग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद देता हूंए जिन्होंने मुझे महाकुम्भ 2025 का हिस्सा बनने और त्रिवेणी संगम में स्नान करने का अवसर प्रदान किया।

मुख्यमंत्री तमांग के साथ सिक्किम से आए 135 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भी महाकुम्भ में भाग लिया और संगम में स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। उन्होंने प्रयागराज प्रशासन द्वारा की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की सराहना की और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तथा अन्य अधिकारियों का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। मुख्यमंत्री तमांग ने त्रिवेणी संगम के पवित्र जल से आशीर्वाद लेकर समस्त देशवासियों के लिए धर्म, शांति और सद्भाव की कामना की। प्रयागराज महाकुम्भ मेले में कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने भी रविवार को परिवार सहित त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई। 144 वर्ष में आयोजित हो रहे इस महाकुम्भ में शामिल होकर उन्होंने खुशी जाहिर की।

# भाजपा मतदाता के वोट का अधिकार छीन रही है: अखिलेश



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने मिल्कीपुर में वोटो की लूट की। एक विधानसभा जीतने के लिए पूरी ताकत लगाकर बेईमानी की। अखिलेश यादव ने कहा कि मिल्कीपुर में चुनाव नहीं हुआ। मिल्कीपुर में चुनाव लूटा गया। जनता भाजपा की बेईमानी, लूट और झूठ को देख रही है। पीडीए समाज के लोग और मतदाता देख रहे हैं कि भाजपा उनके साथ कैसा भेदभाव कर रही है। उनके वोट का अधिकार छीन रही है। रविवार को आगरा में मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि मिल्कीपुर लूट कर जो अहंकार का प्रदर्शन कर रहे हैं वे यह समझ ले कि लोकसभा चुनाव में अयोध्या की हार को मिल्कीपुर की झूठी जीत बराबर नहीं कर सकती है। भाजपा की अयोध्या की हार हमेशा के लिए इतिहास में दर्ज हो चुकी है। मिल्कीपुर से उसका बदला नहीं हो सकता है। अयोध्या की जनता ने लोकसभा चुनाव में सपा को जिताया था। सपा मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव भी जीत जाती लेकिन भाजपा ने पूरी सरकार लगाकर बेईमानी की। वोटो की लूट की। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने उपचुनाव में भले ही बेईमानी और लूट कर ली लेकिन विधानसभा चुनाव 2027 में 403 विधानसभा सीटों पर भाजपा की चार सौ बीसी नहीं चलेगी। जनता भाजपा की बेईमानी और लूट का जवाब देगी। एक सवाल के जवाब में श्री अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत है। भविष्य में और मजबूत होगा। हर हार से सीखा जाता है। हार से सीखना ही भविष्य का रास्ता बनाता है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार कुंभ हादसे में मरने वालों की संख्या छिपा रही है। संख्या इसलिए छिपा रही है जिससे मुआवजा नहीं देना पड़े। कुंभ में बड़े पैमाने पर जान गयी है। इसके साथ ही महाकुंभ आने.जाने की यात्रा के दौरान दुर्घटनाओं में भी बहुत लोगों की जान गयी है। कुंभ की यात्रा के दौरान जिन लोगों की जान गयी है सरकार उन सबकी मदद करें।

## मायावती का सपा प्रमुख से सवाल, मिल्कीपुर में बसपा नहीं लड़ी तो सपा कैसे हारी?

● दूसरे पार्टियों को हुए नुकसान के पीछे सत्ता में रही आप पार्टी की सरकार जिम्मेदार

**लखनऊ।** दिल्ली विधानसभा व यूपी के मिल्कीपुर विधानसभा सीट को लेकर रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रतिक्रिया दी है। मायावती ने मिल्कीपुर में हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की करारी हार पर पूछा है कि बसपा के इस सीट पर चुनाव न लड़ने के बावजूद सपा की इतनी शर्मनाक हार कैसे हुई? इस पर सपा के जवाब का लोगों को इंतजार है क्योंकि यूपी में पिछली बार हुए उपचुनाव में सपा ने अपनी पार्टी की हार की ठीकरा बीएसपी के ऊपर टालने का राजनीतिक प्रयास किया था। बसपा सुप्रीमो ने कहा है कि ऐसे में एक बार फिर सर्वसमाज के लोगों में भी खासकर यूपी के गरीबों, मजदूरों, दलितों, अन्य पिछड़ों तथा मुस्लिम एवं अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों से यही कहना है कि भाजपा, कांग्रेस व सपा आदि जातिवादी पार्टियाँ उनकी हितैषी नहीं बल्कि अधिकतर मामलों में शोषक हैं तथा इन सभी लोगों का हित केवल अम्बेडकरवादी बीएसपी व पार्टी की सरकार में ही निहित व सुरक्षित रह सकता है। यूपी इसकी ख़ास मिसाल है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली की जनता ने 'हवा चले जिधर की, चलो तुम उधर की' के तर्ज़ पर विधानसभा आमचुनाव में वोट देकर भाजपा की सरकार दिल्ली में बना दी है, तो केन्द्र की भाजपा सरकार का उत्तरदायित्व बनता है कि वह दिल्ली की लगभग दो करोड़ जनता से किए गए जनहित व जनकल्याण के तमाम वादों और गारण्टियों आदि को पूरी ईमानदारी व निष्ठा से जल्दी पूरा करे।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैने अपना नाम मोहम्मद शमीम अहमद से बदलकर मोहम्मद शमीम अहमद अंसारी पुत्र अब्बास अली अंसारी पता 126, शेखवाडा, उन्नाव भविष्य के लिए कर लिया है।

**सूचना**

मैने अपना नाम मोहम्मद यूसुफ से बदलकर मो० यूसुफ पुत्र मोहम्मद आरिफ सिदिकी 194/3, जे.के.कॉलोनी जाजमऊ, कानपुर भविष्य के लिए कर लिया है।

**सूचना**

हमने अपना नाम अंकित कुमार से बदलकर अंकित कुमार अरोरा कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए, अंकित कुमार अरोरा पुत्र गुलशन कुमार नि0 124/ए/159, गोविंद नगर कानपुर

# महिला मुखिया के नाम ही आवंटित होंगे ग्रामीण पक्के आवास: केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के अन्तर्गत दिये जाने वाले पक्के आवास केवल महिला मुखिया के नाम ही स्वीकृति किये जाएं तथा जनपद स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा कर इसे सुनिश्चित कराया जाए, जो आवास पुरूष के नाम स्वीकृत हैं, उनके साथ महिला मुखिया का नाम अनिवार्य रूप से आवास सॉफ्ट पर उपलब्ध विकल्प माध्यम से जोड़ा जाए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत आवासों का आवंटन महिला मुखिया अथवा पति-पत्नी दोनो के संयुक्त नाम से किया जा रहा है। महिला मुखिया के नाम आवास स्वीकृत किये जाने के पीछे उद्देश्य यह है कि उनके भीतर स्वामित्व का भाव आये तथा समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके।

ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत महिला मुखिया के नाम स्वीकृत आवास 40ण्14 प्रतिशत है तथा पति.पत्नी के संयुक्त नाम से स्वीकृत आवास का प्रतिशत 51ण्74 है। इस तरह कुल 91ण्87 प्रतिशत आवास महिला मुखिया अथवा पति.पत्नी दोनो के संयुक्त नाम से स्वीकृत किये गये है। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत 29ण्25 प्रतिशत आवास महिला मुखिया तथा 37ण्78 प्रतिशत आवास पति.पत्नी दोनों के संयुक्त नाम से स्वीकृत किये गये हैं। इस तरह कुल 67ण्03 प्रतिशत आवास महिला मुखिया अथवा पति.पत्नी दोनों के संयुक्त नाम से स्वीकृत किये गये हैं। उप मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिन लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना. ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना. ग्रामीण के तहत पक्के आवास दिए गए हैंए उनमें से जिनके आवास तक आने.जाने हेतु मार्ग व जल निकासी की व्यवस्था न होए तो मनरेगा से सीसी रोडध्खड़ंजा मार्ग व जल निकासी हेतु प्रापर व्यवस्था की जाय। उन्होंने कहा कि आवास योजना के लाभार्थियों को निरूशुल्क विद्युत कनेक्शनए निरूशुल्क गैस कनेक्शनए आयुष्मान कार्डए शौचालयए 90ध्95 दिन की मनरेगा से मजदूरीए आदि व्यवस्थाएं तो की ही गयी हैंए उनके आवास के सामने सहजन का पेड़ लगानेए उन्हें सोलर लाइट की सुविधा देने जैसी अन्य वाजिब सुविधाएं देने के लिए प्लान बनाया जाय। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण के तहत नये पक्के आवास देने हेतु लाभार्थियों के सर्वे का कार्य चल रहा हैए इसका फीड बैक नियमित रूप से लिया जाए और निरन्तर समीक्षा की जाय, सर्वे की गति बढ़ाने के लिए हर सम्भव उपाय किये जाय, ताकि निर्धारित समय सीमा 31 मार्च 2025 तक सर्वे का कार्य अनिवार्य रूप से सम्पन्न हो जाय। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग की सभी योजनाओं का बजट समय से व्यय करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग एस प्रियदर्शी द्वारा बताया गया सभी मुख्य विकास अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश. निर्गत कर दिये गये है।

# नेफेड के माध्यम से अब तक 1000 मीट्रिक टन से अधिक राशन संतों, कल्पवासियों को किया गया वितरित




**लखनऊ/महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ में श्रद्धालुओंए संतों और कल्पवासियों के लिए राशन की विशेष व्यवस्था की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार की पहल पर नैफेड (एनएएफईडी) के माध्यम से आटाए दालए चावल और अन्य जरूरी सामान सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। श्रद्धालु इसे व्हाट्सएप और कॉल के जरिए भी मंगवा सकते हैं। अब तक 1000 मीट्रिक टन से अधिक राशन सिर्फ नेफेड के माध्यम से संतोंए महात्माओं में वितरित किया जा चुका है। इस काम के लिए पूरे महाकुम्भनगर में बीस मोबाइल वैन लगातार दौड़ाई जा रही हैं। जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

महाकुम्भ में आए संतों, उनके आश्रमोंए कल्पवासियों और श्रद्धालुओं के लिए मोबाइल वैन के जरिए राशन की डिलीवरी की जा रही है। नैफेड के राज्य प्रमुख रोहित जैमन ने बताया कि गृह मंत्रालय और यूपी सरकार मिलकर महाकुम्भ में राशन वितरण की इस विशेष योजना को संचालित कर रहे हैं। एमडी दीपक अग्रवाल इस पूरी योजना की मॉनिटरिंग खुद कर रहे हैं। श्रद्धालु और कल्पवासी 72 75 78 18 10 पर कॉल या व्हाट्सएप के जरिए राशन ऑर्डर कर सकते हैं। इसके तहत सस्ती दरों पर राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमें आटाए चावल 10.10 किलो के पैकेट में और दालें एक किलो के पैकेट में दी जा रही हैं। गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में इस योजना को लागू किया गया है। अब तक 700 मीट्रिक टन आटाए 350 मीट्रिक टन दाल ;मूंगए मसूरए चना दाल द्ध और 10 मीट्रिक टन चावल वितरित किया जा चुका है। श्रद्धालुओं और कल्पवासियों के बीच नैफेड का प्रोडक्ट और भारत ब्रांड खूब पसंद किया जा रहा है।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 10 फरवरी 2025



# प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के विजेताओं को राज्यपाल ने किया सम्मानित




**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में आयोजित त्रिदिवसीय 56वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2025 के अवसर पर रविवार प्रदर्शनी के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि राजभवन आम जनता के लिए है और इसे एक जनभवन के रूप में विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक के लिए आमजन राजभवन आते हैं, जिससे उन्हें विशेष प्रसन्नता होती है। इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि छोटे-छोटे बच्चे यहां घूम रहे हैं, खेल रहे हैं और आनंद ले रहे हैं, जो राजभवन के गौरव और सम्मान को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि दूसरों को भी सम्मान दें और उनके गौरव में वृद्धि करें।

राज्यपाल ने कहा कि प्रदर्शनी और अन्य आयोजनों के माध्यम से राजभवन को एक शैक्षणिक भवन बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे विश्वविद्यालयों, स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थी, शिक्षक और अन्य गणमान्य व्यक्ति यहां आकर ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त कर सकें। उन्होंने राजभवन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आलू क्रेता-विक्रेता सम्मेलन-2025 का उल्लेख करते हुए बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य आलू उत्पादकों, व्यापारियों और निर्यातकों को एक मंच पर लाकर आलू व्यापार और निर्यात को नई दिशा देना था। इस कार्यक्रम के दौरान आलू उत्पादक संगठनों एवं निर्यातकों के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य राज्य के आलू उत्पादकों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ना और निर्यात प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाना है।

ज्ञातव्य है कि अंतर्राष्ट्रीय आलू क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में ताजी सब्जी एवं फल निर्यातक संघ(वाफा) तथा 5 किसान उत्पादक कम्पनियों (एफपीओ) के बीच एमओयू हस्ताक्षरित हुए, जिसके अंतर्गत निर्यातक कम्पनियों द्वारा (वाफा) के माध्यम से गुणवत्तायुक्त आलू की खरीददारी की जाएगी। इसके अतिरिक्त मंत्रा एग्री साल्यूशन्स एवं बिसौली ग्रीन ऑग्रेनिक प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित हुआ।

राज्यपाल ने उपस्थित दर्शकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को केवल आलू पर निर्भर न रखें, बल्कि उन्हें मौसमी सब्जियां और ताजे फल खिलाएं, जिससे वे शारीरिक रूप से अधिक स्वस्थ और सशक्त बन सकें। उन्होंने पुष्प प्रदर्शनी में भाग लेने वाले बच्चों और महिलाओं की विशेष सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है, बल्कि समाज में रचनात्मकता और सौंदर्यबोध की भावना भी विकसित होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त कर भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित भी किया।

राज्यपाल ने प्रदर्शनी के दौरान आयोजित हेल्थ कैंप की विशेष रूप से चर्चा की और बताया कि इस शिविर में जांच कराने वाले किसानों को नि:शुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं और अपनी स्वास्थ्य जांच अवश्य कराएं। दर्शकों की मांग को देखते हुए राज्यपाल ने प्रदर्शनी की अवधि एक दिन और बढ़ाने की घोषणा की। अब यह प्रदर्शनी 10 फरवरी तक सभी दर्शकों के लिए खुली रहेगी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को लेकर जनता में जो उत्साह है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है और इससे यह प्रदर्शनी और अधिक सफल हो रही है।

राज्यपाल ने व्यक्तिगत वर्ग में सर्वाधिक अंक हासिल करने पर विजेता श्री विश्व नारायण श्रीवास्तव को प्रथम पुरस्कार 51,000 रुपये, ओम प्रकाश लोधी को द्वितीय पुरस्कार 31,000 रुपए, क्राइस्ट चर्च कालेज, लखनऊ को तृतीय पुरस्कार 11,000 रुपए तथा सर्वोत्तम प्रदर्शनी विजेता आदित्य कुमार को 11,000रुपए प्रदान कर सम्मानित किया। प्रदर्शनी में सरकारी क्षेत्र में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने हेतु 11,000 रुपए का पुरस्कार अधीक्षक राजभवन उद्यान, लखनऊ को प्रदान किया।

फूलों से बनी नवीन आकृतियों में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर को गणेश जी की प्रतिमा तथा लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को सौरमण्डल के लिए संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, आयुक्त आवास विकास परिषद, लखनऊ को राम मंदिर के लिए द्वितीय स्थान तथा डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल विश्वविद्यालय, लखनऊ को प्यारा घर हेतु तृतीय स्थान से सम्मानित किया गया। इसके साथ-साथ उन्होंने समस्त वर्गों के समस्त विजेताओं को भी पुरस्कृत किया। प्रदर्शनी में गमलों में सदाबहार पत्तीवाले पौधों, गुलाब व अन्य पौधों, जेल में शाकभाजी उत्पादों, मशरूम की खेती, व्यवसायिक फल संरक्षण, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, मौनपालकों द्वारा शहद, कैक्टस, बोंसाई आदि प्रदर्शों के विजेताओं को राज्यपाल द्वारा चल वैजयंती एवं चल कप पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समारोह में राज्यपाल ने कुल 81 पुरस्कार, जिसमें 20 चल वैजयंती, 5 चल कप, कलात्मक पुष्प सज्जा महिला वर्ग को 20 पुरस्कार, कलात्मक पुष्प सज्जा 4 से 9 आयु वर्ग को 18 पुरस्कार, कलात्मक पुष्प सज्जा 10 से 16 आयु वर्ग को 18 एवं 6 पुरस्कार विशेष आकर्षण आकृतियों हेतु वितरित किए। विभागीय अधिकारियों द्वारा अन्य 141 प्रतिभागियों में 213 पुरस्कार तथा शेष विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में 1350 पुरस्कार वितरित किए गए। प्रदर्शनी में 1,777 प्रतिभागियों द्वारा 8,023 प्रदर्श लगाये गये।

इस अवसर पर प्रदेश के मुख्य सचिव, मनोज कुमार सिंह ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश पूरे देश में एग्रीकल्चर का पावर हाउस है और भारत दुनिया में एग्रीकल्चर का पावर हाउस बनकर उभर रहा है। जलवायु, उपजाऊ भूमि और कृषि ज्ञान के कारण उत्तर प्रदेश कृषि के क्षेत्र में देश का प्रमुख राज्य है। मुख्य सचिव ने राज्यपाल की क्रिएटिव सोच और नवाचार की भावना की सराहना करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से इस बार की प्रदर्शनी अत्यंत रचनात्मक और ज्ञानवर्धक बनी। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी से न केवल किसानों को लाभ मिला, बल्कि विद्यार्थियों और आमजन को भी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुईं। उन्होंने राज्यपाल जी को इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी ऐसे नवाचार होते रहेंगे। अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बी.एल. मीणा ने अपने संबोधन में बताया कि इस वर्ष की पुष्प प्रदर्शनी में प्रतिभागियों की संख्या में 20 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। साथ ही, पुरस्कार राशि में भी बढ़ोतरी की गई है, जिससे प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन हुआ है।

# मेट्रो ने फूलों से बनी आकृति श्रेणी में जीता प्रथम पुरस्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**राजभवन** प्रदर्शनी में यूपी मेट्रो ने फूलों से बनी आकृति श्रेणी में जीता प्रथम पुरस्कार एमडी को राज्यपाल ने पुरस्कार प्रदान किया। लखनऊ मेट्रो ईस्ट.वेस्ट कोरिडोर में लोगों द्वारा खास दिलचस्पी दिखाई गयी। मेट्रो टॉय ट्रेन बच्चों की पहली पसंद बनी। लखनऊ, कानपुर एवं आगरा के ट्रेन मॉडल द्वारा दिल जीत लिया गया। ग्रीन मेट्रो को समर्पित मेट्रो के प्रयास। यूपी मेट्रो की लखनऊ, कानपुर और आगरा परियोजनाओं में अब तक कुल 1.1 लाख वर्ग मीटर की ग्रीन बेल्ट तैयार हुई।

रविवार को राजभवन में तीन दिवसीय वार्षिक फल, सब्जी एवं पुष्प प्रदर्शनी 2025 का पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हो गया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रबंध निदेशक सुशील कुमार को यूपीएमआरसी के सुंदर बागवानी प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। यूपीएमआरसी को संस्थानों के लिए आरक्षित श्रेणी के तहत फूलों से बनी आकृति के लिए प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। यूपी मेट्रो स्टाफ के प्रदर्शित फूलों की सजावट को प्रदर्शनी में आए लोगों ने बहुत सराहा। यूपीएमआरसी स्टॉल पर मेट्रो टॉय ट्रेन मॉडल आगंतुकों के लिए आकर्षण का एक प्रमुख स्रोत रहे। इसके अतरिक्त इस बार स्टॉल पर रखे गए लखनऊ, कानपुर एवं आगरा मेट्रो ट्रेन के मॉडल की लोगों ने जमकर तारीफ की।

स्टॉल पर लखनऊ मेट्रो के ईस्ट.वेस्ट कॉरिडोर के मैप के साथ विस्तार से जानकारी दी गई। स्टाल पर आए आंगुतकों ने ईस्ट.वेस्ट कॉरिडोर में खास दिलचस्पी दिखाई। एमडी ने कहा कि मैं इस वर्ष की पुष्प प्रदर्शनी में फूलों की सजावट का मोहक प्रदर्शन करने के लिए पूरी यूपीएमआरसी टीम को बधाई देता हूं। हम निरंतर क्लीन मेट्रो ग्रीन मेट्रो के अपने उद्देश्य को आगे बढ़ाने की ओर अग्रसर हैं। हर बार प्रदर्शनी में सहभागिता में हमें उत्कृष्ट पुरस्कार मिल रहा है इसके लिए मेट्रो की पूरी टीम को बधाई।

# नगर निगम ने चलाया मैन्युअल स्वीपिंग अभियान

## ● 75 नए सफाई मित्रों की नियुक्ति कर कराया गया कार्य

**लखनऊ।** शहर में नगर निगम द्वारा मैकेनाइज्ड एवं मैन्युअल स्वीपिंग अभियान चलाया गया। अलीगंज में 75 नए सफाई मित्रों की नियुक्ति कर सफाई कराई गयी। अभियान में 2850 किलोमीटर एवं मैन्युअल स्वीपिंग द्वारा 250 किलोमीटर की सफ ाई की गयी। लखनऊ स्वच्छता अभियान में नगर निगम ने जोन 1, 3, 6 एवं 7 में मैकेनाइज्ड एवं मैन्युअल स्वीपिंग अभियान चलाया। इस सफाई अभियान में कर्मियों ने मैकेनिकल स्वीपिंग ने 2850 किलोमीटर एवं मैन्युअल स्वीपिंग से 250 किलोमीटर की सफाई की। सड़क एवं डिवाइडर की सफा ई, प्रमुख सड़कों और डिवाइडर को धूल, गंदगी और कचरे से मुक्त किया। कचरा उठान एवं निस्तारण, सड़क किनारे पड़े कचरे को एकत्र कर शिवरी प्लांट तक सुरक्षित परिवहन किया, जहां उसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया। स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत बनान के लिए जोन 3 में सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 75 नए सफाई मित्रों की नियुक्ति की, जिससे सफ ाई कार्यों में और अधिक गति आएगी। अधिकारियों एव सफाई मित्रों के अथक प्रयासों से शहर स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लक्ष्य को और गति मिली है। लखनऊ स्वच्छता अभियान के इस पहल से न केवल सफ ाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया है, बल्कि नए सफाई मित्रों की नियुक्ति से रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं। लगातार सड़को की सफाई से आम जनमानस को एक सुन्दरएस्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध प्राप्त हो रहा है। लखनऊ स्वच्छता अभियान के अधिकारियों एवं सफाई मित्रों ने लखनऊ नगर निगम सीमा के नागरिकों से अपील करता है कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय योगदान दें और स्वच्छ लखनऊ, सुंदर लखनऊ के संकल्प को साकार करें।

## स्वच्छ पर्यावरण सेना ने गोमती से निकाला पांच कुतल कचरा

**लखनऊ।** गोमती की सफाई में स्वच्छ पर्यावरण सेना द्वारा पांच कुतल कचरा निकाला गया। पर्यावरण अभियान के संयोजक व पार्षद द्वारा प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया गया। सफाई की गोमती की आरती की गयी। रविवार को स्वच्छ पर्यावरण सेना की ओर से गोमती सफ ाई अभियान झूलेलाल पार्क नदी किनारे चलाया गया। संगठन के प्रमुख व भाजपा पार्षद रणजीत सिंह की अगुवाई में स्वयंसेवकों ने नदी की तलहटी से करीब पांच कुंतल कचरा, देवी देवताओं की मूर्तियों को निकाला।



348 वे रविवार को गोमती नदी की तलहटी से लगभग 10 कुंतल कचरा निकाला। सामूहिक रूप से आदि गंगा मां गोमती की आरती की गई। मुख्यमंत्री से गोमती नदी में गिरने वाले गंदे नालों का डायवर्जन एसटीपी में करने की मांग की गई। रंजीत ने कहा कि प्रशासन की लापरवाही से गोमती नदी पालीथीन के कचरे से भरी हुई है। अभियान में मुकेश चौरसिया, कमलेश कुमार, सलमान अली, दिनेश दत्त पांडेय, महेंद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र शर्मा, विवेक जोशी, विष्णु तिवारी, आशीष तिवारी, संजय वर्मा, नाथ शरण त्रिपाठी, कृपा शंकर वर्मा, रामकुमार, आंनद वर्मा, ललित सिंह, रिंकू सिंह, सरिता जायसवाल, प्रीति जैन आदि रहे।

# महानाट्य 'हमारे राम' का मंचन आज

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव के तहत पर्यटन विभाग और अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, संस्कृति विभाग द्वारा 10 फरवरी, 2025 को सुबह 11 बजे से गोमतीनगर के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में अंतरराष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य दुनिया भर में श्री राम की संस्कृति, धर्म और आध्यात्मिकता को फैलाना है। इस अवसर पर श्री राम संवाद का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सुप्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा द्वारा अभिनीत महानाट्य हमारे राम का मंचन किया जाएगा, जो राम की महानता, त्याग, बलिदान और आदर्श जीवन मूल्यों को दर्शकों तक पहुंचाएगा। यह जानकारी संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का विशेष आकर्षण आशुतोष राणा अभिनीत हमारे राम महानाट्य शाम 5:30 बजे से होगा।

# बीबीएयू की टीम नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में शामिल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बाबासाहेब** भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय की इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टीम 10 से 19 फरवरी तक दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज की नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के. द्विवेदी ने सभी प्रतिभागियों को नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में चयन एवं प्रतिभाग करने हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर खेल अनुभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. (ले.) मनोज डडवाल एवं प्रतिभागी मौजूद रहे।

# पूर्वजों के सम्मान से बढ़ती है परिवार की कीर्ति: सुषमा खर्कवाल

## ● समाजवादी चिंतक अयोध्या प्रसाद की पुण्य तिथि पर गायत्री महायज्ञ व श्रद्धांजलि समारोह आयोजित




**लखनऊ।** कर्मयोगी ब्रम्हलीन समाजवादी चिंतक अयोध्या प्रसाद यादव की 29वीं पुण्यतिथि पर आज 29वां पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रद्धांजलि समारोह का गोमतीनगर विस्तार स्थित डीएपी स्कूल प्रांगण में आयोजन किया गया। इस मौके पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने उपचार कराया। गायत्री महायज्ञ अयोध्या से आये रामकेवल महाराज ने गायत्री परिवार के डीके यादव के संयोजकत्व में सम्पन्न कराया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल और मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व सांसद एव हिंदी संस्थान के पूर्व अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह शामिल हुए। चीफ गेस्ट और मुख्य वक्ता ने मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल देकर और उत्कृष्ट सेवा के लिए पत्रकारों ,समाजसेवियों, विशिष्ट जनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि अपने पूर्वजों का सम्मान करने से परिवार की कीर्ति बढ़ती है घटती नहीं। हमें अपने पूर्वजों की याद हमेशा रखनी चाहिए। स्व. अयोध्या प्रसाद की याद में आयोजित कार्यक्रम एक उदाहरण है, इससे सभी को सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेयर के रूप में मैं ज्यादा से ज्यादा लोगों की समस्याओं को समझने और उनके निदान की कोशिश करती हूं। हमारे संज्ञान में जो भी मामले आते हैं, त्वरित समाधान करती हूं। वहीं मुख्य वक्ता पूर्व सांसद हर हिंदी संस्थान के पूर्व अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने समारोह में सम्मानित किये गए बच्चों को बधाई दी। क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि यह परिवार मिसाल है। अपने पिता की याद में हर वर्ष 9 फ़रवरी को श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन होता है, गायत्री महायज्ञ होता है। अपने पूर्वजों के लिए इतना सम्मान काबिले तारीफ है। इससे पहले समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने स्व. अयोध्या प्रसाद यादव की समाधि पर पहुंच श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष बिंदु यादव ने मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता का स्वागत और अभिनंदन किया। डीएपी स्कूल के प्रबंधक सुरेश यादव ने कार्यक्रम में पधारे आगन्तुकों और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आज इस मौके पर उपस्थित अन्य मुख्य लोगों में पूर्व विधायक विनोद चौधरी, यादव महासभा के प्रमोद चौधरी, रालोद के प्रवक्ता अनिल दुबे, रक्षामंत्री के प्रतिनिधि राघवेंद्र शुक्ला, पार्षद अजय दीक्षित, रामकृष्ण यादव, संजय सिंह राठौर, ग्राम प्रधान देवेश यादव, उमेश यादव, भैरोंसिंह, किरन विश्वकर्मा, सतीश पांडे, अर्चना दीक्षित, रामपाल यादव, सर्वजीत सिंह, शिवकुमार रावत, गोविंद गौतम, देशराज रावत, प्रेम सिंह आदि शामिल रहे।

# निजीकरण के लिए ड्राफ्ट स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट का तय मानक असवैंधानिक

## ● असवैधानिक प्रक्रिया निरस्त करने हेतु मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की अपील

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ


**विद्युत** कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने निजीकरण के लिए तय किए गए मानक स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट के ड्राफ्ट को असंवैधानिक करार दिया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जाए जिससे निजीकरण के नाम पर हो रहे बड़े घोटाले को रोका जा सके।

संघर्ष समिति ने कहा कि स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट टर्म इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 में धारा 63 के अंतर्गत केवल ट्रांसमिशन और जेनरेशन की प्रतिस्पर्धात्मक बिडिंग के लिए इस्तेमाल किया गया है। भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने अभी तक विद्युत वितरण के निजीकरण के लिए स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट फाइनल नहीं किया है। सितंबर 2020 में जारी किए गए स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट के ड्राफ्ट पर सैकड़ो आपत्ति आई है और अभी तक उनका निस्तारण नहीं किया गया है। खुद ऊर्जा मंत्रालय का कहना है की स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय का व्यू प्वाइंट नहीं है। संघर्ष समिति ने कहा कि विद्युत वितरण के निजीकरण के लिए स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट का इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 की धारा 63 में कोई उल्लेख नहीं है, अत: यह पूरी तरह असंवैधानिक है। संघर्ष समिति ने कहा कि भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट के ड्राफ्ट के पैरा 2.2.7 में लिखा है राज्य सरकार निजी कंपनी को सब्सिडाइजड दरों पर बिजली देगी जिससे निजी कंपनी को मुनाफा हो सके। संघर्ष समिति ने कहा कि इसका अर्थ यह है कि निजी कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार महंगी दरों पर बिजली खरीद कर सस्ती कीमत पर निजी कंपनी को उपलब्ध कराएगी और भारी नुकसान उठाएगी। यह आगरा के निजीकरण जैसा होगा जिसका खामियाजा आज तक पॉवर कारपोरेशन भुगत रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि ड्राफ्ट स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट के पैरा 2.2.6 में लिखा है कि सरकारी विद्युत वितरण निगम की पूरी जमीन मात्र एक रुपए मासिक पर निजी कंपनी को दी जाएगी। इससे बड़ी कोई लूट नहीं हो सकती जिसमें अरबों खरबों रुपए की जमीन निजी कंपनी को मात्र एक रुपए में दी जाएगी। संघर्ष समिति ने कहा कि ड्राफ्ट स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट के पैरा 1.1 में लिखा है कि निजी कंपनी को क्लीन बैलेंस शीट दी जाएगी। सरकारी वितरण निगम के संकलित घाटे और देनदारियों का वहन सरकार करेगी। संघर्ष समिति ने कहा कि यदि सरकार अभी घाटे और देनदारियों का वाहन कर ले तो सरकारी विद्युत वितरण निगम मुनाफे में आ जाएंगे। संघर्ष समिति ने कहा कि स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट का ड्राफ्ट पूरी तरह से निजी कंपनी को बेजा मुनाफा कमाने और सरकारी क्षेत्र की बिजली की लाखों करोड़ों रुपए की संपत्तियों को कौड़ियों के दाम बेचने के लिए बनाया गया है।


ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने इस ड्राफ्ट पर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कर रखी है। भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने अभी तक किसी आपत्ति को खारिज नहीं किया है और इस ड्राफ्ट को फाइनल नहीं किया है। अत: एनर्जी टास्क फोर्स द्वारा इस ड्राफ्ट को निजीकरण का मानक बनाने का निर्णय पूरी तरह अवैधानिक है। निजीकरण की सारी प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जानी चाहिए।

# आरएसएम अस्पताल के सीएमएस बने डॉ वीके शर्मा

**लखनऊ।** बीकेटी के साढ़ामऊ स्थित रामसागर मिश्र अस्पताल का सीएमएस डॉ वीके शर्मा को बनाया गया है। शनिवार को आरएसएम अस्पताल में सीएमएस पद की जिम्मेदारी संभाल ली है। डॉ वीके शर्मा करीब 13 साल तक अपनी सेवाएं डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में बतौर ब्लड बैंक के प्रभारी के रूप में दे चुके हैं। उससे पहले वह केजीएमयू में कार्य रहे हैं। आरएसएम अस्पताल के साथ ही डॉ शर्मा को जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर का भी चार्ज रहेगा। लंबे समय तक लोहिया संस्थान में ब्लड बैंक में डॉ वीके शर्मा ने बेहतर सेवाएं देते हुए उसे ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनका पूर्व अनुभव अब आरएसएम में आने वाले मरीजों को काफी राहत देगा। डॉ शर्मा ने कहा कि आरएसएम में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का पूरा प्रयास रहेगा। आयुष्मान समेत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, शिविरों से भी लोगों को लाभ पहुंचाया जाएगा।



# सरोजनीनगर के युवाओं की खेल प्रतिभा निखारने में डॉ. राजेश्वर सिंह की अहम भूमिका



**लखनऊ।** सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग के अंतर्गत आयोजित क्रिकेट चैम्पियनशिप (इंटर स्कूल) के सेमी फाइनल मुकाबलों ने दर्शकों और खिलाड़ियों में जबरदस्त जोश और उत्साह भर दिया। खेल के प्रति युवाओं की बढ़ती रुचि और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देने में सरोजनीनगर के लोकप्रिय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग के 6ठवें चरण में आयोजित क्रिकेट चैम्पियनशिप के अंतर्गत इंटर स्कूल के सेमी सफाइनल मुकाबले खेले गए, जबकि इंटर स्पोर्ट्स क्लब के लीग मैच अभी खेले जा रहे हैं।

कानपुर रोड स्थित जय जगत पार्क में पिछले 2 माह से अधिक समय से चल रही डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा आयोजित क्रिकेट चैंपियनशिपश् के इंटर स्कूल का पहला सेमी फाइनल मुकाबला अवध कॉलेजिएट और सेंट फ्रांसिस मिशन स्कूल के बीच खेला गया, जोश और उत्साह से भरे दोनों टीमों के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें सेंट फ्रांसिस मिशन स्कूल ने 54 रनों से शानदार जीत दर्ज की। इंटर स्कूल का दूसरा सेमी फाइनल मुकाबला आदर्श इंडिया मोंटेसरी इंटर कॉलेज बनाम पीबीएसएन इंटर कॉलेज खेला गया, इस बेहद रोमांचक मुकाबले में आदर्श इंडिया मोंटेसरी इंटर कॉलेज ने 2 रनों के मार्जिन से करीबी जीत दर्ज की। इसी के साथ सेंट फ्रांसिस मिशन स्कूल और आदर्श इंडिया मोंटेसरी इंटर कॉलेज ने फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की की। सेमीफाइनल की दोनों विजेता टीमों को ट्रॉफी, स्पोर्ट्स किट तथा सभी खिलाडियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, डॉ. सिंह ने इंटर स्कूल के दोनों फाइनलिस्टों को बधाई और आगामी फ़ाइनल मुकाबले के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। फाइनल मुकाबले के लिए खिलाडियों, उनके कोच तथा दर्शकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग का रोमांच थमने का नाम नही ले रहा है, खिलाडियों के जबरदस्त उत्साह के साथ क्रिकेट चैंपियनशिप के अंतर्गत इंटर स्पोर्ट्स क्लब का लीग मैच अभी निरंतर चल रहे हैं, रविवार को इंटर स्पोर्ट्स क्लब के चार लीग मुकाबले खेले गए। 68 दिनों से आयोजित क्रिकेट चैंपियनशिप में 99 लीग मैचों का आयोजन किया जा चुका है। इस लीग के जरिये डॉ. सिंह का युवाओं को मेंटली अलर्ट और फिजिकली फिट रखने और सरोजनीनगर को स्पोर्ट्स कांस्टेंसी बनाने का संकल्प साकार होता दिख रहा है साथ ही युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का उत्कृष्ट मंच भी मिल रहा है।

# दिल्ली में सरकार बनाने को लेकर बढ़ी हलचल

● भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक प्रवेश वर्मा, विजेंद्र गुप्ता, अरविंदर सिंह लवली, राजकुमार चौहान, नीरज बसोया, कैलाश गहलोत ने भी एलजी वीके सक्सेना से मुलाकात की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद दिल्ली बीजेपी में हलचल तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को नवनिर्वाचित विधायकों के साथ उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात करने के लिए समय मांगा। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सक्सेना को पत्र लिखकर पार्टी के 48 नवनिर्वाचित विधायकों और सात लोकसभा सदस्यों के साथ उनसे (उपराज्यपाल से) मुलाकात के लिए समय मांगा। इससे पहले भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक प्रवेश वर्मा, अरविंदर सिंह लवली, राजकुमार चौहान, नीरज बसोया, कैलाश गहलोत ने भी एलजी वीके सक्सेना से मुलाकात की थी।

दिल्ली विधानसभा चुनावों में जीत के एक दिन बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विजई उम्मीदवारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना से शिष्टाचार भेंट की। पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी।

वीरेंद्र सचदेवा ने उपराज्यपाल को लिखे पत्र में कहा, वह दिल्ली से भाजपा सांसदों और नवनिर्वाचित 48 विधायक आपसे जल्द से जल्द मिलना चाहते हैं। कृपया अपनी सुविधानुसार मुलाकात का समय दें। भाजपा नेताओं ने कहा कि सरकार का गठन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विदेश दौरे से लौटने के बाद होने की संभावना है। दिल्ली के नए मुख्यमंत्री को लेकर पार्टी में चर्चा तेज हो गई है और इस शीर्ष पद के लिए चुनाव जीतने वाले कई वरिष्ठ नेताओं के नाम को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा आप संयोजक एवं तीन बार मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल को हराकर बड़े नेता के रूप में उभरे हैं। दिल्ली में 26 साल से अधिक समय बाद भाजपा सत्ता में लौटी है।

चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीती हैं, जबकि आप को 22 सीटों पर जीत मिली। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली।


उपराज्यपाल वीके सक्सेना को गुलदस्ता भेंट करते रोहिणी के नवनिर्वाचित विधायक विजेंद्र गुप्ता।

## 'भ्रष्टाचार के जांच के लिए गठित होगी एसआईटी'

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

27 साल बाद सत्ता में वापसी करने वाली भारतीय जनता पार्टी ने नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की घोषणा की है। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पार्टी भ्रष्टाचार को लेकर कतई बर्दाश्त नहीं की नीति रखती है और घोटाले में शामिल लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। सचदेवा ने मीडिया से बातचीत में कहा, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई बार कहा है, और हमने भी कहा है ि कैबिनेट की पहली बैठक में कैग की रिपोर्ट पेश की जाएगी। हम भ्रष्टाचार के सभी मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का भी गठन करेंगे।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के 48 सीट

● सचदेवा ने कहा, कैबिनेट की बैठक में कैग रिपोर्ट पेश की जाएगी

जीतकर बहुमत हासिल करने पर सचदेवा ने पार्टी को सफलता दिलाने का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा को दिया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दिल्ली के मतदाताओं ने विकास के लिए भाजपा का समर्थन किया तथा मोदी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया। सचदेवा ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण पार्टी होने के बावजूद उसका बहुत बुरा हाल हुआ है और उसे कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

भाजपा के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के बारे में सचदेवा ने कहा कि पार्टी एक व्यवस्थित दृष्टिकोण अपनाती है और ऐसे निर्णय केंद्रीय नेतृत्व पर छोड़ देती है, जैसा कि अन्य राज्यों में देखा गया है।

## आप सरकार ने लोगों को झूठ, भ्रष्टाचार से छलने का काम किया : विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली।** रोहिणी से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा है कि अब बहुत जल्द ही आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार की पोल खुलने वाली है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनने जा रही भाजपा सरकार विधानसभा के पहले सत्र में ही पिछले कई वर्षों से लंबित पड़ी कैग की 14 रिपोर्ट्स को पेश करेगी। इन रिपोर्ट्स के आते ही आम आदमी पार्टी की खत्म हो चुकी सरकार के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा सबके सामने आ जायेगा और जनता को पता चल जाएगा कि केजरीवाल और आप के नेताओं ने किस तरह से झूठ बोल कर जनता को ठगा है और करोड़ों का भ्रष्टाचार किया है। विजेंद्र गुप्ता रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि यह बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्षी विधायक इन 14 कैग रिपोर्ट्स को विधानसभा में प्रस्तुत कराने के लिए दर-दर भटकते रहे। यह मामला बार-बार विधानसभा के सत्रों में भी उठाया, लेकिन सरकार की ओर से किसी सकारात्मक प्रतिक्रिया की बजाय, विपक्षी विधायकों को सदन में सत्तारूढ़ विधायकों के हाथों अपमान झेलना पड़ा, जिससे चलते उन्हें राष्ट्रपति, उपराज्यपाल और मुख्य सचिव जैसे संवैधानिक अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप की गुहार लगानी पड़ी। सरकार का अड़ियल रवैया देखते हुए विजेंद्र गुप्ता और अन्य 6 भाजपा विधायकों की तरफ से उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर गुहार लगाई गई कि कोर्ट सरकार को इन रिपोर्ट्स को सदन में पेश करने का आदेश दे, लेकिन सब तरफ से दबाव के बावजूद आप सरकार ने इन रिपोर्ट्स को सदन में पेश नहीं किया।


प्रदेश कार्यालय में भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते वीरेंद्र सचदेवा।

# 48 नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक

● पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष व वरिष्ठ नेताओं रहे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली भाजपा के चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, राष्ट्रीय मंत्री दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी डा. अल्का गुर्जर, सह प्रभारी अतुल गर्ग, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं संगठन महामंत्री पवन राणा ने रविवार को सभी 48 नवनिर्वाचित विधायकों के साथ छोटी बैठकें की।

संसदीय क्रमवार तय बैठकों में लगभग सभी सांसदों ने भी अपने क्षेत्र के विधायकों के साथ भाग लिया। वरिष्ठ नेताओं ने विधायकों को उचित संगठनात्मक एवं प्रशासनिक नियमों के अंतर्गत कार्य करने के दिशा-निर्देश देने के साथ ही कहा की सभी विधायक अपनी कार्यशैली पूरी तरह पारदर्शी रखें। बैठकों में नेताओं ने विधायकों का ध्यान शनिवार की शाम के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के विजय संदेश की ओर आकृष्ट किया और कहा की हमे बिना समय खोये प्रधान मंत्री के मन की विकसित दिल्ली के निर्माण के लिए काम शुरू करना होगा।

## भाजपा प्रत्याशियों ने विजय रैलियां निकालीं, मिठाइयां बांटी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के एक दिन बाद रविवार को पार्टी के विजयी उम्मीदवारों ने अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में धन्यवाद रैलियां कीं। विजयी उम्मीदवारों ने मिठाई बांटकर, केक काटकर और मतदाताओं को समर्थन देने के लिए धन्यवाद देकर अपनी सफलता का जश्न मनाया।भाजपा ने शनिवार को 70 विधानसभा सीटों में से 48 सीटें जीतकर 26 साल से अधिक समय बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की। चुनावों में आप ने 22 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली।भाजपा के मोती नगर से नवनिर्वाचित विधायक हरीश खुराना ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में रैली निकाली। उन्होंने कहा, मैं मोती नगर में उन लोगों का धन्यवाद करने आया हूं, जिन्होंने मुझ पर अपार विश्वास दिखाया है। मैं उन्हें आश्वासन देता हूं कि मैं सार्वजनिक शौचालय और पानी की आपूर्ति जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए उनके कल्याण के लिए ईमानदारी से काम करूंगा। मालवीय नगर से जीतने वाले सतीश उपाध्याय ने विजय जुलूस का नेतृत्व किया, जिसमें उनके समर्थक ढोल की थाप पर नाचते हुए नजर आए। उन्होंने एक मंदिर में जाकर केक भी काटा।

# यमुना तट का पुनरुद्धार प्राथमिकता : प्रवेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार एवं भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक प्रवेश वर्मा ने रविवार को कहा कि यमुना नदी तट का विकास उनकी पार्टी की प्राथमिकता होगी। वर्मा अपने पैतृक गांव मुंडका में अपने पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि पिछली सरकार ने दिल्ली के ग्रामीण इलाकों की उपेक्षा की है और सड़कों की हालत खराब है। वर्मा ने कहा, वह अपने पिता के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिले बहुमत के लिए लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, दिल्ली की जनता के आशीर्वाद और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से हम एक ऐसी सुंदर दिल्ली बनाने की दिशा में काम करेंगे जिसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी हो। वर्मा की राजनीतिक लोकप्रियता नई दिल्ली सीट से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर 4,089 मतों की शानदार जीत के साथ काफी बढ़ गई है। उन्हें दिल्ली में भाजपा की आगामी सरकार में मुख्यमंत्री पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।



# विदेशी तस्कर धरे, 40 करोड़ की कोकीन जब्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करीब 40 करोड़ रुपए मूल्य की कोकीन की तस्करी के आरोप में तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी।

विभाग ने कहा कि ब्राजील की दो महिलाओं और केन्या के एक पुरुष को कोकीन से भरे कैप्सूल निगलने के आरोप में अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया है। पहले मामले में, 28 जनवरी को पेरिस के रास्ते साओ पाउलो से पहुंची 26 वर्षीय ब्राजीलियाई यात्री को रोका गया। सीमा शुल्क विभाग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पूछताछ के दौरान यात्री ने अधिकारियों को बताया कि उसने कैप्सूल छिपाए हैं। इसके बाद यात्री को चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों के अनुसार, महिला के अस्पताल में रहने के दौरान 98 कैप्सूल निकले। इन कैप्सूल से 866 ग्राम कोकीन बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 12.99 करोड़ रुपए है। विभाग ने कहा कि यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीमा शुल्क अधिकारियों ने 24 जनवरी को ब्राजील की एक अन्य महिला यात्री को रोका था। वह भी साओ पाउलो से पेरिस के रास्ते आई थी।

विभाग ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि पूछताछ करने पर यात्री ने नशीले पदार्थ के कैप्सूल निगलने की बात कबूल की। इसने कहा कि उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां प्रक्रिया के जरिए कुछ घंटों में 100 अंडाकार कैप्सूल निकले। इसने कहा कि जब कैप्सूल को काटे गए तो उनमें सफेद पाउडर निकला जिसके कोकीन होने का संदेह है। जब्त किए गए पदार्थ का वजन 802 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत 12.03 करोड़ रुपए है। सीमाशुल्क विभाग ने कहा कि 24 जनवरी को अदीस अबाबा से आए एक केन्याई व्यक्ति को रोका गया। पूछताछ के दौरान यात्री ने कोकीन से भरे कैप्सूल निगलने की बात स्वीकार की।

# मुस्तफाबाद का नाम शिव विहार या शिव पुरी हो : मोहन विष्ट

● नवनिर्वाचित विधायक ने निर्वाचन क्षेत्र का नाम बदलने का दिया प्रस्ताव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा की मुस्तफाबाद सीट से भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने रविवार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के इस निर्वाचन क्षेत्र का नाम बदलकर शिव विहार या शिव पुरी करने का प्रस्ताव रखा। इस निर्वाचन क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदाय की अच्छी खासी आबादी है।

बिष्ट ने अपने प्रस्ताव को यह दावा करके उचित ठहराया कि निर्वाचन क्षेत्र में हिंदू आबादी अधिक है। उन्होंने कहा, एक तरफ 58 फीसदी लोग हैं और दूसरी तरफ 42 फीसदी। यह 58 फीसदी लोगों का अधिकार है कि नाम उसी हिसाब से बदला जाए। नाम शिव विहार या शिव पुरी हो सकता है।

शनिवार को घोषित नतीजों में 67 वर्षीय बिष्ट ने मुस्तफाबाद में आम आदमी पार्टी के आदिल अहमद खान को 17,578 मतों से हराया। छठी बार विधायक चुने गए बिष्ट इससे पहले करावल नगर सीट से चुनाव लड़ते रहे थे। हालांकि, इस बार पार्टी ने उन्हें मुस्तफाबाद से चुनाव लड़ाया।

मुस्तफाबाद का नाम बदलने के बिष्ट के प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देते हुए ओखला से आप विधायक अमानतुल्लाह खान ने जानना चाहा कि भाजपा इससे क्या हासिल करना चाहती है।



उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि ऐसी चीजें करने के बजाय भाजपा को सकारात्मक रूप से काम करना चाहिए और नकारात्मकता से बचना चाहिए। पार्टी में कुछ लोग बिष्ट को मुख्यमंत्री पद के संभावित उम्मीदवार के रूप में देख रहे हैं।

इन अटकलों से जुड़े सवाल पर बिष्ट ने कहा, पार्टी ने मुझे सात बार चुनाव लड़ने का मौका दिया और मैंने छह बार जीत दर्ज की। मैं पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता हूं और पार्टी जिसे भी चुनेगी, वह कमल का चिह्न थामेगा। दिल्ली में 26 साल से अधिक समय के बाद भाजपा सत्ता में आई है। उसने 70 विधानसभा सीटों में से 48 सीट पर जीत दर्ज की है।

आप को 22 सीटों पर जीत मिली है, जबकि कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली।

# एम्स में जैव-चिकित्सा अपशिष्ट शोधन प्रौद्योगिकी का किया जाएगा उपयोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में एक स्वचालित जैव-चिकित्सा अपशिष्ट रूपांतरण संयंत्र लगाया जाएगा, जो महंगे और ज्यादा ऊर्जा खर्च करने वाले भस्मक के उपयोग के बिना रक्त, मूत्र, थूक बलगम एवं प्रयोगशाला डिस्पोजेबल जैसे रोगजनक जैव-चिकित्सा अपशिष्ट को कीटाणु मुक्त कर सकता है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह सोमवार को सीएसआईआर-राष्ट्रीय अंतर्विषय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुवनंतपुरम द्वारा विकसित अपशिष्ट रूपांतरण रिग सृजनम को औपचारिक रूप से शुरुआत करेंगे। इस उपकरण की दैनिक क्षमता 400 किलोग्राम है और यह प्रारंभिक चरण में प्रतिदिन 10 किलोग्राम चिकित्सा अपशिष्ट को मिट्टी के योजक में परिवर्तित कर सकता है। सीएसआईआर (एनआईआईएसटी) के निदेशक सी आनंदधर्मकृष्णन ने कहा, उपचारित अपशिष्ट को न्यूनतम मानव हस्तक्षेप के मूल्यवर्धित मिट्टी योजक में बदलने वाला यह उपकरण, हमारी प्रौद्योगिकीय स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए एक सुरक्षित समाधान है। यह संक्रामक रोगों को फैलने से रोकने और व्यावसायिक जोखिमों को दूर रखने में लाभदायक है।

# बस में खाना गिरने पर रसोइए की पीटकर हत्या

● आरटीवी चालक समेत दो सहायकों ने की वारदात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के बवाना इलाके में एक बस के अंदर सीट पर खाना गिराने के कारण एक रसोइए की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मनोज उर्फ बाबू नामक व्यक्ति को तीन लोगों ने पीटा, जिनमें आरटीवी बस का चालक और उसके दो सहायक शामिल थे। हमलावरों से एक ने उसके गुप्तांग में लोहे की रॉड डाल दी। जब मनोज बेहोश हो गया तो तीनों ने उसे बवाना फ्लाइओवर के पास फेंक दिया और फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि उन्होंने एक हमलावर को



गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य अब भी फरार हैं। नरेला निवासी मनोज शादी समारोह में रसोइए का काम करता था। एक फरवरी की रात को वह और उसका एक साथी दिनेश सुल्तानपुर डबास में एक शादी में शामिल हुए थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, काम खत्म करने के बाद उन्होंने बचा हुआ खाना पैक किया और बस में सवार हो गए। यात्रा के दौरान कुछ खाना सीट पर गिर गया, जिससे ड्राइवर और उसके साथी भड़क गए। अधिकारी ने बताया कि दिनेश को बवाना चौक पर उतरने दिया गया, जबकि तीनों ने मनोज को बंधक बना लिया और उसे उसकी शर्ट से सीट साफ करने के लिए मजबूर किया। अधिकारी ने बताया कि बस चालक आशीष उर्फ आशु और उसके दोस्तों ने उसे गालियां दीं और पीटा। जब वह सीट साफ कर रहा था, तो आशीष ने उसके गुप्तांगों में रॉड घुसा दी।

उन्होंने बताया, दो फरवरी को पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली जिसमें एक व्यक्ति के बेहोश पड़े होने की बात कही गई थी। शुरुआत में, टीम को लगा कि मृतक खानाबदोश है, क्योंकि उसके शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं थे। हालांकि, एक दिन की मशक्कत के बाद उसके भाई जितेंद्र ने उसकी पहचान की पुष्टि की, जिसने उसके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पांच फरवरी को पोस्टमार्टम में गंभीर आंतरिक चोटों का पता चला, जिससे हमले की प्रकृति की पुष्टि हुई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कराला गांव के रहने वाले 24 वर्षीय सुशांत शर्मा उर्फ चुटकुली को गिरफ्तार कर लिया। आशीष और तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।

# दिल्ली विस चुनाव: आपराधिक मामलों वाले कम विधायक

● भाजपा के 16 और आप के 15 विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आठवीं दिल्ली विधानसभा के लिए चुने गए 70 उम्मीदवारों में से 31 ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। चुनाव अधिकार निकाय एडीआर के आंकड़ों में यह बात कही गई है। यह आंकड़ा सातवीं विधानसभा के आंकड़ों से कम है जब 43 विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए थे।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले सभी 699 उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत हलफनामों का विश्लेषण करने वाले दिल्ली इलेक्शन वॉच ने कहा कि गंभीर आपराधिक मामलों में आरोपी



उम्मीदवारों के विजयी होने की संख्या चिंता का विषय बनी हुई है। विश्लेषण में पाया गया कि 17 नवनिर्वाचित उम्मीदवार गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं, जिनमें हत्या के प्रयास और महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामले भी शामिल हैं। वर्ष 2020 के चुनाव में विजई हुए 37 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामलों की घोषणा की थी। नवनिर्वाचित विधायकों में से एक ने हत्या के प्रयास से संबंधित मामलों की घोषणा की है तथा दो अन्य पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोप हैं। पार्टी-वार विश्लेषण से पता चलता है कि भाजपा के 48 विधायकों में से 16 और आप के 22 विधायकों में से 15 के खिलाफ आपराधिक मामले हैं।

भाजपा के सात और आप के 10 विधायक गंभीर आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव के नतीजे शनिवार को घोषित किए गए। विश्लेषण के मुताबिक, 70 नवनिर्वाचित विधायकों के पास कुल संपत्ति ।,542 करोड़ रुपए है। प्रति उम्मीदवार औसत संपत्ति 2020 में 14.29 करोड़ रुपए थी जो अब बढ़कर 22.04 करोड़ रुपए हो गई है।

संपत्ति चार्ट में भाजपा विधायकों का दबदबा है जिनका औसत संपत्ति मूल्य 28.59 करोड़ रुपए है, जबकि आप के विधायकों का औसत संपत्ति मूल्य 7.74 करोड़ रुपए है। इस चुनाव में 115 करोड़ रुपए से 259 करोड़ रुपए तक की संपत्ति वाले तीन भाजपा उम्मीदवार विजई हुए हैं।

इसके विपरीत, आप के तीन विजेताओं ने 20 लाख रुपए से कम की संपत्ति घोषित की। विश्लेषण के अनुसार, जीतने वाले 44 प्रतिशत उम्मीदवारों के पास 10 करोड़ रुपए या उससे अधिक की संपत्ति है, जबकि केवल 3 प्रतिशत के पास 20 लाख रुपए से कम की संपत्ति है। चुनाव जीतने वाले 23 उम्मीदवारों ने एक करोड़ रुपए या उससे अधिक की देनदारी घोषित की है, जिसमें भाजपा के प्रवेश वर्मा 74 करोड़ रुपए की देनदारी के साथ शीर्ष पर हैं। तीन सबसे धनी विधायक भी भाजपा से हैं।

## सदन में महिलाओं की संख्या घटी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की आठवीं विधानसभा में पहले की तुलना में कम महिलाएं चुनी गई हैं लेकिन स्नातक डिग्रीधारी विधायकों की संख्या में इस बार बढ़ोतरी हुई है। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च की रिपोर्ट में पाया गया कि विधानसभा में पांच महिलाएं चुनी गई हैं जिनकी सदन में सात प्रतिशत हिस्सेदारी है। इनमें से चार महिला विधायक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हैं जबकि आतिशी सदन में आप (आम आदमी पार्टी) की एकमात्र महिला सदस्य चुनी गई हैं।

# जनता को पीएम की गारंटियों पर विश्वास: नायब

● मुख्यमंत्री ने हरियाणा भवन में खिलाई जलेबियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कहा कि दिल्ली के लोगों ने विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर मोहर लगाई है और अब मोदी की नीतियां दिल्ली में लागू होंगी।

सैनी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब दिल्ली के लोगों को आयुष्मान योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा और पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध होगा। सैनी ने पार्टी की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने लोगों से झूठे वायदे कर विकास के सब्जबाग दिखाएं लेकिन उन्होंने जनता के लिए कोई काम नहीं किया। सैनी ने कहा अब दिल्ली फिर से विकास की दौड़ में शामिल होगी, यह मोदी की गारंटी है कि अगर कहा है तो करेंगें। उन्होंने अपने पुराने वादे का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने भाजपा को दिल खोलकर अपना जनादेश दिया है और इसलिए आज वह खुद अलग-अलग तरीके की जलेबियां दिल्ली की जनता को खिलाने आए हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी और राज्यसभा सांसद सुभाष बराला भी उपस्थित रहे।



# ओम नम: शिवाय के भण्डारे में बारह करोड़ श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

● महाकुंभ के पांच दर्जन स्थानों पर छह माह से दिन, रात चल रहा भण्डारा

**संवाददाता।** महाकुंभ नगर

**माघ** मेला अर्द्ध कुंभ कुंभ और महाकुंभ के दौरान 48 वर्ष से विशाल भण्डारा चलाने वाली संस्था ओम नम: शिवाय प्रयागराज रिकार्ड बनाने जा रही है। संस्था की ओर से महाकुंभ में पांच दर्जन स्थानों पर विशाल भण्डारा दिन रात चलाया जा रहा जिसमें अभी तक बारह करोड़ श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया है। यह भण्डारा महाशिवरात्रि तक दिन रात चलता रहेगा। ओम नम: शिवाय के गुरुदेव का कहना है कि महाकुंभ से कोई भूखा न जाए इसलिए दिन रात भण्डारा चलता रहता है जिससे कि सभी लोग भण्डारे का प्रसाद ग्रहण कर सके।

ओम नम: शिवाय की ओर से सितम्बर से परेड में विशाल भण्डारा चल रहा है। जहां पर श्रद्धालुओं के साथ महाकुंभ में काम करने वाले लोक निर्माण विभाग सिंचाई विभाग स्वास्थ्य विभाग स्वच्छताग्राही सहित अन्य लोग भण्डारे का प्रसाद ग्रहण कर रहे थे। महाकुंभ मेला प्रशासन ने ओम नम: शिवाय को परेड के मिण्टो रोड दारागंज पुराना रेलवे स्टेशन सेक्टर छह सेक्टर सात सेक्टर आठ और सेक्टर चौदह में विशाल अन्नक्षेत्र दिन रात चल रहा है। इन अन्नक्षेत्रों को श्रद्धालुओं के साथ सभी विभागों के कर्मचारी भी दिन रात खाना खा रहे हैं।

ओम नम: शिवाय प्रयागराज की ओर से श्रद्धांजलि और कर्मचारियों को खाने में पूड़ी कचौड़ी रोटी दाल सब्जी चावल कढ़ी पकौड़ी छोला भटुरा तहरी पोहा डोसा गुलाब जामुन बूंदी पापड़ सहित अन्य खाद्य सामग्रियां दी जाती है। महाकुंभ क्षेत्र की पार्किंग सहित कुन्दन गेस्ट हाउस बघाड़ा सलोरी गोविंदपुर दारागंज नागवासुकी सहित अन्य क्षेत्रों के लोग परिवार सहित प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। ओम नम: शिवाय की ओर से महाकुंभ मेला क्षेत्र में बड़ी संख्या में चल रही संस्थाओं जैसे ज्ञान महाकुंभ सहित पांच दर्जन संस्थाओं में दिन रात खाना खिलाया जा रहा है। मेला क्षेत्र की पार्किंग रेलवे स्टेशनों दर्जन भर मुख्य मार्ग सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर दिन रात श्रद्धालुओं कर्मचारियों सहित अन्य को खाना खिलाया जा रहा है।

ओम नम: शिवाय के गुरुदेव का कहना है कि उनकी तरफ से पूरी कोशिश है कि महाकुंभ मेला क्षेत्र में आने वाला कोई भी श्रद्धालु कर्मचारी सहित अन्य बिना खाना खाए न जाने पाए।

# महाकुम्भ पर भ्रामक पोस्ट फैलाने वाले 14 के खिलाफ हुई कार्रवाई

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ से संबंधित भ्रामक पोस्ट और अफवाहें फैलाने वालों पर प्रशासन सख्त कार्रवाई कर रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के निर्देशानुसार सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही गलत सूचनाओं की मॉनिटरिंग की जा रही है और दोषियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। मॉनिटरिंग के दौरान यह पाया गया कि कुछ एक्स अकाउंट्स ने झारखंड के धनबाद में हुई एक पुरानी घटना के वीडियो को भ्रामक रूप से प्रयागराज महाकुंभ से जोड़कर प्रसारित किया।

इन पोस्ट में यह झूठा दावा किया गया कि महाकुम्भ में अपने गुमशुदा परिजनों की तलाश कर रहे श्रद्धालुओं को योगी सरकार की पुलिस बेरहमी से पीट रही है। जब इस वीडियो की फैक्ट चेकिंग की गई तो यह धनबाद झारखंड का निकला जहां एक जनवरी 2025 को स्थानीय पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया था। कुम्भ मेला पुलिस ने अपने आधिकारिक अकाउंट से इस वीडियो का खंडन भी किया। प्रशासन ने इसे राज्य सरकार और पुलिस की छवि खराब करने तथा जनता में विद्वेष फैलाने का षड्यंत्र माना। इस मामले में 14 एक्स अकाउंट को चिन्हित कर कोतवाली कुम्भ मेला में अभियोग पंजीकृत किया गया और विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। जिनक खिलाफ कार्रवाई की गई है उनमें संजय कल्याण किरण पटनायक महफूज हसन आर एन सोनू अंसारी बोलता बहुजन ज़ुबैर खान शुभम कोरी सत्यपाल अरोरा नवीन मिश्रा घनश्याम कुमार लोकशाही मैं गुलाम धर्मेश सिंह मो ज़ुबैर अख्तर आनंद कांबले शामिल हैं।

# पिता ने संगम स्नान की इच्छा जताई तो कैलिफोर्निया से दौड़ी चली आई बेटियां

**मनीष द्विवेदी।** महाकुम्भ नगर



**महाकुम्भ** की दिव्यता और भव्यता शब्दों से परे है। इसकी आध्यात्मिक भव्यता से श्रद्धालु अभिभूत हैं। देश विदेश से लाखों श्रद्धालु प्रयागराज के संगम में आस्था की डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। सनातन संस्कृति के इस शाश्वत स्वरूप में स्वयं को समर्पित कर रहे हैं। इसमें कई भावनात्मक पहलू भी देखने को मिल रहे हैं। इसका एक नजारा तब देखने को मिला जब अपने पिता की संगम स्नान की इच्छा को पूरा करने के लिए बेटियों ने अब्रॉड से इंडिया और फिर प्रयागराज तक का सफर किया।

भारत के कोने कोने से श्रद्धालु मां गंगा मां यमुना और मां सरस्वती की पावन गोद में स्नान के लिए महाकुम्भ की ओर खिंचे चले आ रहे हैं। संगम में स्नान कर श्रद्धालु स्वयं को धन्य मान रहे हैं और दिव्य अनुभूति से ओत प्रोत हो रहे हैं। संगम स्नान करने आई एक श्रद्धालु ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर बताया मैंने और मेरी बहन ने अपने 85 वर्षीय पिता से उनके जन्मदिन पर उनकी इच्छा पूछी। उन्होंने कहा मेरे पास सब कुछ है पर यदि पूछ रहे हो तो कुम्भ मेले में गंगा स्नान करना चाहता हूं। उनकी इस पवित्र इच्छा को पूरा करने के लिए दोनों बहनें कैलिफोर्निया से प्रयागराज पहुंचीं। पिता को संगम स्नान कराने के लिए उन्होंने काफी लंबी दूरी तय की लेकिन इसके बावजूद पिता की इच्छा पूरी करने की खुशी ने उनकी पूरा थकान उतार दी।

इच्छा पूरी होने पर पिता की खुशी का भी कोई ठिकाना नहीं रहा। बेटियों के इस भक्ति भाव को देखकर लोग उनकी प्रशंसा करते नहीं थक रहे। एक यूजर ने लिखा आपके पिता सच में भाग्यशाली हैं जिनकी इतनी अद्भुत बेटियां हैं। आपने पिता की इच्छा पूरी करने के लिए आधी दुनिया का सफर तय कर लिया। सुरक्षित रहें इस अद्भुत माहौल को आत्मसात करें और महाकुम्भ की दिव्यता आपको सही मार्ग दिखाए।

# राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध है बिजली का निजीकरण: दिनकर कपूर

**सोनभद्र।** बिजली का निजीकरण राष्ट्रीय हितों और संविधान की भावना के विरुद्ध है। डॉक्टर अंबेडकर ने आजादी के पहले और संविधान बनाते समय कहा था कि बिजली को सस्ता और सरकारी क्षेत्र में होना चाहिए। यह देश में औद्योगीकरण और कल्याणकारी राज्य में आम आदमी की सामाजिक आर्थिक स्थिति को सहारा देने के लिए बेहद जरूरी है।

इसलिए प्रदेश सरकार द्वारा पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का फैसला प्रदेश में औद्योगीकरण को बाधित करेगा और भीषण महंगाई से पीड़ित आम जनता को बेहद महंगी बिजली खरीदने के लिए मजबूर करेगा। इसलिए समाज के सभी हिस्सों को इस निजीकरण के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। यह अपील रोजगार अधिकार अभियान के सिलसिले में ओबरा आए पूर्व श्रम बंधु और एआईपीएफ के प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर ने पत्रकारों से संवाद करते हुए की। इस अवसर पर बिजली के निजीकरण के खिलाफ एआईपीएफ की आम जनता के नाम अपील को भी जारी किया गया। उन्होंने रोजगार अधिकार अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की गारंटी, देश में सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती, हर नागरिक के सम्मानजनक जीवन की संवैधानिक गारंटी और इसके लिए संसाधन जुटाने हेतु कॉर्पोरेट घरानों की संपत्ति पर समुचित टैक्स लगाने व काली अर्थव्यवस्था पर लगाम लगाने के सवाल पर यह अभियान पूरे देश में चल रहा है।

ठेका मजदूर यूनियन के जिला उपाध्यक्ष तीर्थराज यादव और संयुक्त मंत्री मोहन प्रसाद ने बताया कि 23 फरवरी को यूनियन का 22वां जिला सम्मेलन अनपरा में आयोजित किया जा रहा है।

# राम कथा में सीता की विदाई एवं राम गमन का वर्णन

**संवाददाता।** सोनभद्र



**चतरा** ब्लॉक के जलखोरी ग्राम में हनुमान मंदिर पर चल रहे मानस यज्ञ एवं श्री राम कथा में पांचवें दिन पर विधिवत पूजन एवं विद्वान पंडितों द्वारा पारायण किया गया तथा सायं काल श्री राम कथा, कथा वाचीका मानस माधुरी सुनीता पांडे द्वारा माता सीता की विदाई एवं राम वन गमन की कथा का विस्तृत वर्णन किया गया उन्होंने कहा कि राम विवाह के उपरांत महाराज दशरथ के साथ भगवान राम माता सीता एवं चारों भाइयों की पत्नियों के साथ अयोध्या वापस आए और कुछ दिन व्यतीत हो जाने के उपरांत राजा दशरथ एक बार जब शीशे में अपना चेहरा देखते हैं तो कान के समीप सफेद बाल देखकर उनको अपने बुढ़ापे का आभास होता है।

और उनके द्वारा गुरु एवं पंडितों को बुलाकर भगवान राम के राज्याभिषेक का समय निश्चित कर दिया जाता है यह खबर सुनकर पूरी अयोध्या एवं राजमहल अत्यंत प्रसन्न होता है और राज्याभिषेक की तैयारी शुरू कर दी जाती हैं पूरे अयोध्या को फूल मालाओं से सजाया जाता है परंतु यह बात जब माता कैकई की दासी मंथरा को पता चलता है तो उसको भरत का राजा न बनना एवं भगवान राम का राज्याभिषेक होना अच्छा नहीं लगता इस पर वह कैकयी से भरत को राजगद्दी हेतु आग्रह करती है की पूर्व में राजा दशरथ द्वारा उसे जो दो वर देने का वचन दिया गया था।

उसमें प्रथम वर के रूप में भरत को राजगद्दी एवं दूसरे वर के रूप में भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास मांग लेवे महारानी कैकई द्वारा मंथरा को फटकार लगाई जाती है परंतु जब माता कैकेई को भगवान राम को बचपन में दिया हुआ वर जिसमें उनके लिए 14 वर्ष वन गमन का मांगा गया था याद आता है तो वह कोप भवन में चली जाती हैं और महाराजा दशरथ से दोनों वर प्राप्त करती है इसके उपरांत अगले दिन भगवान श्री राम अपने समस्त माता एवं पिता का आशीर्वाद लेकर के अपने भ्राता लक्ष्मण एवं माता सीता के साथ वन को चल देते हैं परंतु अयोध्या के सभी नगर वासी उनके साथ वन जाने के लिए तैयार हो जाते हैं और साथ-साथ चल देते हैं।

सायंकाल तमसा नदी के किनारे भगवान राम समस्त लोगों से विश्राम हेतु कहते हैं और रात्रि में उन सभी नगर वासियों को सोते हुए वहीं छोड़कर भगवान राम वन को चले जाते हैं तथा गंगा नदी के किनारे पहुंचकर केवट से नदी पार करने का आग्रह करते हैं परंतु केवट द्वारा अनुरोध के उपरांत केवट के पाव पखारने के उपरांत केवट द्वारा उन्हें अपने नाव से गंगा पार किया जाता है। इस अवसर पर कृष्ण कुमार द्विवेदी विजय राम पाठक श्रीकांत पाठक विजेंद्र नाथ तिवारी रामपति पाठक गोविंद पटेल समेत बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### साइबर सुरक्षा जागरूकता हेतु एनसीएल करेगी सेमिनार

**सोनभद्र।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में साइबर जागरूकता हेतु एक सेमिनार का आयोजन एनसीएल मुख्यालय, जयंत व बीना क्षेत्र में किया जाएगा। इसी कड़ी में सोमवार को एनसीएल मुख्यालय में व मंगलवार को जयंत एवं बीना परियोजना में साइबर सुरक्षा जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। एनसीएल द्वारा साइबर अपराधों और निवारक उपायों के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह सेमिनार आयोजित किया जा रहा है जिसमें एनसीएल कर्मियों सहित स्थानीय लोग भी हिस्सा ले सकते हैं। इस सेमिनार के दौरान विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों एवं उनसे बचाव इलेक्ट्रॉनिक्स भुगतान ठगी से संबन्धित सुरक्षा उपाय डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग साइबर अपराधों की रोकथाम के उपाय सर्वोत्तम प्रथाओं एवं अन्य सामान्य जानकारी प्रदान की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### 1 किलो 900 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में रविवार को मुखबिर की सूचना पर प्रभारी चौकी रॉबर्ट्सगंज कुंवर सिंह, हे0का0 मनीष कुमार का0 राहुल कुमार गोंड द्वारा 01 अभियुक्त आकशिफ पुत्र अनवर उम्र लगभग 22 वर्ष नि0 वार्ड नं 18 मकान नं0 13 हर्ष नगर कस्बा व थाना राबर्ट्सगंज के कब्जे से 1 किलो 900 ग्राम नाजायज गांजा बरामद कर स्टेशन रोड सोनभद्र से गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना राबर्ट्सगंज पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गयी।

### निशुल्क जांच शिविर का किया गया आयोजन

**मीरजापुर।** जसोवर स्थित पंचायत भवन में रविवार को जय हिन्द मानवाधिकार एसोसिएशन के द्वारा तीन वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया स्थापना दिवस। वहीं इस अवसर पर निशुल्क जांच शिविर का किया गया आयोजन। जिसमें नेत्र से संबंधित ग्राम सभा के लोगों को बुलाकर उन सभी का जांच कराकर उनको परामर्श दिया गया। तो वहीं जनपद के ऐनम हास्पीटल से आएं हुए डाक्टरों की टीम के द्वारा भी नि:शुल्क चिकित्सा जांच किया गया जिसमें शूगर जांच बेलेटपेशर व अन्य स्वास्थ्य से संबंधित जांच किए गए वह उन सभी को परामर्श दिया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जय हिन्द मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष फीरोज अहमद के द्वारा इस अवसर पर क्षेत्र के कुछ बच्चों को स्कूल बैग देकर उन सभी का उत्साह वर्धन किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि फिरोज अहमद को महासचिव राजकुमार चतुर्वेदी के द्वारा माल्यार्पण कर व बुकें भेंट कर सम्मानित किया गया वहीं कार्यक्रम में मौजूद राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार चतुर्वेदी को मण्डल मिडिया प्रभारी तौसीफ अहमद के द्वारा माल्यार्पण कर वह बुकें भेंट करके सम्मानित किया गया, वहीं कार्यक्रम में मौजूद मण्डल मिडिया प्रभारी तौसीफ अहमद का जिले के कार्यकारिणी सदस्य पंचम बिंद के द्वारा माल्यार्पण कर व बुकें भेंट कर सम्मानित किया गया वहीं कार्यक्रम में मौजूद अन्य कार्यकर्ताओं का वरिष्ठ पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर व बुकें भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं इस दौरान लगभग दो सौ लोगों का नेत्र जांच किया गया वह 150 लोगों का अन्य नि:शुल्क जांच किया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद फिरोज अहमद, राजकुमार चतुर्वेदी, व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रैपुरा थाने का एसपी ने किया निरीक्षण



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रविवार को थाना रैपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रैपुरा थाने के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की साफ-सफाई व थाना कार्यालय में रजिस्टरों के उचित रख-रखाव, बंदीगृह, सीसीटीएनएस कार्यालय, प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क एवं मेस थाना परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटि पर तैनात पुलिसकर्मियों से कहा कि प्रयागराज महाकुंभ मेले में धर्मनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए। साथ ही अनावश्यक रूप से रोड पर खड़े वाहनों को हटवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर रैपुरा थाना प्रभारी श्याम प्रताप पटेल, पीआरओ प्रदीप पाल सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत डीएम ने विंध्याचल पहुंच परखीं व्यवस्थाएं

**संवाददाता।** मीरजापुर



**महाकुंभ** मेला को देखते हुए विंध्याचल में भी प्रतिदिन काफी संख्या में दर्शनार्थी विंध्याचल मां विंध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन कर रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिए सुगम यातायात और सरलता पूर्वक दर्शन पूजन हो सके उक्त के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने विंध्याचल मंदिर तथा प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी प्रियंका ने पुरानी वी0आई0पी0 मार्ग से होते हुए न्यू वी0आई0पी0 मार्ग, सदर बाजार एवं पक्का घाट मार्ग तथा विंध्य कॉरिडोर परिसर का निरीक्षण कर ड्यूटी प्वाइंट पर लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

उन्होंने महाकुंभ मेला के आयोजन में मीरजापुर से होकर जाने और आने वाले वाहनों की संख्या अधिक होने के दृष्टिगत प्रतिदिन मां विंध्यवासिनी देवी जी का दर्शन पूजन करने के लिए काफी संख्या मेंश्रद्धालु आ रहे, यह स्थिति 15 फरवरी तक ऐसी ही स्थिति बने रहने की संभावना है। अतएव सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी की ड्यूटी 15 फरवरी तक लगाई गई है तथा श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन प्राप्त हो सके इसके लिए समस्त व्यवस्थाएं यातायात व्यवस्था रूट डायवर्जन की व्यवस्थाएं सुगम रूप से संचालित कराना सुनिश्चित करे। तत्पश्चात जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमन बर्मा ने बंगाली चौराहा पर पहुंचकर ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

इसके पूर्व जिलाधिकारी प्रियंका ने नटवा चौकी / जौनपुर तिराहा पहुंच कर ट्रैफिक व्यवस्था में लगे पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करें कि जाम न लगने पाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

### डीएम-एसपी कर रहे हैं श्रद्धालुओं की आवभगत



**अंबेडकर नगर।** महाकुंभ प्रयागराज से लौट रहे एवं अपने गंतव्य को जाने वाले यात्रियों (बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों के श्रद्धालु) का जनपद के विभिन्न सीमाओं एवं प्रमुख स्थलों श्रद्धालुओं का स्वागत एवं आवभगत की जा रही है। इसी के क्रम में जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक तथा अपर पुलिस अधीक्षक के साथ विभिन्न स्थलों यथा-चनहा चौराहा, यादव नगर चौराहा आदि स्थलों पर स्वयं पहुंचकर श्रद्धालुओं को मिठाई खिलाकर एवं जलपान प्रदानकर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान उप डिएम5 सीओ ,तहसीलदार तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# स्वचालित वील वॉशिंग सिस्टम का किया गया उद्घाटन



**सोनभद्र।** पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एनटीपीसी विंध्याचल ने एक और अनुकरणीय पहल की है। विंध्याचल प्लांट क्षेत्र में आज स्टेट आफ थे आर्ट ऑटोमैटिक वील वॉशिंग स्टम का उद्घाटन किया गया। यह सिस्टम विंध्याचल परियोजना के महा प्रबन्धक अनुरक्षण एवं ए डी एम ये जे राजकुमार के निर्देशन में इसका उद्घाटन मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी संजीव मेहरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विंध्याचल परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। ऑटोमैटिक वील वॉशिंग सिस्टम विंध्याचल परियोजना के परियावरण संवर्धन के दिशा में प्रयास है, जिसके तहत संयंत्र क्षेत्र के भारी वाहनो के पहियो से निकलनेवाली धूल और मिट्टी सिंप्रक्लेर के माध्यम से कम हो जाएगी जो वायु मण्डल और पर्यावरण को प्रदूषित करने से बचा सकेगी।

पर्यावरण की दिशा में यह पहल विंध्याचल परियोजना के कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणी कुमार एवं महा प्रबन्धक प्रचालन एवं अनुरक्षण संजीब कुमार साहा के मार्गदर्शन में स्वछता और पर्यावरण सुधार की दिशा में एक और कदम है।

# महाकुंभ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं से जाम हुई धर्म नगरी चित्रकूट



**चित्रकूट।** प्रयागराज महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या में भारी भीड़ के बाद एक बार फिर से प्रयागराज स्नान करने के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं का रेला तेज हुआ है। बीते तीन दिनों से धर्मनगरी में दिल्ली पंजाब गुजरात हरियाणा उत्तराखंड मध्य प्रदेश की गाड़ियों से भारी जाम लग रहा है। हालत यह है कि दिनभर बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से नेशनल हाईवे का चित्रकूट बॉर्डर मुरका होते हुए प्रयागराज तक ट्रैफिक फुल है। प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है बावजूद इसके हर थोड़ी देर में मुख्यालय में जाम की स्थिति बन जाती है। चित्रकूट के बेड़ी पुलिया तिराहा, बस स्टैंड धनुष चौराहा वह पेट्रोल पंप रेलवे स्टेशन तिराहे पर भीषण जाम लग रहा है।

शनिवार की देर शाम खुद पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह भीषण जाम को देखते हुए सड़क पर उतर आए और उन्होंने बेड़ी पुलिया पहुंचकर ट्रैफिक व्यवस्था संभाली। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए ड्रोन कैमरे की मदद ली जा रही है। शहर में जाम की स्थिति ऐसी है कि अब रोड क्रॉस करना भी शहर वासियों के लिए मुश्किल हो रहा है।

भरतकूप से लेकर शिवरामपुर बेड़ी पुलिया पुरानी बाजार बस स्टैंड धनुष चौराहा पटेल तिराहा में जगह-जगह ट्रैफिक पुलिस व अन्य फोर्स तैनात की गई है ताकि सुचारू रूप से वाहनों का संचालन हो सके और जाम से बचाव किए जा सके।

मध्य प्रदेश से आने वाले वाहनों की लंबी कतारें हनुमान धारा रोड़ देवांगना अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर देखी जा सकती हैं। कुंभ मेले में स्नान के बाद श्रद्धालु धर्मनगरी चित्रकूट पहुंच रहे हैं जहां वह मंदाकिनी में पुण्य स्नान कर कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा लगा रहे हैं जिसके चलते बेड़ी पुलिया से रामघाट तक भारी संख्या में वाहन दिखाई दे रहे हैं।

# झांसी-मीरज़ापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर झारखंड के श्रद्धालुओं की बस पलटी, 20 से अधिक घायल

**संवाददाता।** चित्रकूट



**प्रयागराज** के महाकुंभ से स्नान कर चित्रकूट दर्शन को आ रही झारखंड के श्रद्धालुओं से भरी बस झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र के पास टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गई।जिससे बस में सवार दो दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गये। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से बस में फंसे श्रद्धालुओं को बाहर निकाल कर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में भर्ती कराया।वहीं विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी,एसपी अरूण कुमार सिंह,एडीएम उमेश चंद्र निगम आदि ने मौके पर पहुंच घायलों का हाल जाना। साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मिली जानकारी के मुताबिक झारखंड के देवघर जिले के सरावां थाना क्षेत्र के तेलरिया एवं बगल के ही थाना सारठ के गांवों में में रहने वाले करीब 70 श्रद्धालु प्राइवेट स्लीपर बस से प्रयागराज महाकुंभ में संगम स्नान करने आए थे। यह सभी आपस में रिश्तेदार भी है। स्नान के बाद रविवार की सुबह चित्रकूट के लिए रवाना हुए थे। झांसी-मिर्जापुर नेशनल हाईवे में सुबह करीब 11 बजे बरेठी मोड़ के पास पहुंचते ही बस का अगला टायर अचानक फट गया।

उस दौरान बस तेज रफ्तार से दौड़ रही थी। टायर फटते ही जब तक चालक बस संभालता, अनियंत्रित बस हाईवे किनारे बाईं तरफ पलट गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। काफी देर तक श्रद्धालु बस के भीतर फंसे रहे और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। आसपास मौजूद ग्रामीण और हाईवे से गुजर रहे श्रद्धालु मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। इधर जानकारी मिलने पर प्रधानपति देउंधा दिलीप पांडेय व लोधौरा बरेठी प्रधान अयोध्या प्रसाद ने पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से बस में फंसे श्रद्धालुओं को आनन-फानन बाहर निकलवाया और प्राइवेट साधनों से सीएचसी रामनगर पहुंचाया।

सूचना मिलने पर एंबुलेंस भी तब तक पहुंच गई। एसपी अरुण सिंह, एसडीएम मऊ सौरभ यादव, सीओ मऊ, तहसीलदार व थाना प्रभारी रैपुरा श्याम प्रताप पटेल मौके पर पहुंचे। एसपी श्री सिंह ने बताया कि यह सभी श्रद्धालु चित्रकूट दर्शन करने आ रहे थे। इनको चित्रकूट के बाद मथुरा और अयोध्या भी दर्शन करने जाना था। सभी घायलों का सीएचसी में उपचार किया गया।

एक घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के बाद कुछ देर तक हाईवे में जाम की स्थिति बनी रही। बाद में प्रशासन ने आनन-फानन जेसीबी मंगवाकर बस को सीधा कराया। फिर हाईवे में आवागमन शुरु हो पाया।

इसके अलावा मौके पर पहुंचे मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने भी घायलों का हालचाल लिया।साथ ही घायल श्रद्धालुओं के इलाज की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। विधायक श्री द्विवेदी ने कहा कि घायल श्रद्धालुओं के ठीक होने के बाद बस का इंतजाम कर सकुशल उनके घर भेजवाया जायेगा।

# अवधूतराम कीर्ति स्थल पर ओपेन जिम के साथ स्वास्थ्य शिविर का लगा कैम्प



**सकलडीहा, सकलडीहा।** मनिहरा स्थित अवधूत भगवान राम कीर्ति स्थल पर रविवार को ग्रामीणों के लिये निऱ्शुल्क स्वास्थ्य शिविर और ओपेन जिम की शुरूआत किया गया । बतौर मुख्य अतिथि डा.वाईके राय सीएमओ ने अतिथियों के साथ फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस दौरान श्रीमती श्यामरती देवी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से 512 मरीजो का निऱ्शुल्क जांच परामर्श और दवा वितिरित किया। शिविर में निराश्रित महिलाओं को अतिथियों ने साड़ी वितरण किया।

सीएमओ डा.वाईके राय ने बताया कि श्यामरती देवी ट्रस्ट के ओर से दशकों से निऱ्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन का सराहनी पहल है। इसके साथ ही गांव में ओपेन जिम की शुरूआत कराने के लिये ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह की सराहना किया। इस शिविर में दंत,हड्डी,किडनी,हार्ट,दमा,बच्चो को विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने परामर्श दिया। इसके साथ ईसीजी,शुगर,ब्लड प्रेशर सहित विभिन्न जांच और उपचार कर उनको दवाइया दी गई। अंत में 100 गरीब महिलाओ को साड़ी वितिरित किया गया। शिविर में अमर ज्योति सेवा केंद्र के बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

## बांग्लादेश की त्रासदी

### विरासत का विनाश

बांग्लादेश अपनी विरासत नष्ट कर अपनी ही नीव खोखली कर रहा है जिसका निर्माण शेख मुजीबुर रहमान के अथक प्रयासों से हुआ था। बांग्लादेश अपनी ही विरासत नष्ट करने के रास्ते पर चल रहा है। शेख हसीना का तख्तापलट करने के बाद देश के अपने इतिहास को खारिज करने, संस्थाओं को नष्ट करने तथा अपने निर्माण की भावना को नुकसान पहुंचाने के प्रयासों में कोई कमी नहीं आई है। दु:ख की बात है कि ऐसा कर वह देश स्वयं को ही नष्ट कर रहा है। यह सब मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के कार्यकाल में हो रहा है, जबकि उनको अपनी निष्ठा तथा सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के लिए काम करने वाला व्यक्ति माना जाता है। 5 फरवरी, 2025 को ढाका में एक परेशान करने वाली घटना में प्रदर्शनकारियों ने देश के संस्थापक नेता शेख मुजीबुर रहमान के ऐतिहासिक आवास पर हमला बोल कर उसे नष्ट कर दिया। 32, धानमंडी में स्थित इस निवास को बंगबंधु स्मारक संग्रहालय में बदल दिया गया था जो स्वतंत्रता के लिए बांग्लादेश के संघर्ष की याद दिलाता था। बताया जाता है कि प्रदर्शनकारी 'स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन' आंदोलन से जुड़े थे और वे सोशल मीडिया पर 'बुलडोजर प्रदर्शन' के आह्वान पर एकत्र हुए थे। इसका उद्देश्य उस स्थल को नष्ट करना था जिसे उन्होंने 'फासीवाद का तीर्थस्थल' कहा था। सुरक्षा बलों की उपस्थिति के बावजूद इसे नष्ट करने के दौरान लगभग कोई विरोध नहीं हुआ। इस घटना ने अपनी ही विरासत के प्रति बांग्लादेश के दृष्टिकोण पर सवाल उठा दिए हैं।



देश के इतिहास में इतने महत्वपूर्ण स्थल का विनाश राजनीतिक इरादों तथा सामाजिक तनावों के जटिल संबंधों को प्रकट करता है। इस घटना के पीछे कट्टरपंथी व इस्लामवादी तत्वों का हाथ हो सकता है जो बांग्लादेश को कट्टर इस्लामी देश बनाने का प्रयास कर रही हैं।

मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार सक्रिय रूप से देश के ऐतिहासिक विमर्श में परिवर्तन कर रही है जिसमें 1971 के मुक्ति संघर्ष में मुजीबुर रहमान की केन्द्रीय भूमिका का स्तर गिराना शामिल है। इसमें स्कूली पाठ्यपुस्तकों को एक अलग संदर्भ से प्रस्तुत करना, विरोधी ऐतिहासिक दृष्टिकोणों को स्थान देना तथा मुजीब-युग के विवादों को हवा देना शामिल है। नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को सामाजिक व आर्थिक विकास में योगदान के लिए सम्मानित किया गया था पर अब वे ऐसे राष्ट्र के शिखर पर हैं जो अपनी ही पहचान के संकट में उलझा हुआ है। व्यापक विद्रोह द्वारा शेख हसीना का तख्ता उलटने के बाद उनके नेतृत्व में सुधारों और मानवाधिकार सरोकारों को लागू करने की उम्मीद थी। लेकिन हालिया ध्वस्तीकरण से राष्ट्रीय विरासत बनाए रखने पर सरकार के दृष्टिकोण पर सवाल उठ रहे हैं। यूनुस ने देश की चुनौतियों को पूर्व सरकार पर थोप दिया है। उन्होंने कहा कि 'हसीना ने सबकुछ नष्ट कर दिया' और आम चुनाव कराने के पहले संवैधानिक और न्यायिक सुधारों की आवश्यकता पर जोर दिया। मुजीबुर रहमान का आवास ध्वस्त करने की घटना से घरेलू व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीखी प्रतिक्रिया हुई है। भारत ने इस कृत्य की निन्दा करते हुए इसे 'निंदनीय' बताया है। शेख मुजीबुर रहमान का ध्वस्त किया गया आवास बांग्लादेश में जनता के कब्जावर और उत्पीड़क शक्तियों के खिलाफ वीरतापूर्ण प्रतिरोध का प्रतीक था। बांग्लादेश इस समय उथलपुथल भरे समय का सामना कर रहा है। ऐसे में राष्ट्रीय विमर्श उलटने के प्रयास से समृद्ध ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को वर्तमान परिस्थितियों में व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, नहीं तो उनको भविष्य में ऐसे व्यक्ति के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने अपने ही देश को बरबाद कर दिया।

# विश्व व्यापार संगठ्न पर मंडराता खतरा

एक समय अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य का केन्द्र रहे विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ पर आर्थिक राष्ट्रवाद के उभार तथा क्षेत्रीय व्यापार समझौतों के कारण खतरा मंडरा रहा है।



**संतोष मैथ्यू**
(लेखक, सह प्रोफेसर हैं)




विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ की स्थापना 1995 में 'जनरल एग्रीमेंट आन टैरिफ एंड ट्रेड'-गैट्स के उत्तराधिकारी के रूप में हुई थी और इसे स्वतंत्र व न्यायोचित विश्व व्यापार का संरक्षक माना जाता था। इसकी स्थापना यह सुनिश्चित करने के लिए की गई थी कि व्यापार सहज रूप से अनुमानों के आधार पर तथा यथासंभव स्वतंत्र रूप से चले, व्यापार बाधायें कम हों और यह वार्ताओं का मंच प्रदान करे। लेकिन 2025 में अपनी 30वीं वर्षगांठ तक इस पर सवाल उठने लगे हैं।

सवाल है कि क्या डब्लूटीओ अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है? इसका कारण यह है कि पिछले दशक में डब्लूटीओ की विश्वसनीयता में लगातार गिरावट आई है। एक समय इसे विश्व व्यापार व्यवस्था का आधार स्तंभ माना जाता था, पर अब यह स्वयं को बढ़ते आर्थिक राष्ट्रवाद, व्यापार युद्धों और संस्थागत विकलांगता से ग्रस्त पा रहा है। संगठन की विवाद समाधान व्यवस्था को इसके मुकुट का हीरा माना जाता था, पर यह 2019 से निष्प्रभावी हो गई है। इसका कारण अमेरिका द्वारा अपीलीय संस्था में न्यायिक नियुक्तियों पर प्रतिबंध लगाना है। बिना कारगर विवाद समाधान व्यवस्था के डब्लूटीओ की व्यापार नियम लागू करवाने की क्षमता काफी कमजोर हो गई है। इससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार विवादों का प्रभावी समाधान लगभग असंभव हो गया है। इसकी विवाद समाधान संस्था-डीएसबी को प्रभावी और न्यायोचित मध्यस्थ के रूप में देखा जाता था, पर अब यह राजनीतिक दांवपेंच के कारण विकलांग हो गई है और प्रमुख अर्थव्यवस्थायें इसके निर्णयों का पालन करने की अनिच्छुक दिख रही हैं। डब्लूटीओ की स्थापना व्यापार टकरावों को रोकने तथा सबको समान आधार प्रदान करने के लिए की गई थी, पर यह अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के मामले में शक्तिहीन दिखा। दोनों देशों ने डब्लूटीओ ढांचे का प्रयोग करने के बजाय एकपक्षीय टैरिफ व जवाबी कार्रवाइयां कीं। मध्यस्थता करने या प्रभावी समाधान देने में अक्षमता के कारण डब्लूटीओ की घटती प्रासांगिकता सामने आई। यह ऐसे समय में हो रहा था जब आर्थिक महाशक्तियां बहुपक्षीयता के बजाय द्विपक्षीय और क्षेत्रीय वार्ताओं को वरीयता दे रही थीं। व्यापार युद्ध के कारण डब्लूटीओ की क्षमता में विश्वास और टूट गया। वह वैश्विक व्यापार नियमों को लागू कराने में अक्षम हो गया तथा दूसरे देश लगातार संरक्षणवादी नीतियां अपनाते रहे।

डब्लूटीओ के अंतर्गत एक सर्वाधिक विवादास्पद मुद्दा बौद्धिक संपदा अधिकार-आईपीआर विनियमनों में छेड़छाड़ थी जो खासकर बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार संबंधी आयामों-ट्रिप्स समझौते का महत्वपूर्ण अंग था। विकसित देशों, खासकर अमेरिका और यूरोपीय संघ ने आईपीआर नियमों का अपने फार्मास्यूटिकल व तकनीकी उद्योगों के लिए लाभ उठाने में प्रयोग किया जिसका खामियाजा अक्सर विकासशील देशों को भुगतना पड़ा। कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान डब्लूटीओ की आलोचना वैक्सीनों पर पेटेंट सुरक्षा हटाने में उसकी धीमी प्रतिक्रिया के कारण हुई, जबकि इससे गरीब देशों को वैक्सीनों तक आसान पहुंच मिल सकती थी।

> **सवाल है कि क्या डब्लूटीओ अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है? इसका कारण यह है कि पिछले दशक में डब्लूटीओ की विश्वसनीयता में लगातार गिरावट आई है। एक समय इसे विश्व व्यापार व्यवस्था का आधार स्तंभ माना जाता था, पर अब यह स्वयं को बढ़ते आर्थिक राष्ट्रवाद, व्यापार युद्धों और संस्थागत विकलांगता से ग्रस्त पा रहा है।**

समतापूर्ण विश्व व्यापार सुनिश्चित करने के बजाय अक्सर डब्लूटीओ पर आईपीआर क्रियान्वयन के नाम पर अमीर देशों के वाणिज्यिक हितों को संरक्षण देने का आरोप लगता है। डब्लूटीओ में गतिरोध क्षेत्रीय व्यापार समझौतों-आरटीए के उभार के साथ आया है। इनमें 'कांप्रीहेंसिव एंड प्रोग्रेसिव एग्रीमेंट फार ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप'-सीपीटीटीपी तथा 'रीजनल कांप्रीहेंसिव इकोनोमिक पार्टनरशिप'-आरसीईपी शामिल हैं। इन समझौतों ने डब्लूटीओ ढांचे को किनारे छोड़ कर व्यापार उदारीकरण के वैकल्पिक रास्ते प्रदान किए हैं। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं द्वारा क्षेत्रीय व्यापार समझौतों को प्राथमिकता देने के कारण विश्व व्यापार मध्यस्थ के रूप में डब्लूटीओ की भूमिका कमजोर हो गई है।

क्षेत्रवाद की ओर यह झुकाव डब्लूटीओ के अधिकार को नुकसान पहुंचाता है क्योंकि अब अधिकांश देश बहुपक्षीय व्यवस्थाओं के बाहर व्यापार शर्तों पर समझौते ज्यादा लाभदायक मानते हैं। एक समय विकासशील देशों को उम्मीद थी कि डब्लूटीओ व्यापार असमानताओं को संबोधित करेगा, पर अब वे इसे अपने साथ धोखे की तरह देख रहे हैं। 2001 में विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के सरोकारों को संबोधित करने वाला 'दोहा विकास एजेंडा' अभी अधूरा पड़ा है। अमीर देश अपने किसानों को लगातार भारी कृषि सब्सिडी दे रहे हैं, जबकि विकासशील देशों को असमान स्थितियों के कारण प्रतियोगिता में संघर्ष करना पड़ रहा है। इसके साथ ही विकसित देशों पर पर्यावरणीय व श्रम मानकों का प्रयोग विकासशील देशों से आने वाले निर्यातों को रोकने के लिए गैर-टैरिफ बाधा के रूप में करने के आरोप लग रहे हैं। डब्लूटीओ द्वारा अपने वादे पूरे करने में विफलता के कारण उसके प्रति विश्वास बहुत कम हो गया है तथा उभरती अर्थव्यवस्थाओं में उसके प्रति गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। डब्लूटीओ की विवाद समाधान व्यवस्था के विकलांग हो जाने का कारण प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं द्वारा उसे अनदेखा करना है। व्यापार युद्धों तथा क्षेत्रीय समझौतों के कारण विकासशील देश उसके वादों पर विश्वास खो रहे हैं और संगठन अपने अस्तित्व पर खतरा महसूस कर रहा है।

संरक्षणवादी उपायों, रणनीतिक व्यापार नीतियों तथा बढ़ते आर्थिक राष्ट्रवाद के कारण मुक्त व्यापार और न्यायोचित प्रतियोगिता के डब्लूटीओ के मूल सिद्धान्त लगभग नष्ट हो रहे हैं। शक्तिशाली सदस्य देशों के प्रतिरोध के कारण उसमें सुधार के प्रयास धीमे हैं। यदि डब्लूटीओ का समुचित ढांचागत पुनर्गठन नहीं होता है और वह अपना अधिकार पुन: नहीं प्राप्त करता है तो उसके निरर्थक होने का खतरा है। हालांकि, अपनी समस्याओं के बावजूद अभी डब्लूटीओ की स्थिति सुधर सकती है।


अपीलीय संस्था को पुनर्जीवित कर, व्यापार नियमों को प्रभावी रूप से लागू कर तथा विकसित एवं विकासशील देशों को समान लाभ सुनिश्चित कर उसकी वैधता बहाल करने में सहायता मिल सकती है। आईपीआर के दुरुपयोग को संबोधित कर, न्यायोचित कृषि नीतियां सुनिश्चित कर तथा महाशक्तियों के टकराव के कारण व्यापार विकृतियां दूर करने के प्रयास डब्लूटीओ को अप्रासांगिक होने से बचाने के लिए जरूरी हैं। लेकिन इसके लिए विश्व नेताओं की मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति जरूरी है जो वर्तमान समय में बहुत कठिन लग रही है।

30 वर्ष का हो रहे डब्लूटीओ को एक कटु यथार्थ का सामना करना पड़ रहा है- स्वयं को बदलो या अप्रासांगिकता के अंधेरे में खो जाओ। यदि तत्काल सुधार नहीं किए जाते हैं तो जल्द ही विश्व व्यापार व्यवस्था एक ऐसे संस्थान का अंत देखेगी जिसे एक समय अपरिहार्य माना जाता था।

# कैंसर से मुक्त होने के बाद...


> **"जागरूकता, शिक्षा और करुणा के ज़रिए हम एक ज़्यादा समझदार समाज बना सकते हैं। यह कहानी साझा करके, मैं इन वास्तविकताओं पर प्रकाश डालने और सार्थक बदलाव को प्रोत्साहित करने की उम्मीद करती हूं।"**

**शर्मिला वैद्य**
(लेखिका, शिक्षाविद हैं)



मेरे कैंसर के इलाज के चार साल बाद, यह एक और सुबह की बात थी, जब मैं अपनी दवा लेने के लिए अपने स्थानीय फ़ार्मेसी में गयी। फ़ार्मेसी मेरे घर से सिर्फ़ एक मील की दूरी पर थी, एक परिचित रास्ता जिसे मैं अनगिनत बार ले चुका था। लेकिन घर वापस आते समय, मैंने एक गलत मोड़ ले लिया। जैसे ही मैंने चारों ओर देखा, यह पता लगाने की कोशिश की कि वापस कैसे जाऊँ, घबराहट और भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। मुझे नहीं पता था कि मैं कहां हूं या किस रास्ते से जाना है। चार साल पहले, यह कोई समस्या नहीं होती। मैं बस पीछे मुड़ जाती और बिना किसी दूसरे विचार के अपने घर का रास्ता ढूंढ़ लेती। हालांकि, अब, ऐसी परिस्थितियां जो कभी सामान्य और सहज थीं, भयावह और भारी लगती हैं। गणित मेरे सबसे मजबूत विषयों में से एक हुआ करता था। मैं सरल समस्याओं को तुरंत हल कर सकता था। लेकिन पिछले कुछ सालों में, बुनियादी गणनाएँ भी कठिन हो गई हैं। मैं खुद को हर चीज़ पर दोबारा विचार करते हुए पाता हूँ। संख्याएँ स्थिर नहीं रहतीं; वे धुंधली लगती हैं और मेरे दिमाग में तैरती रहती हैं।

यहां तक कि रेस्टोरेंट में ऑर्डर करने जैसे सरल कार्य भी चुनौतीपूर्ण हो गए हैं। जबकि हर कोई ऑर्डर करने के लिए तैयार है, मैं अभी भी मेनू को देख रही हूं, विकल्पों से अभिभूत हूं और निर्णय लेने में असमर्थ हूं। मुझे अचानक पता चलता है कि हर कोई मेरी ओर देख रहा है, इंतजार कर रहा है। जब तक मैं आखिरकार चुनती हूं, तब तक मैं इतना चिंतित और तनावग्रस्त हो जाती हूं कि मैं अक्सर कुछ ऐसा ऑर्डर कर देती हूं जो मुझे पसंद भी नहीं होता। ये कुछ ऐसी चुनौतियां हैं जिनका मैं नियमित रूप से सामना करता हूं। जो चीजें पहले सहज लगती थीं, अब वे बहुत भारी लगती हैं।



जब मैं लड़खड़ाता हूं या हिचकिचाता हूं, तो मैं अक्सर बहाने बनाती हूं - ओह, मैं भूल गया या इसके लिए खेद है - या मैं इतना घबरा जाती हूं कि मैं स्थिति से पूरी तरह से बचती हूं। ऐसा लगता है कि मैं एक खड़ी, दांतेदार पहाड़ी पर चढ़ रही हूं, जो गिरने से बचने की पूरी कोशिश कर रही है। मैं लगातार चीजों को सही करने के तरीके खोज रहा हूं, लेकिन कभी-कभी, किसी के चेहरे पर दिखने वाली मुस्कान ही मुझे याद दिलाती है कि मैं कितनी गिर गयी हूं। लेकिन यह लेख केवल मेरे व्यक्तिगत संघर्षों के बारे में नहीं है, यहां तक कि उपचार के चार साल बाद भी। यह एक व्यापक मुद्दे के बारे में है - कैंसर के दीर्घकालिक शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक प्रभावों के बारे में समाज में जागरूकता की कमी, जो अक्सर उपचार समाप्त होने के बाद भी लंबे समय तक बनी रहती है। इस जागरूकता के बिना, लोग अनजाने में क्रूर और आलोचनात्मक हो सकते हैं। मेरा मानना है कि हम खुले दिमाग और सहयोग के माध्यम से इस अंतर को पाट सकते हैं। कैंसर से बचे लोगों के लिए उपचार के बाद जीवन को आगे बढ़ाने के लिए सहायता समूह, सामुदायिक संसाधन और पारिवारिक समझ आवश्यक है। स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को रोगियों और उनके परिवारों को कैंसर के दीर्घकालिक प्रभावों के बारे में जल्दी से शिक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इससे मुझे और मेरे परिवार को आने वाले वर्षों के लिए बेहतर तरीके से तैयार होने में मदद मिलेगी। काम पर लौटने वाले कर्मचारियों के लिए एक सहायक वातावरण को बढ़ावा देने के लिए नियोक्ताओं को कार्यशालाएँ प्रदान की जानी चाहिए, जिसमें कार्यस्थल की नीतियों में लचीले घंटे और मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर ज़ोर दिया जाना चाहिए।

फिल्मों, टेलीविजन, सोशल मीडिया और किताबों में कैंसर से बचे लोगों के बारे में सटीक जानकारी दी जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त, व्यक्तिगत कहानियां साझा करना सार्वजनिक धारणा को बदलने का एक शक्तिशाली तरीका हो सकता है। जैसे-जैसे मैं इस पहाड़ पर चढ़ती जा रहा हूं, मैं अभी भी ठोकर खाती हूं और गिरती हूं, लेकिन मुझे पता है कि मैं शीर्ष पर पहुंचूंगी। अपनी यात्रा को साझा करके, मैं उन लोगों की मदद करने की उम्मीद करती हूं जो संघर्ष कर रहे हैं और उन लोगों को बेहतर समझ प्रदान करना चाहती हूं जो संघर्ष नहीं कर रहे हैं। कैंसर के बाद के जीवन के बारे में बोलने में मुझे कई साल लग गए, लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने आखिरकार ऐसा किया। कैंसर से बचना सिर्फ़ राहत पाने से कहीं ज़्यादा है - यह एक ऐसी ज़िंदगी भर की यात्रा है जो अनदेखे संघर्षों से भरी हुई है। जबकि दुनिया आगे बढ़ रही है, बचे हुए लोगों को अक्सर संज्ञानात्मक, भावनात्मक और शारीरिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जो रोज़मर्रा की ज़िंदगी को भारी बना सकती हैं।

लेकिन जागरूकता, शिक्षा और करुणा के ज़रिए हम एक ज़्यादा समझदार समाज बना सकते हैं। अपनी कहानी साझा करके, मैं इन वास्तविकताओं पर प्रकाश डालने और सार्थक बदलाव को प्रोत्साहित करने की उम्मीद करती हूं। अगर हम साथ मिलकर काम करें - परिवार, नियोक्ता, स्वास्थ्य सेवा प्रदाता और मीडिया - तो हम एक ऐसी दुनिया बना सकते हैं जहाँ बचे हुए लोग अलग-थलग होने के बजाय समर्थित महसूस करें। बोलने में समय लगा, लेकिन अगर मेरी आवाज़ से एक भी व्यक्ति की मदद होती है, तो यह इसके लायक था।

## आप की बात

### 'आप' की हार

**गुरु** गुड़ और चेला शक्कर पर गुरु की सीख को नजर अंदाज करने वाले आप पार्टी के नेता अब हार पर चिंतन कर रहे हैं। माया लोभ व लालच के यह महल जनता के मत के आगे सब नतमस्तक हो गये। यही भारत के दिल दिल्ली में देखने को मिला। अभिमान तो सोने की लंका वाले राजा रावण का नहीं रहा तो आप किस खेत की मूली हो । राजनीतिक दलों को अपनी पार्टी कार्यकर्ताओं व जनमानस के आत्मविश्वास पर ही नेतागीरी करनी चाहिए। समय बदल गया है यह पब्लिक है सब जानती है अंदर क्या और बहार क्या है। एक जन आंदोलन लोकपाल से शुरू हुई एक राजनीतिक पार्टी का भविष्य इतनी जल्दी शिखर से नीचे धरातल पर आ गया इसके लिए उस के अपने वरिष्ठ नेतागण ही जिम्मेदार है। वह जनता जनार्दन के भरोसे पर खरा क्यों नहीं उतर पाई दिल्ली विधानसभा चुनाव में यह बात की बात है। राजनीति भी क्रिकेट जैसी अनिश्चिता का सबक़ बन गई है। ऊंट किस करवट बैठेगा शह और मात के इस दौर में जीत हार का अंदाजा लगाया बहुत मुश्किल है। फ्री की रेवड़ी कल्चर में वर्तमान राजनीति बहुत दूर है । जनमानस भी यही चाहती है की हर राज्य व देश विकास करें आगे बढ़े लालच व मुफ्त की खोखली घोषणाओं से दूर अच्छे प्रदेश व देश के लिए जनता जागरूक हैं। इसलिए वह जनादेश सोच समझ कर देती है।

– **हरिहर सिंह चौहान**, इंदौर

### कांग्रेस की दुर्भावना

**यह** मुद्दा कांग्रेस द्वारा 1956 में साधुओं के पंजीयन के नियम से जुड़ा हुआ है, जिसे कांग्रेस सरकार ने लागू किया था। इस नियम को लेकर कई लोगों का मानना है कि कांग्रेस ने सनातन के प्रति अपनी दुर्भावना जाहिर कर दी थी। इस मुद्दे को समझने के लिए, हमें पहले यह जानना होगा कि सनातन और कांग्रेस के बीच क्या संबंध हैं। सनातन एक प्राचीन और व्यापक धर्म है, जो भारत में प्रमुखता से प्रचलित है। कांग्रेस, दूसरी ओर, एक राजनीतिक दल है जो भारत में एक प्रमुख भूमिका निभाता है। 1956 में साधुओं के पंजीयन के नियम को लेकर कांग्रेस सरकार की नीति को लेकर कई सवाल उठाए गए थे। इस नियम के तहत, साधुओं को अपने आप को पंजीकृत करना पड़ता था, जो कई लोगों को अनुचित लगा था। इस नियम को लेकर कई लोगों का मानना है कि कांग्रेस सरकार ने सनातन के प्रति अपनी दुर्भावना जाहिर कर दी थी। हालांकि, इस मुद्दे पर कांग्रेस सरकार की ओर से कई तर्क दिए गए हैं। उन्होंने तर्क दिया है कि इस नियम का उद्देश्य साधुओं के अधिकारों की रक्षा करना था। उन्होंने यह भी तर्क दिया है कि इस नियम को लेकर कांग्रेस सरकार ने सनातन के प्रति अपनी दुर्भावना जाहिर नहीं की थी। इस मुद्दे पर कई विशेषज्ञों की राय है कि कांग्रेस सरकार की नीति को लेकर कई सवाल उठाए गए थे।

– **विभुक्ति बुपक्या**, खाचरोद, मप्र

### जलवायु परिवर्तन की मार

**कश्मीर** घाटी अभी जलवायु परिवर्तन के भयंकर प्रहार को झेल रही है। जनवरी-फरवरी में घाटी ने 88त्न कम वर्षा देखी, जबकि दिसंबर 2024 में भी 58त्न कम बारिश हुई। इसके परिणामस्वरूप, कड़कती ठंड के दिन सिमट गए हैं और असमय गर्मी का अनुभव हो रहा है। यह परिवर्तन न केवल वर्तमान के लिए चिंताजनक है बल्कि भविष्य के लिए भी एक गंभीर संकेत है। विशेषज्ञों का मत है कि यदि यह स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में जल का भीषण संकट उपस्थित हो सकता है। ग्लेशियर, जो जल के प्रमुख स्रोत हैं, तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे घाटी के जल संसाधनों पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। पहले, ठंड के दौरान तापमान जमाव बिंदु से नीचे रहता था जिससे बर्फबारी संतुलित रहती थी, लेकिन अब तापमान में असामान्य वृद्धि दिख रही है। इससे न केवल ग्लेशियर क्षीण हो रहे हैं बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र भी असंतुलित हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, वर्षा में भारी गिरावट के कारण घाटी के कई क्षेत्रों में लंबे समय तक शुष्क मौसम बना रहेगा। यदि यह प्रवृत्ति जारी रही तो नदियों और जलधाराओं का अस्तित्व ही खतरे में पड़ सकता है। यह सिर्फ मौसम का बदलाव नहीं, बल्कि एक गंभीर चेतावनी है। जलवायु असंतुलन का यह क्रम अगर नहीं रुका तो आने वाले वर्षों में कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता और जीवनदायिनी जलधाराएं केवल इतिहास बनकर रह जाएंगी।

– **आरके जैन, बड़वानी**, मप्र

### दिल्ली में भाजपा

**भाजपा** 27 साल के वनवास से निजात पाकर दिल्ली में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है. यह बीजेपी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि भाजपा ने इस बार रिकार्ड मतों से जीतने वाली आम आदमी पार्टी को हराकर दिल्ली की सत्ता पर कब्जा किया है। दिल्ली के मतदाताओं की भी तारीफ करनी होगी जिन्होंने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का काम किया है. अब दिल्ली वालों को डबल इंजन की सरकार मिलेगी। दिल्ली वालों उम्मीद करते हैं कि उप राज्यपाल और दिल्ली सरकार में कोई टकराव नहीं होगा और केंद्र सरकार से भी भरपूर सहयोग मिलेगा। अब बीजेपी के लिए चुनौती होगी कि दिल्ली में सीवरेज सिस्टम को ठीक किया जाए, जल निकासी को ठीक किया जाए, दिल्ली के सड़कों को ठीक किया जाए, कानून व्यवस्था को ठीक किया जाए। बीजेपी सरकार को सोचना होगा कि कूड़ा निस्तारण प्रबंधन और कूड़े के पहाड़ों को कैसे खत्म किया जाए। दिल्ली में सभी सड़कों के फुटपाथों पर पर अतिक्रमण है। लेकिन इस बार आम आदमी पार्टी की हार के कारण दिल्ली में शराब नीति रही जिसके कारण महिलाओं में बड़ा रोष था।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# दिल्ली में भाजपा की जीत की खुशी में लालगंज में निकाला गया विजय जुलूस

**संवाददाता।** लालगंज, रायबरेली



**हिंदुस्तान** की राजधानी दिल्ली पर भारतीय जनता पार्टी ने जो परचम लहराया है उससे भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं को अपार खुशी हुई है। रविवार को भारतीय जनता पार्टी के सैकडो कार्यकर्ताओं ने लालगंज नगर के महावीर होटल परिसर मे जहां एक दूसरे के कुमकुम टीका लगाकर भाजपा की जीत की बधाई दी ,वहीं होली से पहले ही अमीर गुलाल खेल कर एक दूसरे के गले लगे। उसके पश्चात डीजे और गाजे बाजे के साथ नगर की सडकों में भाजपा की भगवा टोपी लगाये कार्यकर्ताओं का हुजूम विजय जुलूस के रूप में उमडा पड़ा।

जय श्री राम,भारत माता की जय, भाजपा जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी योगी जिंदाबाद के उद्घोष से लालगंज नगर गुंजायमान हो उठा। विजय जुलूस का समापन अटल चौक में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की मूर्ति पर माल्यार्पण और जलेबी वितरण से हुआ। विजय जुलूस का संयोजन और संचालन भाजपा विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए भाजपा नेता जेपी सिंह, हरि शंकर पांडे, अनूपपांडे, दीप प्रकाश शुक्ला, शिव प्रकाश पांडे ,चंद्र प्रकाश पांडे, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष उमेश सिंह ,चंदन त्रिवेदी ,मंडल अध्यक्ष प्रदीप लोधी ने दिल्ली की जीत को भाजपा की ऐतिहासिक जीत करार देते हुए कहा कि अब वह समय दूर नहीं है, जब पूरे देश में भगवा लहराएगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे भारत में कमल खिलाने में सफल होंगे। दिल्ली और मिल्कीपुर में मिली अभूतपूर्व जीत के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को जोरदार बधाई दी है।

# सेवानिवृत शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का सम्मान समारोह



**गौरीगंज, अमेठी।** उत्तर प्रदेशीय सीनियर बेसिक शिक्षक संघ-अमेठी के जिलाध्यक्ष राज किशोर सिंह के नेतृत्व में सेवानिवृत शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का सम्मान समारोह,अधिवेशन एवं चुनाव का आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी मनीषी एवं मुख्य-अतिथि राजा मयंकेश्वर शरण सिंह,राज्यमंत्री, विशिष्ट-अतिथि-राकेश प्रताप सिंह,विधायक-गौरीगंज,एवं अवधेश कुमार मिश्र-प्रान्तीय अध्यक्ष,सीनियर बेसिक शिक्षक संघ-अमेठी रहे।इस अवसर पर सहायता प्राप्त विद्यालयों के 189 शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।इस समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य-अतिथि मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान होना ही चाहिए।

आप सभी ने अपनी शिक्षा,क्षमता एवं कर्मठता से समाज के बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देने का कार्य किया है। हम आपके स्वस्थ,सुखी एवं दीर्घायु जीवन की मंगल कामना करते हैं। राकेश प्रताप सिंह जी ने कहा शिक्षक ही है जो बच्चों को शिक्षा के साथ ही साथ अनुशासन व संस्कार सिखाता है। संस्कारवान बच्चे ही देश के उत्थान में सहायक सिद्ध होते हैं।

# जॉबकार्ड धारक की फर्म एक करोड़ से ज्यादा का भुगतान पाकर हुई मालामाल

● कदौरा विकासखंड की ग्राम पंचायत से जुड़ा मामला

**संवाददाता।** उरई, जालौन

**कदौरा** विकासखंड में एक जॉबकार्ड धारक ने स्वयं की फर्म बनाकर ग्राम पंचायतों में कराये गये वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही एक करोड़ से ज्यादा रकम के कार्य कराकर उसका भुगतान भी प्राप्त करने में सफलता की सीढ़ी चढ़ ली। हैरानी की बात तो यह है कि उक्त जॉबकार्ड धारक ने अपनी ही फर्म में काम भी किया जिसकी उसे मजदूरी का भुगतान भी बैंक खाते में पहुंचाया गया। सूत्रों की मानें तो उक्त जॉबकार्डधारक का एक परिजन पंचायत मित्र भी है उसका भी जॉबकार्ड बना हुआ है। ऐसी स्थिति में कथित तरीके से जो जॉबकार्ड धारक की फर्म को कार्य के बदले एक करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान होना भी विकासखंड कार्यालय में अब चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि अभी तक इस मामले में किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने मुंह नहीं खोला और न ही कोई स्पष्टीकरण दिया है। जनपद में कदौरा विकासखंड की ग्राम पंचायतों में फर्जीबाड़ा का ऐसा मकड़जाल फैला हुआ है कि जहां ग्राम प्रधान बगैर काम कराये ही मनरेगा योजना में मजदूरी की फर्जी फोटो लगाकर भुगतान निकालने का तानाबाना बुनते रहते हैं जिनका समय से खुलासा हो गया तो उसकी जांच शुरू हो जाती है लेकिन जांच के बाद क्या हुआ इस बात का जबाव कोई भी जिम्मेदार अधिकारी देना नहीं चाहता है। लेकिन इससे भी चार कदम आगे चलकर एक ग्राम पंचायत के जॉबकार्ड धारक ने बाकायदा अपनी एक फर्म का रजिस्टर्ड कराने के बाद धड़ाधड़ तरीके से काम करवाकर वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1 करोड़ 16 लाख 7 हजार 36 रुपये का भुगतान भी प्राप्त कर लिया। इस मामले में सबसे मजे की बात तो यह है कि कथित फर्म के कर्ताधर्ता ने जॉबकार्ड पर मजदूरी भी की और मजदूरी का भुगतान भी बैंक खाते में प्राप्त किया।

सूत्रों की मानें तो कथित फर्म के कर्ताधर्ता का एक परिजन एक ग्राम पंचायत में पंचायत मित्र बताया जाता है। इस मामले की जानकारी विकासखंड के जिम्मेदार अधिकारियों को भी भलीभांति है लेकिन उन्होंने इसी फर्म को सबसे ज्यादा काम देकर उसकी लॉटरी लगा दी। यही कारण है कि अब जॉबकार्ड धारक की फर्म एक करोड़ से ज्यादा का भुगतान प्राप्त करने की कागजी कार्यवाही पूरी कर डाली और किसी को भी कानोंकान इसकी भनक तक नहीं लगी। विकासखंड के सूत्रों की मानें तो उसका एक परिजन कारीगर भी है उसने भी उसी फर्म के अंडर में काम किया और 25 दिन की मजदूरी बैंक खाते में प्राप्त की।

# सैनिक स्कूल में अंतर सदनीय संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन



**अमेठी।** सैनिक स्कूल अमेठी में एक रोमांचक अंतर सदनीय संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पारंपरिक लोकगीतों और लोक नृत्यायों से लेकर भाषा और संस्कृति की सीमाओं में परे आधुनिक प्रस्तुतियों तक प्रत्येक सदन ने मंच पर उत्कृष्ट एवं मनोरम प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाते हुए अमेठी लोकसभा क्षेत्र के सांसद किशोरी लाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा सभी कैडेटो का उत्साहवर्धन किया गया और उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में हाजी पीर नौशेरा कोहिमा और जोजिला सदनों के प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया, शानदार प्रदर्शन के आधार पर जो जिला हाउस प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि हाजीपीर हाउस द्वितीय स्थान प्राप्त किया अंतर सदनीय प्रतियोगिता से कैडेट्स के बीच छिपा प्रतिस्पर्धा कौशल का विकास होता हैं। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल गीता महाडीक, प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर सिद्धार्थ शेखर नेहरा एवं समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

# गुरू गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य मेले का हुआ समापन

**संवाददाता।** श्रावस्ती, भिनगा





**नेशनल** मेडिकोज आर्गेनाइजेशन अवध प्रांत द्वारा आयोजित पांचवी गुरू गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य मेला का भिनगा स्थित जूनियर हाईस्कूल में समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एनएमओ अवध प्रान्त के अध्यक्ष डॉक्टर संदीप एनएमओ के गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के सचिव डॉ भूपेंद्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एनएमओ अवध प्रान्त के अध्यक्ष डॉक्टर संदीप ने इस यात्रा के पांच सफलतम वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं दी कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश के राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मंत्री महोदय ने कहा कि नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन एवं गुरु गोरखनाथ न्यास द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम अब एक अभियान बन चुका है जो वंचित लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है जो आर्थिक एवं सामाजिक एवं भौगोलिक रूप से स्वास्थ्य संबंधित कल्याणकारी योजनाओं से वंचित थे। उन्होने कहा कि कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित न रहने पाए इसके लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है सरकार की मंशा है कि दूर-दराज के गांवो में भी सबकों स्वास्थ्य सेवाओं शिक्षा एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले तथा कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से अछूता न रहने पाए इसके लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी के बेहतर स्वास्थ्य के लिए निरंतर प्रयास कर रही है इसी के तहत इस स्वास्थ्य मेले का आयोजन कर गांव एवं दूर दराज के क्षेत्र के जरूरतमंदों लोग को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है जिसका वे लाभ उठा कर अपना इलाज करा सकते है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत जूनियर हाई स्कूल भिनगा के खेल प्रांगण में विशाल स्वास्थ्य मेला के साथ संपन्न हो गया इस सेवा यात्रा के तहत दिनांक 6 फरवरी को लखनऊ के विभिन्न संस्थान से आए चिकित्सकों ने दिनांक 8 फरवरी तक श्रावस्ती जिले के भारत नेपाल सीमा के थारू बहुत 40 गाँव में निशुल्क स्वास्थ्य पर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन 9 फरवरी को भिनगा के जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं का चिकित्सक इकट्ठा हुए एवं यहां पर विशाल स्वास्थ्य मेला में मरीजों को एवं नि:शुल्क जांच एवं परामर्श के साथ आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई। यात्रा में दो दिनों में हरिहरपुर रानी जमुनहा एवं सिरसिया खंड के मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गई साथ ही स्तन कैंसर हेपेटाइटिस बीपी एवं शुगर की जांच की गई।

# मेरठ ने लखनऊ टीम को 8 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा



**कदौरा, जालौन।** बावनी क्रिकेट चौलेंज कप टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को नगर स्थित मुमताज मिनी स्टेडियम में मेरठ और लखनऊ के बीच हुआ। मेरठ ने लखनऊ को 8 विकेट से शिकस्त दी। समापन में मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मो. जमीर आलम ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। प्रतियोगिता में हार-जीत तो लगी रहती है। मनोरंजन करो और अपनी ओर से अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करो। खेल हमेशा लोगों को जोड़ता है। ऐसे टूर्नामेंट हमेशा ही होने चाहिए। जिससे आपसी भाईचारा बना रहे कहा कि खेलों से शारीरिक बल तो मिलता ही है साथ ही उत्साह व ऊर्जा के संचार के साथ मनोरंजन भी होता है। फाइनल मैच मेरठ और लखनऊ के बीच खेला गया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी की। विभित जोशी के 28 रनों की बदौलत 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 110 रन ही बना पाई। जवाब में मेरठ की टीम ने 12 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सुमित ने 52 रनों की पारी खेली। मेरठ ने लखनऊ को 8 विकेट से हराकर ट्रॉफी और इनामी राशि पर कब्जा जमा लिया। इंस्पेक्टर ऐनुद्दीन ने मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर सुमित को मैनऑफद मैच का पुरुस्कार दिया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मेरठ के शारिब को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया।

# हरचंदपुर के गांव में पीडीए चर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** हरचंदपुर



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर विधानसभा क्षेत्र हरचंदपुर के बकुलिहा गांव में पीडीए चर्चा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पूर्व बीजेपी ने किसानों की आय दोगुनी,महंगाई से राहत देने का वादा किया था परन्तु बीजेपी सरकार बनते ही बीजेपी लोगों के साथ धोखा देने का काम कर रही है।

जनपद की अधिकांश सडकें क्षतिग्रस्त हो गयी गई है शहर में चलना दुश्वार है जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्रामीण मार्गों को भी तोड दिया गया है मरम्मत के लिए कोई सुनने वाला नहीं है अमृत सरोवर योजना में सरकारी धन की बंदरबांट हो रही है। पीडीए एक जन आंदोलन है जो प्रत्येक वर्ग पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं को एक साथ लाने का काम कर रहा है जो उनको समानुपातिक हक एवं अधिकार दिलायेगा।

हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी ने उपस्थित लोगों से कहा कि वर्तमान सरकार में तहसीलों एवं थानों में गरीबों को न्याय नहीं मिल रहा राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी निरंकुश होकर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

बछरावां विधायक श्याम सुन्दर भारती ने बावन बुजुर्ग बल्ला एवं मुरैनी गाँवों में पीडीए चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार जनविरोधी है इनका गरीबों,पीडितों की भलाई से कोई सरोकार नहीं है। रायबरेली सदर क्षेत्र के टिकरा एवं ऊँचाहार के रोहनिया सहित जनपद के अनेकों गाँवों में पीडीए जन चर्चा कार्यक्रम आयोजित हुए।

# शिक्षक पर हेराफेरी करने व गबन का मामला दर्ज

**अमेठी।** क्षेत्र के जनता इण्टर कॉलेज मवई के प्रबंधक द्वारा थाने में तहरीर देकर विद्यालय के ही शिक्षक पर विभागीय अभिलेख में हेराफेरी करने व शुल्क के गबन का मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने प्रबंधक की शिकायत पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है । मामला जामों विकास क्षेत्र अंतर्गत मवई स्थित जनता इण्टर कॉलेज का है ।प्रबंधक मृणेंद्र प्रताप सिंह द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि कॉलेज के शिक्षक राजेंद्र कुमार को शैक्षिक सत्र 2022 - 2023 में कक्षा 09 वर्ग ब के लिए शिक्षक राजेंद्र कुमार को कक्षा अध्यापक नियुक्त किया गया था ।किंतु शिक्षक राजेंद्र कुमार द्वारा 47 छात्र छात्राओं से अर्जित किया गया शुल्क 13226 रुपए की हेराफेरी की गई है ।अभिलेखों में जगह जगह व्हाइटनर का प्रयोग किया गया है। शिक्षक राजेंद्र कुमार द्वारा छात्र छात्राओं से प्राप्त शुल्क का निजी हित में प्रयोग करने से छात्र छात्राओं का शुल्क विद्यालय विकास कोड पर जमा नहीं किया गया।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में हुआ विद्यार्थियों का विदाई समारोह




**लालगंज, रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा-12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी, शिक्षक-शिक्षिकाओं एव कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं के साथ विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण से किया। कक्षा-11 की छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर सीनियर्स का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर कक्षा-12 के छात्र रेवंत त्रिवेदी ने विद्यालय की शिक्षा एवं अपने विद्यालय में दो वर्षों के यादगार पलों को याद कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। कक्षा-11 के विद्यार्थियों ने कक्षा-12 के सभी विद्यार्थियों को उनके गुण, स्वभाव, व्यवहार एवं शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर अलग-अलग टाइटल दिए। कक्षा-11 के विद्यार्थियों ने भी इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के सम्मान में नृत्य, गायन, संगीत एवं अभिनय के अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने इंटरमीडिएट के सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह के रूप में क्लास समूह की फोटो प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# कार चालक ने बाइक सवार दो युवकों को मारी टक्कर, हालत गंभीर



**जालौन, उरई।** सड़क किनारे खड़ी बाइक में तेज रफ्तार कार के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में गांव के ही दो युवक घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी से उच्च संस्थान रेफर किया गया। पिता ने हादसे की सूचना कोतवाली में दी है। माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसा दो गढ़ी निवासी नितेश सिंह (19) पुत्र विजय सिंह व उसका चचेरा भाई सत्यभान सिंह (20) पुत्र रामवीर सिंह किसी काम के चलते जालौन आए थे।

रात करीब आठ बजे जब वह जालौन से वापस अपने गांव लौट रहे थे। तभी सुढ़ार गांव पर मंदिर के पास उन्हें गांव का ही युवक मनीष सिंह पुत्र रमेश सिंह मिल गया। सड़क किनारे बाइक खड़ी करके वह दोनों गांव के युवक से बातचीत करने लगे। तभी जालौन की ओर से जा रही तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़ी बाइक समेत नितेश सिंह व मनीष सिंह को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि सत्यभान बाल बाल बच गया। राहगीरों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना नितेश के पिता विजय सिंह ने कोतवाली में दी है।

# अपार आईडी के नाम पर रोका गया वेतन बहाल नहीं तो 21 को धरना

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**उत्तर** प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की शिक्षक भवन उरई में एक बैठक आहूत की गयी जिसमें सभी ब्लॉक के अध्यक्ष, ब्लॉक मंत्री एवम जिला कार्यसमिति, संघर्ष समिति के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विद्या सागर मिश्र ने कहा कि शिक्षक पूर्ण मनोयोग से शासन के निर्देशों का पालन कर सभी कार्य संपादित कर रहा, अपार आई डी पर दिनरात कार्य कर रहा, अभिभावकों की सहमति, कुछ आधार अपडेट हो गए, प्रवेश रजिस्टर से आधार का कॉलम नही मिल रहा है।

नाम परिवर्तन जिला आईडी से होता है फिर भी जी तोड़ मेहनत कर कार्य कर रहा इसके बाबजूद शिक्षकों के बेतन रोकना शोषण की पराकाष्ठा है जिसका संगठन पुरजोर विरोध करता यदि 19 फरवरी 2025 तक वेतन बहाल नही हुए तो उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ 21 फरवरी को बीएसए कार्यालय पर धरना देगा जिसकी सारी जिम्मेदारी बेसिक शिक्षाधिकारी की होगी।

बैठक में मौजूद शिक्षकों को संबोधित करते हुये जिला मंत्री नरेश निरजन ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं, चयन बेतन मान, प्रतिकूल प्रविष्टि, वेतन वृद्धि आदि समस्याओं को शीघ्र हल कराया जाएगा।

बैठक में हरपाल यादव को तहसील प्रभारी कोंच, अनुराग गोस्वामी को सह तहसील प्रभारी कोंच, केशव द्विवेदी नदीगांव जिला प्रवक्ता, संजय राठौर माधौगढ़ को जिला मीडिया प्रभारी, बैभव शुक्ला डकोर को जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक को मनीष समाधिया, लालजी पाठक, युद्धवीर कंथारिया, योगेंद्र सिंह, राजेश शुक्ला, अखिलेश व्यास, विपिन उपाध्याय, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, प्रभाकांत कुलश्रेष्ठ राजेश शुक्ला, तालिब बेग आदि ने भी सम्बोधित किया।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित




**जालौन, उरई।** हुनर का महासंग्राम सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभाओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम डीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिटायर्ड सीएमओ डॉ. एमपी सिंह ने कहा कि प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए मील का पत्थर साबित होती हैं। समय समय पर ऐसे आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है। विशिष्ट अतिथि कृपा शंकर खत्री ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल छात्रों की प्रतिभा को उजागर करती हैं बल्कि यह हमें अपने ज्ञान और समझ को विकसित करने के लिए प्रेरित करती है। डॉ. मुकेश साहनी ने कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। अधिवक्ता जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि बच्चों की मेहनत और लगन से ही उन्हें सफलता मिली है। इसी तरह मेहनत करते रहें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करते रहें। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों में अपने ज्ञान को बढ़ाने की प्रेरणा मिलती रहती है और वो पूरी लगन से पढ़ाई करते हैं।

# चतेला तिराहे से बेरी रोड तिराहा बना हॉटस्पॉट, डिवाइडर से जान का खतरा

**संवाददाता।** कदौरा, जालौन



**चतेला** तिराहा, मुख्य बस स्टैंड, बेरी रोड तिराहा, हादसों का हॉटस्पॉट बनता जा रहा है। यहां बने डिवाइडर पर संकेतक न लगने से हादसे हो रहे हैं। दो माह पहले एक स्कूली वैन डिवाइडर में घुस गई थी। 15 दिन पूर्व एक ऑटो भी हादसे का शिकार हो गया था। इस हादसे में चालक समेत पांच यात्री घायल हुए थे।

हमीरपुर जोहलूपुर हाइवे,कस्बे के चतेला तिराहे से मुख्य बस स्टैंड और बेरी रोड तिराहे पर दो किमी.डिवाइडर पर न ही संकेतक और न हो रेडियम लगा है। इसके अलावा डिवाइडर के किनारे किनारे नुकीली लोहे की सरिया निकली हुई है।

आए दिन वाहन मोड़ते समय नुकीली सरिया से हादसे हो रहे है। रेडियम या संकेतक न होने से रात या कोहरे के दौरान डिवाइडर दिखता नहीं है। गाड़ी नजदीक आने पर जब तक डिवाइडर दिखना शुरू होता है,तब तक हादसा हो जाता है। कस्बे के यासीन मंसूरी ने बताया कि डिवाइडर लोगों की जान के लिए खतरा बन गया है। अभी रोजाना भोर में कोहरा रहता है। उस दौरान डिवाइडर दिखता नहीं है। इससे वाहन हादसों का शिकार हो रहे है। रोडवेज बस भी आज सुबह साढ़े पांच बजे डिवाइडर से टकरा गई थी। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ।

कस्बे के रामकुमार ने बताया कि यहां अक्सर हादसे होते रहते हैं। हाल ही में एक मौरम भरा ट्रक डिवाइडर में घुस गया था। उसके पीछे से आ रहे दो बाइक सवार भी डिवाइडर से टकरा गए थे। हादसे में तीन युवकों को चोट लगी थी। एक सप्ताह पहले बारात से लौट रही बेलेरो कार डिवाइडर से टकरा गई थी। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अंचल वर्मा ने कहा कि डिवाइडर के आसपास जो सरिया निकली है उनको कटवाया जाएगा, संकेतक नहीं लगे है तो उन्हें चिन्हित कर लगवाए जाएंगे।

डिवाइडर की रंगाई पुताई, रेडियम लगवाने के लिए स्टीमेट बनाकर भेजा गया है। जल्द कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# तीन शातिर लुटेरों से पुलिस की मुठभेड़, एक घायल

## तीनों गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस, लूट के जेवरात व बाइक की बरामद

संवाददाता। फतेहपुर

**इंटेलिजेंस** विंग व थरियांव थाने की पुलिस टीम ने पश्चिमी बाईपास पर चेकिंग के दौरान एक बाइक को रोकने का प्रयास किया। जिस पर बाइक सवार भागे और रामपुर थरियांव के समीप मैदान में गिर गए। पुलिस टीम ने अपने आपको घिराता देख लुटेरों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में एक लुटेरे के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेते हुए उनके पास से तमंचा-कारतूस, लूट के जेवरात व बाइक बरामद की है। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने बताया कि इंटेलिजेंस विंग व थाना थरियांव की संयुक्त पुलिस टीम 08/09 फरवरी की रात्रि थाना क्षेत्रांतर्गत पश्चिमी बाईपास पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल से तीन व्यक्ति आते दिखाई दिये। जिन्हें रोकने का प्रयास किया तो संदिग्ध तेजी से गाड़ी वापस मोड़कर खागा की ओर भागने का प्रयास करने लगे और ग्राम रामपुर थरियांव के पास खाली पड़े मैदान में फिसल कर गिर गए। अपने आपको घिरता हुआ देख पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में अभियुक्त शानू गौतम पुत्र संतोष कुमार निवासी खंभापुर थाना राधानगर के बायें पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने अभियुक्त मोहम्मद सैफ पुत्र शफीक अहमद निवासी हौजानी थाना मलवां, अतुल कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी भगवंतपुर थाना राधानगर को दौडा कर पकड़ लिया। घायल अभियुक्त शानू को पुलिस ने हिरासत में लेकर इलाज हेतु सीएचसी हसवा भेजा। अभियुक्तों के कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस 315 बोर, दो खोखा कारतूस, चार लॉकेट पीली धातु सोने के (लूट से संबंधित), घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल व 610 रुपये नगद बरामद किये। थरियांव थाने पर मु0अ0सं0 34/25 धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। एएसपी ने कहा कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी से अपराध व आपराधिक गतिविधियों में अंकुश लगेगा। गिरफ्तारी करने वाली इंटेलिजेंस विंग टीम में प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार चतुर्वेदी, कांस्टेबल पवन चौधरी, जय प्रकाश बघेल, राजकुमार, प्रमोद कुमार, रामसिंह पटेल, विवेक कुमार के अलावा थरियांव थाना पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय, उपनिरीक्षक श्रीधर शुक्ला, संजीव कुमार, श्याम बहादुर सिंह, विपिन कुमार, हरे कृष्णा, ज्ञानचंद सरोज, कांस्टेबल सर्वेश कुमार, मनोज कुमार, निर्भय सिंह, अजीत, कुंम्भकरण शामिल रहे।

## ताइक्वांडो खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**फतेहपुर।** कलक्टरगंज स्थित बचपन प्ले स्कूल में रविवार को ताइक्वांडो खिलाड़ियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिले का मान बढ़ाने वाले ताइक्वांडो खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के चेयरमैन किशन मेहरोत्रा ने सभी विजयी खिलाड़ियों का मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होने बताया कि उत्तर प्रदेश कप ताइक्वांडो चैंपियनशिप चौक स्टेडियम लखनऊ में 30 व 31 जनवरी को फतेहपुर के 11 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग करके जनपद का नाम रोशन किया। आदर्श वर्मा, कर्णिका सिंह, दित्य पांडेय, तनुज बाजपेई, आशु मौर्य, आरव अग्रहरि, वत्सल श्रीवास्तव ने गोल्ड मेडल, सानिध्य कुमार, अंजलि मिश्रा, साक्ष्य चौधरी, दीक्षा सिंह ने सिल्वर मेडल, अनुज साहू ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है। कोच भारत वर्मा और शिव कुमार के साथ उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ला, सचिव राजकुमार ने सभी ताइक्वांडो खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

## विज्ञान प्रदर्शनी

**फतेहपुर।** शहर के लिल्स बगिया एवं पटेल इंटर कालेज में रविवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मन्नालाल दीक्षित इंटर कालेज कोराई के पूर्व प्रधानाचार्य प्रभुदत्त दीक्षित व लिल्स बगिया की मैनेजर नेहा सिंह सचान, शिवाजी इंटर कालेज के निदेशक अतुल सिंह सचान ने दीप जलाकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

# शराब पतियों से तंग आकर महिलाओं ने शराब ठेके में की तोड़फोड़



**मौदहा, हमीरपुर।** चंद्रावल नदी के तट पर बसे पढ़ोरी गांव के मजरा नई दिल्ली और बजरंगी पुरवा में उस समय हड़कंप मच गया जब सुबह गांव की लगभग एक सैकड़ा से अधिक महिलाओं ने अपने हाथों में लाठी.डंडे लेकर पढ़ोरी गांव के किनारे स्थित एक देशी शराब के ठेके पर धावा बोल दिया और देखते ही देखते शराब के ठेके पर घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। तोड़फोड़ करने के बाद वहां रखी शराब की पेटियों को बीच सड़क पर फेंक कर नष्ट कर दिया और सड़क जाम कर आवागमन बाधित कर ठेके को बंद कराने की मांग करने लगीं। महिलाओं ने बताया कि प्रतिदिन इसी ठेके से उनके गांव के नवयुवक वयस्क आदि देर रात तक शराब पीते हैं और घर आकर उनसे झगड़ा फसाद करते हैं और अंत में आत्महत्या करने पर आमादा हो जाते हैं जिससे उनके सुहाग उजड़ रहे हैं क्योंकि बीती रात नई दिल्ली डेरा में एक युवक ने शराब के नशे में अपने घरवालों से झगड़ा कर आत्महत्या की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के मुताबिक नई दिल्ली डेरा के तिराहे पर स्थित देशी शराब ठेका पर सुबह एक सैकड़ा महिलाओं ने धावा बोलकर तोड़फोड़ कर हजारो रुपये की शराब नष्ट कर दी और मुख्य सड़क पर जाम लगा शासन प्रशासन को कोसने लगीं। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी तहसीलदारए कोतवाली पुलिस के संयुक्त प्रयास से वहां एकत्र हुई भीड़ को समझा बुझाकर तितर.बितर किया। वहां मौजूद महिलाओं ने अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि यदि गांव में कोई शराब का ठेका रहा तो महिलाएं पुन: ऐसी घटना को दोहराएंगी। ऐसी ही घटना से रूबरू कराते हुए गांव की संतोषी संगीताएबच्ची आदि ने बताया कि नई दिल्ली डेरा निवासी अनिल पुत्र श्रीचंद्र जिसका विवाह पिछले वर्ष अगस्त माह में हुआ था।

## पुलिस वाहन पर पलटी कार, एक की मौत

फतेहपुर। कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर खासमऊ ओवरब्रिज के ऊपर रविवार सुबह तीर्थ यात्रियों की कार पत्थर से टकराने के बाद पीछे आ रही पुलिस जीप के ऊपर पलट गई। पुलिस कर्मी विभागीय कार्य से लौट रहे थे। हादसे में दंपति समेत 13 लोग घायल हो गए। सभी को पुलिस की मदद से सीएचसी में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चार घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। पीछे बैठे 50 वर्षीय राकेश शर्मा की मौत की सूचना है। मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर में सकुंडी निवासी डा. अतुल परासल, पत्नी सविता कौशिक, भाई राकेश शर्मा तथा सरोज शर्मा निजी कार से चालक के साथ प्रयागराज गए थे। त्रिवेणी स्नान के बाद सभी लोग वापस हो रहे थे। प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर कार सवार खागा कोतवाली के खासमऊ ओवरब्रिज पर पहुंचे। डिवाइडर से सटाकर रखे पत्थर से टकरा कर कार अनियंत्रित होकर पीछे आ रही पुलिस जीप के ऊपर पलट गई। पुलिस जीप में घाटमपुर, कानपुर नगर निवासी योगेंद्र यादव, पत्नी सीमा देवी, चाची राधा देवी, मां रुक्मणि तथा पिता सियाराम यादव, साथी राजेंद्र सिंह, अतुल यादव, हरिशंकर तथा श्याम कुमार सवार थे। योगेंद्र यादव की तैनाती पीटीसी उन्नाव में है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली से पुलिस फोर्स मौके पर गया। आनन-फानन सभी को खागा सीएचसी में भर्ती किया गया, जहां कार सवार 04 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया।

## ट्रक व थार की भिड़ंत में दो की मौत, तीन घायल

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के नउवाबाग बाईपास एनएच-2 एआरटीओ के समीप रविवार की भोर ट्रक थार की भिडन्त में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हो गये जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मैनपुरी जनपद के अमापुर निवासी आशीष का 22 वर्षीय पुत्र अमन गुप्ता उमरपाल यादव का 28 वर्षीय पुत्र राहुल उर्फ विनय निवासी जिला कासगंज काव्या पुत्र राजीव 17 अनमोल पुत्र अरविन्द 20 एवं चिराग पुत्र मनोज सभी थार गाडी से प्रयागराज से वापस जा रहे थे। जैसे ही यह लोग एआरटीओ के समीप एनएच 2 में पहुंचे तभी ट्रक से भिडन्त हो गयी। जिससे अमन गुप्ता व राहुल उर्फविनय यादव की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि काव्या, अनमोल व चिराग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सरकारी एम्बुलेंस द्वारा घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने दोनो शवो को विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतको के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटना के बाबत जानकारी मृतक अमन गुप्ता के चाचा अशुतोष गुप्ता ने दी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की दर्दनाक मौत

रसूलाबाद,कानपुर देहात। कस्बे के निराला नगर बिल्हौर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के कस्बे के निराला नगर के समीप कांशीराम कॉलोनी के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से रंजीत संखवार 50 पुत्र जवाहरलाल निवासी कटरा मंगलपुर की मौत हो गई। परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपनी बेटी अनुपम के घर निराला नगर में रहता था। रात को वह शौच क्रिया के लिए रोड की तरफ गया था तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई। परिजन रोड जाम करने का प्रयास कर रहे थे लेकिन पुलिस के समझाने पर शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाया गया।जहां पुलिस ने शव का पंचनामा भरा।

## भागवत कथा में सुदामा चरित्र की कथा का रसपान

कानपुर देहात । तहसील क्षेत्र रसूलाबाद कहिंजरी के अंतर्गत ग्राम मालकापुरवा में चल रही साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा के विश्राम दिवस रविवार को सुदामा चरित्र की कथा का रसपान कराया गया।बिठूर से पधारे सरस कथा वाचक आचार्य राम लखन तिवारी ने भक्तों को सुदामा चरित्र की कथा का रसपान कराया। उन्होंने कहा जो लोग मित्र के दुख से दुखी नहीं होते उन्हें देखने से ही बड़ा पाप लगता है। अपने पर्वत के समान दुख को धूल के समान और मित्र के धूल के समान दुख को सुमेरु के समान समझना चाहिए। भक्तगण सुदामा चरित्र की कथा को सुनकर भाव विभोर हो गए। कथा को सुनने के लिए भारी संख्या में भक्तों का जनसमूह उमड़ा। इस मौके पर ताम्र ध्वज सिंह, पप्पू तिवारी ,रामदयाल सविता, ग्राम प्रधान शिवमंगल कटेरिया, कृष्णपाल सिंह गौर, प्रमोद तिवारी, श्यामसुंदर तिवारी, श्यामू सिंह, पिंकू ,कपिल ,धर्मेंद्र सिंह, सनत सविता, धीरू सिंह, अरविंद सिंह के साथ-साथ समस्त ग्राम वासी एवं भक्तगण मौजूद रहे।

## देश की अर्थ व्यवस्था किसानों पर ही निर्भर है : ताहिर

गुरसहायगंज, कन्नौज। कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व सपा विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने फीता काटकर कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसानों को हमेशा ठगा गया है। आने वाली सरकारों ने अपने वोट बैंक को तवज्जो देकर किसानों के हितों को नकारा है। समाजवादी पार्टी ही किसानों की हितैषी है।रविवार को बिरौली स्थित कोल्ड स्टोरेज के उद्घाटन के उपरांत पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि देश की अर्थ व्यवस्था किसानों पर ही निर्भर करती है। लेकिन सरकार उनकी समस्याओं की और ध्यान नहीं दे रही है। कहा कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक नीतियों से भटक गई है वोट बैंक की खातिर वह जातियों के बीच मतभेद उत्पन्न कर उन्हें आपस में लड़वाने का कार्य कर रही है। लेकिन जागरूक जनता सरकार की जन विरोधी नीतियों को समझ चुकी है। आने वाला समय उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी का है। उद्घाटन अवसर पर मुख्य रूप से मैनेजर अरशद हुसैन सिद्दीकी, सुरेश चंद्र यादव, ओम प्रकाश मास्टर, प्रधान मनमोहन सिंह, अखिलेश राजपूत, अयूब सिद्दीकी, एनुद्दीन खान, मुजफ्फर खान सहित तमाम कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद रहे।

## नशे में धुत युवक फांसी पर झूला

**मौदहा।**कोतवाली क्षेत्र के एक युवक ने शनिवार की रात नशे की हालत में घर में गमछे का फन्दा बना पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली आत्महत्या की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पढोरी गांव के मजरा नई दिल्ली डेरा निवासी अनिल कुमार 25 वर्ष पुत्र श्री चंद ने शराब के नसे में परिजनों से झगड़ा करते हुए अपने कमरे में जाकर रात्रि में गमछे का फन्दा बना गले डाल पंखे में लटक कर आत्महत्या कर ली आत्महत्या की खबर मिलती ही परिजनों में कोहराम मच गया वहीं कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंच नामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया वहीं मृतक के पिता श्री चंद से मिली जानकारी के अनुसार मृतक पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था 6 माह पुर्व मृतक की शादी हुई थी और शनिवार की दिन छिमौली गांव पत्नी के साथ शादी समारोह में गया हुआ था वापस आकर ठेके से शराब पीकर घर में झगड़ा फसाद किया बाद अपने कमरे मे अंदर से दरवाजे की कुंडी बंद कर गमछे का फंदा बना पंखे से फाँसी पर झूल गया और फाँसी पर लटकते हुए वीडियो बनाया उस वीडियो को अपने फूफा के लड़के के मोबाइल में डालकर शेयर भी किया।

## समापन के बाद भंडारे का हुआ आयोजन

कुरारा(हमीरपुर) विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव में एक सप्ताह से चल रही यज्ञ के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। गांव सहित आसपास के गांवों के लोगो ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्र के झलोखर गांव में मंदिर दरवाजे पर यज्ञ का आयोजन किया गया था। जिसमे एक सप्ताह तक श्री मद भागवत कथा महापुराण में भगवान श्री कृष्ण के बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। यज्ञ के समापन अवसर पर यज्ञ स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे गांव सहित आसपास के गांवों के लोगो ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।भंडारे में ग्रामीणों ने सहयोग किया।

## कॉमेडके की प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन की तारीख घोषित

**झांसी।** पिछले पांच दशकों में, कर्नाटक ने हायर एजुकेशन में अपने आप को हमेशा आगे रखा है जिसने देश के सभी कोनों से बड़े बड़े सपने देखने वाले इंजीनियरों को आकर्षित किया है। राज्य में कई अच्छे कॉलेज हैं, जहां अलग-अलग तरह के कोर्स उपलब्ध हैं। यहां के छात्रों को अच्छी नौकरियां भी मिलती हैं। इस स्ट्रोंग एजुकेशन सिस्टम की वजह से स्किल्ड लोग तैयार हो रहे हैं जो देश और विदेश में कामयाबी हासिल कर रहे हैं। कॉमेडके यूजीइटी,यूनिगेज 2025 प्रवेश परीक्षा शनिवारए 10 मई 2025 को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा कर्नाटक के 150 से ज्यादा इंजीनियरिंग कॉलेजों और देशभर के 50 से ज्यादा प्राइवेट और सेल्फ फंडेड यूनिवर्सिटीज में प्रवेश के लिए होती है। इसे कुपेका केयूपीईसीए और यूनिगेज से जुड़े संस्थानों में बीई,बीटेक में एडमिशन के लिए आयोजित किया जाता है। यह ऑनलाइन परीक्षा भारत के 200 से ज्यादा शहरों में 400 से अधिक सेंटर पर होगी। जिसमें यू पी के सेंटर आगरा,अलीगढ,बरेली ,ग़ाज़ियाबाद ,गोंडा ,गोरखपुर,झाँसी ,कानपुर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ ,मोरादाबाद ,मुजफ्फरनगर, नॉएडा, प्रयागराज और वाराणसी में होंगे। इसमें 1,20,000 से ज्यादा छात्र शामिल हो सकते हैं। देशभर के छात्र इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। छात्र 3 फरवरी 2025 से 15 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कॉमेडके के एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी डा. कुमार ने कहा कि कॉमेडके का मानना है कि किसी छात्र की योग्यता ही उसकी शिक्षा का आधार होनी चाहिए।

# शैलेन्द्र साहित्य सरोवर की 371 वीं काव्य गोष्ठी संपन्न

## अस्त व्यस्त औ पस्त भे, आप केजरीवाल, कमल भाजपा का खिला, करि झाड़ू बेहाल

**फतेहपुर।** मुराइन टोला हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले 371वीं सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन डा. शिवसागर साहू की अध्यक्षता एवं शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मंदिर के महंत स्वामी रामदास उपस्थित रहे। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए डॉ. शिव सागर साहू ने वाणी वंदना मे अपने भाव प्रसून प्रस्तुत करते हुए कहा- हे आदिशक्ति शारदे मातु, तुम दया- सुधा की सागर हो। कर दूर आसुरी भाव अंब ,शुभ दैवी भाव प्रदान करो।। पुन: कार्यक्रम को गति देते हुए काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार से अपने अंतर्भावों को प्रस्तुत किया-अस्त व्यस्त औ पस्त भे, आप केजरीवाल। कमल भाजपा का खिला, करि झाड़ू बेहाल।।डा. सत्य नारायण मिश्र ने अपने भावों को एक छंद के माध्यम से कुछ इस प्रकार व्यक्त किया- सतगुरु अनंत,महिमा अनंत। फैला यश जिनका दिग् दिगंत।।ज्यों धवल चंद्रमा का सुहास। अंतर्मन में करते विलास।।

# दिल्ली चुनाव भाजपा को मिली जीत का मनाया जश्न



## धाता नगर में कार्यकर्ताओं ने फोड़े पटाखे; बांटे लड्डू

**खागा (फतेहपुर)।** राजधानी दिल्ली में भाजपा को मिली जीत पर धाता व खागा नगर पंचायत के साथ ही दीपनारायण तिराहा में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। भाजपा पदाधिकारियों ने पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को भाजपा की जीत पर बधाई दी। मंडल अध्यक्ष रामनारायण शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सच्चाई की जीत है और केंद्र सरकार द्वारा दी गारंटियों को पूरा करने की जीत है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने झूठ की राजनीति की है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रामनारायण शुक्ला, राजू पासवान, नितिन सिंह, बाबा दयासागर द्विवेदी, देवेश तिवारी, लिटिल गर्ग, अतुल सिंह, प्रदीप कछवाह, चंदन सिंह, ननका केशरवानी, हर्ष पांडेय, सुनील ठाकुर, अनिल पांडेय, अवधेश पासवान, रामलाल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी प्रकार नगर पंचायत अध्यक्ष गीता सिंह, पति रामगोपाल सिंह ने भी पार्टी जीत की खुशी में मिठाई बांटी।

# हत्या व डकैती की घटना का गोला पुलिस व स्वाट टीम ने सफल खुलासा किया

## चार गिरफ्तार

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**पुलिस अधीक्षक संकल्प** शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना गोला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 61/2025 धारा 103(1) बी0एन0एस0 तथा गुमशुदगी संख्या 57/2024 की घटना का थाना गोला पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त टीम द्वारा लगभग 150 सीसीटीवी कैमरो के फुटेज व वीडियो तथा ह्यूमन इनटेलीजेन्स की मदद से सफल अनावारण करते हुए आज दिनांक 09.02.2025 को शातिर अभियुक्तगण 1.बृजेश पासी पुत्र 2. रमेश पासी पुत्र स्वामीदयाल 3. पंचम पासी पुत्र स्व0 दुजई सर्व निवासीगण ग्राम पिपरिया झाऊ थाना भीरा जिला खीरी 4. अक्षय पासी पुत्र सम्बारी लाल निवासी ग्राम मतईपुरवा थाना फूलबेहड जिला खीरी को रसूलपनाह नहर पुलिया थाना गोला खीरी को अवैध तंमचो के साथ गिरफ्तार कर अभियुक्तगण की निशादेही पर ई रिक्शा से लूटे गये 6 अदद बैटरा बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर 1. मु0अ0सं0 73/2025 धारा 103(1)/238 बी0एन0एस0 2. मु0अ0सं0 74/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम रमेश पासी 3. मु0अ0सं0 75/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम पंचम पासी 4. मु0अ0सं0 76/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम अक्षय पासी पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण के विरूद्ध नियामनुसार कार्यवाही की जा रही है।

# हिंदू महासभा की युवा जिला इकाई गठित



## नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील

**फतेहपुर।** अखिल भारत हिन्दू महासभा युवा जिला इकाई की मासिक बैठक युवा जिलाध्यक्ष प्रांजुल मणि की अध्यक्षता में नहर कॉलोनी में आयोजित हुई। जिसमें युवा जिला इकाई के गठन व संगठन मजबूती हेतु चर्चा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी एवं जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्रा मौजूद रहे। युवा जिलाध्यक्ष प्रांजुल मणि ने कमेटी गठित करते हुए युवा जिला उपाध्यक्ष शिव नंदन सिंह सेंगर, संदीप सिंह जिला महामंत्री, शक्ति साहू, दीपांशु यादव और चंदन सिंह सेंगर जिला मंत्री, सचिन यादव, आशु कुमार, शिवम राजपूत, सचिन राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह सेंगर संदीप सोनी, सत्यम सिंह तोमर आदि रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने नवनियुक्त पदाधिकरियो को हिन्दू महासभा की नीतियों को जन जन तक पहुंचने की अपील किया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला प्रवक्ता स्वामी रामआसरे आर्य, एसके गुप्ता, आचार्य धनंजय पांडेय, संतोष नेता, अनमोल शुक्ला, महिला जिलाध्यक्ष संगीता गुप्ता, नीरू श्रीवास्तव, शिखा सिंह मौजूद रहीं।

# ताला तोडकर चोरी किये लाखों रुपए के जेवरात व नगदी



## महाकुंभ स्नान करनें गया था परिवार, चोरों ने बंद पडे घर को बनाया निशाना

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** परिजनों के साथ महाकुंभ स्नान करने गए गृह स्वामी के उस समय होश उड़ गए जब अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों रूपयों के जेवरात व नगदी चोरी कर लिए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला दिलशाद नगर निवासी रामऔतार गुप्ता पुत्र श्री कृष्ण गुप्ता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 07 फरवरी को वह अपने परिजनों के साथ महाकुंभ स्नान करने गया था। 08 फरवरी की शाम मोहल्ले वासियों ने मेन गेट का ताला टूटे होने की खबर दी। जिस पर उसने अमर गुप्ता एवं विकास गुप्ता जोकि कानपुर पहुंच गए थे को मौके पर पहुंचने को कहा जब वह लोग घर पर आए तब घर में चोरी होने की जानकारी हुई। इसके बाद वह परिजनों के साथ 03 बजे घर पहुंचे और डायल 112 को फोन पर सूचना दी। बताया कि चोरों ने कमरे की तीन अलमारी के ताले तोड़कर 550 ग्राम सोने के जेवरात व डेढ़ किलो चांदी के आभूषण, बर्तन, मूर्ति तथा सेफमें रखे ढाई लाख रुपए की नगदी चोरी कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। समाचार लिखे जाने तक घटना का मुकदमा कोतवाली में दर्ज नहीं हो सका था।

# पोल्ट्री फार्म में फंदे पर मिला युवती का शव

## पुलिस ने घटनास्थल पर की जांच-पड़ताल

फतेहपुर। रविवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब जंगल में बनी एक पोल्ट्री फार्म के अन्दर एक युवती का फांसी के फंदे पर लटकता हुआ शव मिला। शव मिलने की खबर आग की तरह आसपास के गांवों में फैल गई। आनन फानन लोगों का घटनास्थल पर जमावड़ा लगना शुरू हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर लिखापढ़ी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की बारीकी के साथ जांच पड़ताल में जुट गई है।जानकारी के मुताबिक खागा कोतवाली क्षेत्र के महान्ना ऊसर स्थित पोल्ट्री फार्म के अन्दर सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के जगजीवनपुर सेमौरी गांव के रहने वाले राम सजीवन की लगभग 18 वर्षीय बेटी शायना देवी की लगभग नौ बजे फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव बरामद हुआ। जब राहगीरों से इसकी जानकारी हुई तो परिजनों में कोहराम मच गया। आनन फानन परिजन रोते बिलखते हुए घटनास्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने अपनी बेटी शायना देवी का पोल्ट्री फार्म के अन्दर फांसी के फंदे पर लटकता हुआ शव देखा और उन लोगों के होश उड़ गए वहीं मौके पर परिजनों में हाय तौबा मच गई। ख़बर लगते ही आसपास के लोगों का भी धीरे धीरे भारी जमावड़ा लगना शुरू हो गया। परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। कुछ देर बाद थाना सुल्तानपुर घोष पुलिस व खागा कोतवाली के क्षेत्र की मझिल गांव चौकी इंचार्ज ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की बारीकी के साथ जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका युवती के पिता राम सजीवन ने बताया कि कल शाम लगभग 04 बजे बेटी शायना देवी खागा कोतवाली क्षेत्र के बुदवन गांव में अपने बुआ के यहां गई थी। लगभग रात्रि आठ बजे बेटी के पहुंचने की फोन के जरिए जानकारी ली तो पता चला कि घर अभी नहीं आई। बुआ के यहां न पहुंचने पर चिंता हुई और बेटी शायना देवी की तलाश करने लगे लेकिन आज सुबह लगभग नौ बजे राहगीरों से पता चला कि महान्ना ऊसर में बने पोल्ट्री फार्म के अन्दर एक युवती का फांसी के फंदे से शव लटक रहा है। खबर मिली तो तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। खागा कोतवाल हेमंत मिश्रा ने बताया कि महान्ना ऊसर में बने पोल्ट्री फार्म के अन्दर एक युवती की अज्ञात अवस्था में फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव मिला है।

## सड़क पार कर रही महिला को चार पहिया ने मारी टक्कर, मौत

फतेहपुर। प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर कटोघन चौराहे के नजदीक तेज रफ्तार कार ने महिला तीर्थयात्री को कुचल दिया। घायल को साथ में रहे स्वजन आनन-फानन सीएचसी लेकर गए। जहां चिकित्सीय टीम ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश राज्य के ग्वालियर शहर में सारिका नगर थाटीपुर निवासी जगतपाल सिंह की 56 वर्षीया शिक्षिका पत्नी राधा भदौरिया पारिवारिक अरुण कुमार, रामा देवी, विशाखा तथा शत्रुघ्न समेत 13 लोगों के साथ ट्रैवलर बस से प्रयागराज गए थे। त्रिवेणी स्नान करके सभी लोग रविवार सुबह वापस जा रहे थे। प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर खागा कोतवाली क्षेत्र में कटोघन टोल प्लाजा पार करने के बाद बस एक ढाबा में कुछ देर के लिए रुकी तो सभी लोग नित्य क्रिया में व्यस्त हो गए। जगतपाल सिंह ने बताया कि ढाबा में चाय न मिलने के कारण पत्नी दूसरे लेन पर खुले ढाबे में चली गईं। हाईवे पार करते समय कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रही तेज रफ्तार सफेद रंग की कार ने उन्हें टक्कर मार दी। कस्बा इंचार्ज सत्यप्रकाश पाठक पुलिस फोर्स को दुर्घटना की जानकारी हुई तो वह मौके पर गए। टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से भाग निकला।

## भारतीय पाक परंपराओं का जश्न मनेगा

**कानपुर।** जब बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस जोड़ी रसोई में कदम रखती है, तो क्या होता है जादू बिल्कुल! राजधानी फूड्स ने एक नई ऊर्जा पैदा की है। करण जौहर, जो कहानी कहने के बादशाह हैं, और अनन्या पांडे,जेन की सेंसेशन, को अपने प्रतिष्ठित राजधानी बेसन को प्रमोट करने के लिए साथ लाकर। फैशन और लाइफस्टाइल में अपनी चमकदार पहचान के लिए पहचाने जाने वाले ये सितारे इस बार एक आम भारतीय रसोई की कहानी को ताजगी भरे अंदाज़ में पेश कर रहे हैं। राजधानी बेसन के मैनेजिंग डायरेक्टर चेतन जैन ने इस कैंपेन पर बात करते हुए कहा कि दशकों सेए राजधानी बेसन कई पारिवारिक पलों का गुप्त तत्व रहा है चाहे वह बारिश की शाम को कुरकुरे पकोड़े हों या त्योहारों के दौरान बेसन लड्डू। करण जौहर और अनन्या पांडे के साथ यह साझेदारी हमें इन पलों को आधुनिक दर्शकों के लिए नए सिरे से पेश करने में मदद करती है, जबकि हमारी शाश्वत विरासत का जश्न मनाती है। 1966 सेए राजधानी फूड्स गुणवत्ता, विश्वास और परंपरा का प्रतीक रहा है। एक साधारण बेसन पीसने के व्यवसाय के रूप में शुरू हुआ राजधानी फूड्स आज एक प्रसिद्ध घरेलू ब्रांड बन चुका है। इसमें बेसन से लेकर सत्तू, मखाना, साबूदानाए मूंगफली और फाइबर युक्त नाश्ते के उत्पादों तक का एक व्यापक संग्रह शामिल है।

## ठगी पीड़ितों के 37 हजार रूपए खाते में कराए वापस

फतेहपुर। साइबर अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में एनसीआरपी पोर्टल एवं पीड़ितों के दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र की जाँच के अनुक्रम में साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम ने सार्थक प्रयास करते हुए दो पीड़ितों के कुल 37 हजार रूपये की धनराशि आवेदको के बैंक खाते में पुनः वापस कराई। शिकायतकर्ताओं ने जनपदीय उच्चाधिकारियों व साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम का आभार व्यक्त किया। बताते चलें कि 14 अक्टूबर 2024 को कुमारी आभा देवी ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्तियों ने बैंक आफबड़ौदा खाते से कुल 52989 रूपये की धनराशि आनलाइन माध्यम से ट्रांसफर कर ली है। जिसकी जानकारी उन्हे मैसेज आने पर हुई। साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम ने कार्यवाही करते हुए आवेदिका के खाते से ट्रांसफर किए गए रूपयो का विवरण प्राप्त करते हुये संल्पित खाते को फ्रीज कराया गया। न्यायालय से आदेश प्राप्त कर ठगी गई धनराशि में से 25989 रूपए आवेदिका के खाते में सकुशल वापस करा दी गई।

## सैनिक प्रकोष्ठ भाजपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व वारंट अफसर वायु सेवा देवेंद्र त्रिपाठी का निधन

**कानपुर देहात।** कस्बा निवासी पूर्व शासन सभासद जितेंद्र त्रिपाठी जीतू के भाई सैनिक प्रकोष्ठ भाजपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व वारंट अफसर वायु सेवा देवेंद्र त्रिपाठी का निधन हो गया। रविवार की सुबह उनकी अंतिम यात्रा निकली। मूल रूप से रसूलाबाद के बक्साहा गांव निवासी देवेंद्र त्रिपाठी भारतीय जनता पार्टी में पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे थे। वर्ष 2016 में उन्हें कैंसर हो गया था इसके बाद उपचार के बाद स्वास्थ्य में कुछ सुधार हुआ था। शनिवार को अचानक हालत बिगड़ने पर उन्हें रीजेंसी कानपुर में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी मौत की सूचना पर पूर्व कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक सहित कई जनप्रतिनिधि व भाजपा नेता उनके रसूलाबाद स्थित आवास पर पहुंचे और शोक संवेदना प्रकट की। रविवार सुबह पूर्व सैनिकों ने उनके शव पर तिरंगा व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उनकी अंतिम यात्रा बिठूर के लिए रवाना हुई। वहीं रसूलाबाद कस्बा निवासी एक समाचार पत्र के संवाददाता प्रताप नारायण दीक्षित के भाई रामकुमार दीक्षित का आकस्मिक निधन हो गया तो पत्रकारों ने भी शोक प्रकट किया।

## गौशाला में दिया 41 कुंतल सूखा चारा

**फतेहपुर।** मोती गौशाला तारापुर, भिटौरा में आचार्य प्रेम सागर मिश्र की अगुवाई में 41 कुंतल सूखा चारा गायों को खिलाया गया। इस मौके पर अखिल बाजपेई, तनू मिश्र, करण सिंह, आशीष बाजपेई, शुभम बाजपेई, योगेश बाजपेई, जय मिश्र सुधीर मिश्रा आदि उपस्थित रहे सभी लोगों ने मिलकर गायों को चारा खिलाया।


# बंगाल में होने वाले 2026 के विस चुनावों में भाजपा सत्ता में आएगी: प्रधान

भाषा। कोलकाता

**केंद्रीय मंत्री** धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि 2026 के विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आएगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने ममता बनर्जी सरकार पर पश्चिम बंगाल में केंद्रीय परियोजनाओं के कार्यान्वयन में बाधा डालने का आरोप लगाया। इसके साथ ही मंत्री ने केंद्र की ओर से राज्य की अनदेखी करने के प्रदेश सरकार के आरोपों की आलोचना की। प्रधान ने यहां एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा, पश्चिम बंगाल में भाजपा का वोट शेयर 2019 से लगभग 30-40 प्रतिशत रहा है और अगर पार्टी को 10 प्रतिशत वोट और मिलते हैं, तो वह ममता बनर्जी सरकार को सत्ता से हटा देगी।

प्रधान ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की हार लोगों का भाजपा में भारी विश्वास और भ्रष्ट अरविंद केजरीवाल सरकार की अस्वीकृति को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पश्चिम बंगाल में 42 में से 18 सीटें जीतकर अपनी छाप छोड़ी थी। हमने 2021 के विधानसभा चुनावों में 77 सीटें और 2024 के आम चुनावों में 12 लोकसभा सीटें जीतीं। 2019 से भाजपा का मतदान प्रतिशत लगभग 30-40 प्रतिशत रहा है और हमें पश्चिम बंगाल में सत्ता में आने के लिए 10 प्रतिशत वोटों की आवश्यकता है। 2026 में हम राज्य में सत्ता में होंगे।

प्रधान ने कहा कि जब वह केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री थे, तो वह ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली 710 किलोमीटर लंबी गैस पाइपलाइन स्थापित करना चाहते थे। हालांकि, उन्होंने कहा कि कई मौकों पर राज्य सरकार के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करने के बावजूद सात साल बाद भी पश्चिम बंगाल का हिस्सा अब तक नहीं मिला है। प्रधान ने टीएमसी सरकार पर पश्चिम बंगाल में पाइपलाइन का विस्तार करने के लिए जमीन नहीं देने और राज्य में रेलवे परियोजनाओं को लागू करने तथा अधिक नवोदय विद्यालय स्थापित करने के लिए केंद्र के साथ सहयोग नहीं करने का



आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, टीएमसी सरकार शायद सोचती है कि अगर राज्य में कोई केंद्र प्रायोजित परियोजना लागू होती है तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिलेगा, जबकि रेलवे ने संप्रग शासन के दौरान पश्चिम बंगाल को दिए जाने वाले वार्षिक आवंटन को 4,000 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 2014 में राजग के सत्ता में आने के बाद से 13,995 करोड़ रुपए कर दिया है। आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार कई परियोजनाओं को रोक कर बैठ गई है जिससे लोग प्रभावित हो रहे हैं।

### विपक्षी गठबंधन तेजी से बिखर रहा है: धर्मेंद्र

**कोलकाता।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को दावा किया कि अपने घटक दलों के विरोधाभासों से भरा विपक्षी गठबंधन इंडिया तेजी से बिखर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन के पास कोई साझा एजेंडा नहीं है। प्रधान ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में एक सवाल पर कहा, इंडिया गठबंधन अपने घटक दलों के विरोधाभासों से ग्रस्त है और तेजी से बिखर रहा है। इंडिया के घटक दल देश के विभिन्न क्षेत्रों में हार का सामना कर रहे हैं, क्योंकि उनके पास कोई साझा एजेंडा नहीं है। प्रतिक्रियावादी गठबंधन लगभग समाप्त हो चुका है। प्रधान ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में इंडिया के एक सहयोगी दल (आप) को 10 साल तक सत्ता में रहने के बाद हार का सामना करना पड़ा है, जबकि दूसरे सहयोगी दल (कांग्रेस) का, राष्ट्रीय राजधानी में लंबे समय तक सत्ता में रहने के बाद भी खाता नहीं खुला। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास नीति पर मुहर है। उन्होंने कहा, यह राष्ट्रीय राजधानी को एक खूबसूरत शहर बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में दिल्ली के निवासियों का फैसला है। दिल्ली में 26 साल से अधिक समय बाद भाजपा सत्ता में लौटी है। चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीती हैं जबकि आप को 22 सीटों पर जीत मिली। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली।

# सरकार ने निर्वासित भारतीयों के साथ अमेरिका के व्यवहार पर आपत्ति का संज्ञान लिया है: खट्टर

भाषा। भोपाल



**केंद्रीय** मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने रविवार को कहा कि सरकार ने हाल ही में अमेरिका से अवैध भारतीय प्रवासियों को वापस भेजने के तरीके पर सभी की आपत्तियों का संज्ञान लिया है। अमेरिका द्वारा अवैध भारतीय प्रवासियों को सैन्य विमान में 40 घंटे की उड़ान के दौरान हथकड़ी लगाकर वापस भेजे जाने को लेकर विरोध जताया गया है। 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान 5 फरवरी को अमृतसर में उतरा था। भारत ने शुक्रवार को कहा कि उसने हथकड़ी लगाकर अवैध प्रवासियों को वापस भेजे जाने के मुद्दे पर अमेरिका के समक्ष चिंता व्यक्त की है। इसने यह भी कहा कि इस तरह के व्यवहार से बचा जा सकता था। खट्टर ने कहा, अमेरिका ने पहले भी लोगों को (भारत) निर्वासित किया है। सभी को तरीके पर आपत्ति थी, इसका (आपत्ति) संज्ञान लिया गया है और इस मुद्दे को बातचीत से सुलझाया जाएगा। यह मुद्दा किसी भी देश के लिए अच्छा नहीं है और सरकार इस पर उचित विचार करने के बाद आगे चर्चा करेगी।

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री ने कहा कि लगातार मांग की जा रही है कि देश में रह रहे (अवैध प्रवासियों को) निर्वासित किया जाए। उन्होंने कहा, इसके (निर्वासन) लिए एक औपचारिकता होती है, इसकी अपनी संवेदनशीलता भी होती है कि इसे कब, कैसे और किस तरीके से किया जाए। यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान मंत्री से सवाल किया गया था कि जब अमेरिका लोगों को निर्वासित कर सकता है, तो पड़ोसी बांग्लादेश के अवैध प्रवासियों को वापस क्यों नहीं भेजा जा रहा है, जो भारत पर आर्थिक बोझ हैं। खट्टर ने कहा कि यह एक गंभीर समस्या है और लोगों को अवैध रूप से किसी भी देश में नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा, चाहे हमारे लोग जाएं या दूसरे देशों के लोग यहां आएं, जब ऐसी चीजें होती हैं, तो सभी देश इसमें लिप्त होते हैं। हमने असम से भी कई लोगों को निर्वासित किया है। संवाददाता सम्मेलन के दौरान खट्टर ने हाल ही में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए 2025-26 के आम बजट की मुख्य बातों की भी जानकारी दी।

# हैम रेडियो उपयोगकर्ताओं ने बांग्लादेश सीमा पर उर्दू, अरबी में संदिग्ध सिग्नल का पता लगाया

**कोलकाता।** हैम रेडियो संचालकों ने पिछले दो महीने में दक्षिण बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बांग्ला, उर्दू और अरबी में संदिग्ध सिग्नल का पता लगाया है, जिससे संभावित चरमपंथी गतिविधियों को लेकर चिंता बढ़ गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हैम या शौकिया रेडियो संचालकों को केंद्रीय संचार मंत्रालय के तहत लाइसेंस प्राप्त होता है और उन्हें विशिष्ट रेडियो फ्रीक्वेंसी का उपयोग करके संचार करने का अधिकार होता है। यह घटनाक्रम बांग्लादेश में जारी अशांति और भारत विरोधी बयानबाजी के बढ़ने के बीच हुआ है। पहली बार गत दिसंबर में हैम रेडियो संचालकों ने उत्तर 24 परगना के बशीरहाट और बोंगांव के साथ-साथ दक्षिण 24 परगना के सुंदरबन में बांग्ला, अरबी और उर्दू में अनधिकृत संचार के बारे में पता लगाया था।

इन संचार से चिंतित संचालकों ने संचार मंत्रालय को सूचित किया। बाद में मामले को निगरानी के लिए कोलकाता में स्थित अंतरराष्ट्रीय निगरानी स्टेशन (रेडियो) को भेज दिया गया। पश्चिम बंगाल रेडियो क्लब के सचिव अंबरीश नाग बिस्वास ने पीटीआई-भाषा से कहा, ए संदिग्ध रेडियो सिग्नल रात एक बजे से तीन बजे के बीच पकड़े गए हैं। ये बांग्लादेशी उच्चारण के साथ बांग्ला, उर्दू और अरबी भाषा में हैं। कभी-कभी, सिग्नल किसी दूसरी भाषा में भी होते हैं, जिन्हें हम पहचान नहीं पाते। जब भी हमने बात करने वालों से उनकी पहचान पूछी, तो वे चुप हो गए। बिस्वास के अनुसार, इस तरह का पहला सिग्नल दिसंबर के मध्य में उत्तर 24 परगना जिले के सोदेपुर में एक हैम रेडियो ऑपरेटर ने पकड़ा था। उन्होंने कहा, शुरू में हमने इसे ज्यादा महत्व नहीं दिया। लेकिन फिर बशीरहाट, बोनगांव और बाद में दक्षिण 24 परगना जिले से भी इसी तरह के सिग्नल मिले। यहां तक कि जनवरी के मध्य में गंगासागर मेले के दौरान भी कई हैम रेडियो उपयोगकर्ताओं ने इन संदिग्ध संकेतों को सुनने की बात कही। भारत और बांग्लादेश के बीच 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा है, जिसमें से 2,217 किलोमीटर पश्चिम बंगाल के साथ लगती है। इसका अधिकतर हिस्सा खुला है। पिछले साल अगस्त में ढाका में शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद बढ़े तनाव के बीच सीमा सुरक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उभरा है। पांच अगस्त को हसीना के भारत आने के बाद से दोनों पड़ोसियों के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं। हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया। भारत ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमलों पर चिंता व्यक्त की है।

# मेरे पास कार्यक्रम की अनुमति थी: शीरन ने स्ट्रीट शो बीच में रोके जाने के बाद कहा

● **कर्नाटक पुलिस ने अवैध साहूकारों के यहां छापेमारी की नक्दी और दस्तावेज जब्त किए**

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु पुलिस ने ब्रिटिश गायक-गीतकार एड शीरन का लाइव स्ट्रीट कार्यक्रम अनुमति न होने का हवाला देकर रविवार सुबह रोक दिया। शीरन ने शाम को कहा कि उन्हें और उनकी टीम के पास संगीत कार्यक्रम करने की अनुमति थी और वह उस स्थान पर अचानक नहीं पहुंचे थे। ग्रैमी पुरस्कार विजेता शीरन चर्च स्ट्रीट पर अपना हिट गाना शेप ऑफ यू गा रहे थे तभी पुलिस ने अचानक कार्यक्रम को बीच में ही रुकवा दिया। शीरन ने बेंगलुरु में अपने दूसरे कार्यक्रम से कुछ घंटे पहले इंस्टाग्राम पर लिखा, हमें कार्यक्रम करने की अनुमति थी इसलिए हमने उस स्थान पर प्रदर्शन किया। इसकी योजना पहले से ही थी। हम ऐसे ही नहीं पहुंचे थे। हालांकि सब ठीक है। आज रात कार्यक्रम में मिलते हैं।

शीरन एक वीडियो में अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ स्ट्रीट शो के लिए पहुंचते नजर आ रहे हैं। पहले शीरन ने शनिवार रात को भी बेंगलुरु में प्रस्तुति दी थी। शीरन ने स्ट्रीट शो के दौरान गाने से पहले कहा, हम एक से अधिक गीत गाने वाले वाले थे, लेकिन हमें केवल एक ही गीत गाने के लिए कहा गया। इसके बाद उन्होंने गिटार पर शेप ऑफ यू की धुन बजाई।

शीरन गीत गा रहे थे तभी एक पुलिस अधिकारी ने माइक एवं अन्य उपकरणों की तार निकाल दीं। कब्बन पार्क पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, एड शीरन बिना किसी आधिकारिक अनुमति के कार्यक्रम कर रहे थे, इसलिए हमें कार्यक्रम को रोकना पड़ा। किसी ने सार्वजनिक उपद्रव की शिकायत की थी, जिसके बाद पुलिस वहां पहुंची। उसने कहा कि अगर उनके पास अनुमति होती, तो वे इसे पुलिसकर्मियों को दिखा सकते थे। बेंगलुरु का चर्च स्ट्रीट अपनी नाइटलाइफ (रात में मनोरंजक कार्यक्रमों डप आयोजन) और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए प्रसिद्ध है।

सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं का एक वर्ग शीरन का कार्यक्रम बीच में रोके जाने से नाखुश है। बेंगलुरू सेंट्रल के सांसद पी.सी. मोहन ने कहा कि नियम सभी के लिए समान हैं। मोहन ने एक्स पर लिखा, शेप ऑफ यू ... लेकिन अनुमति नहीं थी। एड शीरन का चर्च स्ट्रीट पर अचानक आयोजित कार्यक्रम बाधित हो गया, क्योंकि बेंगलुरु पुलिस ने अनुमति न मिलने के कारण कार्यक्रम रोक दिया। वैश्विक सितारों को भी स्थानीय नियमों का पालन करना चाहिए- अनुमति नहीं, तो प्रदर्शन नहीं। शीरन के एक प्रशंसक ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, एड शीरन ने बेंगलुरु के चर्च स्ट्रीट पर अचानक प्रस्तुति देकर प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया, लेकिन तभी वहां पुलिसकर्मी आ गया...। एक अन्य व्यक्ति ने टिप्पणी की, एड शीरन को चर्च स्ट्रीट पर अभी-अभी देखा। उन्होंने अपना गीत गाया, लेकिन दुख की बात है कि पुलिस ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। एड शीरन को परफेक्ट डुएट , थिंकिंग आउट लाउड और शिवर्स जैसे गानों के लिए जाना जाता है। वह अपने मैथमैटिक्स टूर के तहत भारत में हैं।

## गडकरी ने नागपुर में साइबर अपराध से निपटने के लिए परामर्श समिति के गठन की अपील की

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को नागपुर पुलिस अधिकारियों से अपील की कि वे इस बात पर विचार करें कि क्या सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र को शामिल करके साइबर अपराध से निपटने के लिए कोई परामर्श समिति गठित की जा सकती है। नागपुर के संसद सदस्य ने इस बात पर भी अफसोस जताया कि साइबर अपराधी मौजूदा प्रणाली में खामियां निकालकर लोगों को धोखा देने के नए तरीके ढूंढ लेते हैं। नागपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा, इंफोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा और एचसीएल जैसी वैश्विक आईटी कंपनियों के यहां कार्यालय हैं। आप साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए आईटी क्षेत्र के शीर्ष लोगों की मदद से एक परामर्श समिति का गठन कर सकते हैं। उन्होंने अमेरिका से कई कुशल पेशेवरों की वापसी का उल्लेख करते हुए कहा, अमेरिका में काम करने वाले कई लोग अब यहां लौट आए हैं। धोखाधड़ी के खिलाफ सख्त रोकथाम की जरूरत है। अगर हम धोखेबाजों को कड़ी सजा दे सकें, तो कोई भी दोबारा ऐसा अपराध करने की हिम्मत नहीं करेगा। गडकरी ने कहा कि युवा इंजीनियरिंग छात्रों को साइबर अपराध से लड़ने में शामिल किया जा सकता है। ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण को बढ़ाने का भी प्रस्ताव रखा।

## मणिपुर के मुख्यमंत्री का इस्तीफा देर से उठाया कदम है, लोगों को मोदी के दौरे का इंतजार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मणिपुर के मुख्यमंत्री पद से एन बीरेन सिंह के इस्तीफे को देर से उठाया गया कदम बताते हुए रविवार को कहा कि राज्य के लोगों को अब लगातार विदेशी दौरों पर रहने वाले हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आने का इंतजार हैं। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को राजभवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके कुछ ही देर बाद कांग्रेस ने यह प्रतिक्रिया दी। कांग्रेस के महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस सोमवार को मणिपुर विधानसभा में सिंह और उनकी मंत्रिपरिषद के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए तैयार है। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मणिपुर के मुख्यमंत्री ने माहौल को भांपते हुए इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस मणिपुर में हिंसा भड़कने पर मई 2023 की शुरुआत से इसकी मांग कर रही थी। मुख्यमंत्री का इस्तीफा देर से दिया गया। अब मणिपुर के लोग लगातार विदेश यात्रा करने वाले हमारे प्रधानमंत्री के दौरे का इंतजार कर रहे हैं, जो फ्रांस और अमेरिका की यात्रा पर (जाने वाले) हैं और जिन्हें पिछले 20 महीने में मणिपुर जाने के लिए न तो समय मिला है और न ही उनकी इच्छा है। सिंह ने राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में कहा, अब तक मणिपुर के लोगों की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। मैं प्रत्येक मणिपुरी के हितों की रक्षा के लिए समय पर की गई कार्वाई, हस्तक्षेप, विकास कार्यों और विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार का बहुत आभारी हूं। यह घटनाक्रम उनके दिल्ली से लौटने के कुछ ही घंटों बाद हुआ है।

## मेरठ में अतिरिक्त छह किमी खंड पर नमो भारत ट्रेन का परीक्षण

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में मेरठ दक्षिण और शताब्दी नगर के बीच छह किलोमीटर लंबे अतिरिक्त खंड पर रविवार को नमो भारत ट्रेन का परीक्षण शुरू हुआ। एनसीआर परिवहन निगम ने यह जानकारी दी। एनसीआरटीसी ने एक बयान में कहा कि परीक्षण के दौरान निर्माण संरचना की अनुकूलता की जांच के लिए नमो भारत ट्रेनों को शुरू में मैन्युअल रूप से संचालित किया जाएगा। जैसे-जैसे परीक्षण आगे बढ़ेगा, एनसीआरटीसी ट्रेन के एकीकृत प्रदर्शन और पटरी, सिग्नल, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) तथा ओवरहेड विद्युत आपूर्ति प्रणाली सहित प्रमुख उप-प्रणालियों के साथ समन्वय का आकलन करने के लिए व्यापक मूल्यांकन करेगा। इसके बाद उच्च गति परीक्षण सहित व्यापक परीक्षण की योजना बनाई जाएगी। गलियारे के इस छह किलोमीटर के अतिरिक्त हिस्से में शताब्दी नगर में एक नमो भारत स्टेशन के अलावा परतापुर और रिठानी के दो मेरठ मेट्रो स्टेशन भी होंगे। एक बार परिचालन शुरू हो जाने पर, नमो भारत ट्रेन यात्रियों को न्यू अशोक नगर और शताब्दी नगर के बीच तेज यात्रा का विकल्प प्रदान करेंगी।

## शिवसेना ने तुकाराम के वंशज शिरीष मोरे महाराज के परिजन को 32 लाख रुपए की सहायता दी

**ठाणे।** शिवसेना ने 17वीं सदी के मराठी कवि-संत तुकाराम के वंशज दिवंगत शिरीष मोरे महाराज के परिवार को 32 लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी है। मोरे (32) ने हाल में पुणे जिले के देहू रोड इलाके में अपने घर पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। घटनास्थल से बरामद एक सुसाइड नोट में लिखा है कि मोरे ने आर्थिक तंगी के कारण यह कदम उठाया। शिरीष मोरे महाराज एक प्रसिद्ध कीर्तनकार एवं आध्यात्मिक वक्ता थे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे के कार्यालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि पुरंदर के विधायक विजय शिवतारे को मोरे के घर जाकर पार्टी की ओर से वित्तीय सहायता देने के लिए कहा गया है। शिवतारे ने रविवार को कीर्तनकार के परिजनों को 32 लाख रुपए का चेक सौंपा। रविवार को शिंदे का जन्मदिन भी है।

# कर्नाटक पुलिस ने अवैध साहूकारों के यहां छापेमारी की, नक्दी और दस्तावेज जब्त किए

भाषा। गडग

**कर्नाटक** की गडग पुलिस ने अवैध रूप से धन उधार देने का कारोबार करने तथा मूलधन तथा ब्याज न चुकाने पर लोगों को प्रताड़ित करने की शिकायतों के आधार पर रविवार को कई मकानों तथा अन्य स्थानों पर छापेमारी की। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग अवैध रूप से दिए गए ऋण पर अत्यधिक ब्याज वसूल कर लोगों को प्रताड़ित कर रहे हैं।

उन्होंने पत्रकारों से कहा, आज हमने टीम बनाकर सुबह 12 स्थानों पर छापेमारी की। हमने बेहिसाब नकदी, रिक्त चेक और बॉण्ड तथा रजिस्टर जब्त किए। हम उनके खिलाफ कानूनी कार्वाई कर रहे हैं। हमने उन लोगों के खिलाफ भी कार्वाई की है जो कर्जदारों को पैसे वसूलने के लिए धमका रहे थे। विस्तृत जांच जारी है।

उन्होंने कहा कि संगमेश डोड्डन्नावर नामक एक साहूकार से 26.57 लाख रुपए, रिक्त चेक, बॉण्ड और रजिस्टर बरामद किए गए हैं। अधिकारी ने कहा कि साहूकार युवराज एलप्पा करावूर, रवि कोचागेरी और मंजूनाथ के खिलाफ कार्वाई की गई और इनके पास से नकदी, रिक्त चेक, बॉण्ड, रजिस्टर और बैंक पासबुक मिले। उन्होंने कहा कि उत्तर कन्नड़ पुलिस ने भी ऐसी ही कार्वाई की। पुलिस ने सूक्ष्म वित्त कंपनियों के कर्मचारियों द्वारा प्रताड़ित करने के नौ मामलों में 39 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इस मामले के सिलसिले में मुंडागोड कस्बे से सबसे अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## कोलकाता में झुग्गी बस्ती में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत

**कोलकाता।** कोलकाता के नारकेलडांगा इलाके में कम से कम 30 झुग्गियों में भीषण आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। आग बुझाने के लिए दमकल के 17 वाहन मौके पर पहुंचे और यह आग शनिवार रात करीब 10 बजे लगी थी। आग लगने के कारण करीब 200 लोग बेघर हो गए। दमकल कर्मियों ने रात करीब तीन बजे आग पर काबू पाया जिसके बाद हबीबुल्लाह मोल्लाह (65) का जला हुआ शव झुग्गियों के पास स्थित एक गोदाम से बरामद किया गया। पश्चिम बंगाल के निकाय मामलों के मंत्री और कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम ने घटनास्थल का दौरा कर स्थानीय लोगों से बातचीत की। बेघर हुए परिवारों को वित्तीय सहायता के अलावा नजदीक में अस्थाई आवास भी उपलब्ध कराया जाएगा और मृतक के परिजन को कानून के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा।

# महबूबा ने इल्तिजा मुफ्ती को जम्मू में संवाददाता सम्मेलन करने से रोकने पर अधिकारियों पर निशाना साधा

**श्रीनगर।** पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को अपनी बेटी एवं पार्टी नेता इल्तिजा मुफ्ती को जम्मू में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करने से रोकने के लिए अधिकारियों पर निशाना साधा। पीडीपी अध्यक्ष ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पीड़ितों के परिवारों से मिलना और उन्हें सांत्वना देना अब अपराध बन गया है। यह पुलिस की हाल की कार्वाई से स्पष्ट है, जिसने इल्तिजा को जम्मू के सर्किट हाउस में हिरासत में ले लिया और उन्हें संवाददाता सम्मेलन करने से रोक दिया है। इल्तिजा ने दिन में उस युवक के परिवार से मुलाकात की जिसने हाल में जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकवादियों के साथ संदिग्ध संबंधों को लेकर पुलिस द्वारा कथित तौर पर प्रताड़ित किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली थी। महबूबा ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी की लोकतंत्र की समझ केवल चुनाव कराने तक ही सीमित है। स्वतंत्र नागरिकों के रूप में हमारे लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति यह घोर उपेक्षा एक परेशान करने वाली प्रवृत्ति को उजागर करती है। ऐसा प्रतीत होता है कि सत्तारूढ़ पार्टी की लोकतंत्र की समझ केवल चुनाव कराने और सरकार बनाने तक ही सीमित है तथा इसमें उन मौलिक स्वतंत्रताओं के प्रति कोई सम्मान नहीं है जो असल लोकतंत्र का आधार हैं। महबूबा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, यह अत्यंत दु:खद है कि उन्हें (इल्तिजा को) पीड़ित परिवार को सांत्वना देने के लिए इतनी सारी बाधाओं का सामना करना पड़ा और एक भगोड़े की तरह यात्रा करनी पड़ी। सत्ताधारी पार्टी ने सभी मुद्दों को उपराज्यपाल के मत्थे मढ़कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। एक जिम्मेदार विपक्ष के तौर पर पीडीपी हमेशा लोगों के दुख में उनके पास पहुंचेगी। कठुआ के बिलावर क्षेत्र के गुर्जर समुदाय के युवक माखन दीन (25) ने मंगलवार शाम अपने घर पर कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली थी तथा खुद को निर्दोष बताते हुए इसका वीडियो भी बना लिया था।

## पेज 1 का शेष

### दिल्ली...

विचार कर सकता है। उन्होंने कहा कि 2023 में मध्यप्रदेश और राजस्थान तथा पिछले साल ओडिशा समेत पिछले अनुभव के मद्देनजर ऐसे मामलों पर अटकलों के लिए बहुत कम गुंजाइश बचती है। भाजपा ने मध्यप्रदेश में मोहन यादव, राजस्थान में भजनलाल शर्मा और ओडिशा में मोहन चरण माझी को चुना, जिससे अधिकांश राजनीतिक विश्लेषक हैरान रह गए। भाजपा नेता ने कहा, आप कभी नहीं जानते...राष्ट्रीय नेतृत्व एक बिल्कुल नया चेहरा लेकर आ सकता है, जो इस पद के लिए उपयुक्त हो और लोगों की भारी उम्मीदों के बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में कर्तव्यों का निर्वहन करने में सक्षम हो। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री पर फैसला पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व लेगा। सभी नवनिर्वाचित विधायक उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में सक्षम हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को भाजपा मुख्यालय में विचार-विमर्श किया था, इसके बाद मोदी ने उत्साहित पार्टी कार्यकर्ताओं को विजय भाषण दिया था। चुनावों में भाजपा ने हर क्षेत्र और अधिकांश समुदायों के बीच प्रभावशाली बढ़त हासिल की है, इसके साथ ही उसके पास संभावित मुख्यमंत्री पद के कई उम्मीदवारों सूची है। दिल्ली में पिछली भाजपा सरकार 1993 से 1998 तक थी, इस जीत को पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण वापसी के रूप में चिह्नित किया गया है। भाजपा की जीत दिल्ली में आम आदमी पार्टी के दशक भर के शासन का अंत किया जो जनता की भावना में बड़े बदलाव का संकेत देती है। हालिया चुनाव में पार्टी की निर्णायक जीत वर्ष 2015 और 2020 में हार का सामना करने के बाद आई है। मजबूत जनादेश के साथ, भाजपा दिल्ली के लिए अपने विजन को लागू करने के लिए तैयार है, जिससे शहर में केजरीवाल के नेतृत्व वाले शासन का युग समाप्त हो जाएगा।

### मणिपुर...

एन बीरेन सिंह के इस्तीफे को देर से उठाया गया कदम बताते हुए रविवार को कहा कि राज्य के लोगों को अब लगातार विदेशी दौरों पर रहने वाले हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आने का इंतजार हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस सोमवार को मणिपुर विधानसभा में सिंह और उनकी मंत्रिपरिषद के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए तैयार है। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मणिपुर के मुख्यमंत्री ने माहौल को भांपते हुए इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस मणिपुर में हिंसा भड़कने पर मई 2023 की शुरुआत से इसकी मांग कर रही थी। एन बीरेन सिंह आज सुबह ही दिल्ली पहुंचे थे, जहां उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। वह 10 फरवरी से शुरू हो रहे विधानसभा के आगामी सत्र के सिलसिले में मुख्यमंत्री सचिवालय में भाजपा नीत सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों के साथ शनिवार को बैठक की थी। यह बैठक विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग के मद्देनजर आयोजित की गई थी। उल्लेखनीय है कि णिपुर के मुख्यमंत्री के रूप में नोंगथोम्बम बीरेन सिंह का कार्यकाल मुख्य रूप से जातीय हिंसा से निपटने, संघर्ष भड़काने के आरोपों समेत कई विवादों से घिरा रहा। फुटबॉल खिलाड़ी रहे सिंह राजनीति में प्रवेश करने से पहले पत्रकार थे। वह पहली बार 2017 में मुख्यमंत्री बने।

### आतिशी..

आम आदमी पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि भाजपा अपने वादे के अनुसार पहली कैबिनेट बैठक में महिलाओं को 2500 रुपए प्रतिमाह देने की योजना पास कर 8 मार्च तक उनके खाते में डाले। वह भाजपा की जवाबदेही भी तय करेंगे कि दिल्ली वालों को 300 यूनिट बिजली, सभी सुविधाओं के साथ अच्छे सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लिनिकों और अस्पतालों में सबका सारा इलाज मुफ्त जारी रहेगा। बैठक के बाद पूर्व सीएम आतिशी ने कहा कि पार्टी जनादेश को स्वीकार करती है। आम आदमी पार्टी एक जिम्मेदार व मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगी। वह यह भी सुनिश्चित करेंगी कि जो काम आम आदमी पार्टी ने पिछले 10 साल में किए हैं, उन्हें भाजपा रोक ना पाएं। पूर्व सीएम ने कहा कि चुनाव परिणामों को लेकर अभी समीक्षा की जा रही है कि आम आदमी पार्टी की हार क्यों हुई। इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने रविवार को सुबह सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में सांसद संजय सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) व सांसद डॉ. संदीप पाठक और दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय समेत अन्य नेता शामिल हुए। इस बैठक में सभी नेताओं ने भविष्य की रणनीति पर चर्चा की।

### जलवायु...

यहां एडब्लयूसी जनवरी में एनजेडपी के छोटे आर्द्रभूमि पर एनजेडपी निदेशक के सक्रिय समर्थन के साथ आयोजित किया गया था। प्रतिभागियों में पक्षी प्रेमी, एमिटी इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रामानुजन कॉलेज के स्वयंसेवक के रूप में प्रोफेसर, एनजेडीप के क्यूरेटर शामिल थे। एडब्ल्यूसी वैश्विक स्तर पर आर्द्रभूमि और जलपक्षियों के संरक्षण का समर्थन करता है और यह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की मध्य एशियाई फ्लाईवे के साथ प्रवासी पक्षियों और उनके आवासों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना के लिए आंकड़ा जुटाने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है।

(लेखक पारिस्थितिकीविद्, पक्षी विज्ञानी, एडब्ल्यूसी के दिल्ली राज्य के वेटलैंड्स इंटरनेशनल साउथ एशिया के समन्वयक हैं)

### सूखे..

सुशील धाल्टा ने कहा कि किसानों ने नए पौधे लगाने के लिए कई क्षेत्रों में गमले खोदे थे, लेकिन सूखे के कारण भूमि में नमी कम हो गई, जिससे यह प्रक्रिया रुक गई। उन्होंने कहा कि रोपण की लागत अधिक है, क्योंकि एक पौधे की कीमत 150-200 रुपये के बीच है। एक अन्य किसान राजुबीर ने कहा, हम सूखे के कारण मटर की फसल नहीं बो पाए और फरवरी में बारिश और बर्फबारी की उम्मीद कर रहे हैं। शुक्रवार को शिमला के पूर्व उप महापौर ने सरकार से राज्य को सूखा प्रभावित घोषित करने पर विचार करने का अनुरोध किया। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना को लिखे पत्र में टिकेंद्र पंवार ने कहा, वह उनसे अनुरोध करते हैं कि जरूरी प्रोटोकॉल और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को लागू किया जाए, ताकि आसन्न सूखे के संकट से सक्रिय रूप से निपटा जा सके।

# महाकुंभ में फिर उमड़ा श्रद्धालुओं का समुद्र

**प्रयागराज (भाषा)।** महाकुंभ मेले में स्नान पर्व के इतर आम दिनों में अनुमान से कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से प्रयागराज की चारों दिशाओं से आने वाले मार्गों पर रविवार को कई कई घंटों का जाम लगा रहा। स्टेशन के बाहर अधिक भीड़ होने से प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन बंद कर दिया गया। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, रविवार शाम आठ बजे तक 1.57 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया तथा 13 जनवरी से नौ फरवरी तक 43.57 करोड़ से अधिक श्रद्धालु महाकुंभ में गंगा में डुबकी लगा चुके हैं। रायबरेली से आए श्रद्धालु राम कृपाल ने बताया कि लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर फाफामऊ से पहले वह पांच घंटे जाम में फंसे रहे और फिर किसी तरह बेला कछार में वाहन खड़ा कर पैदल ही वहां से संगम घाट के लिए निकल पड़े। एडीसीपी (यातायात) कुलदीप सिंह ने कहा, वाहनों की संख्या बहुत अधिक है और यात्री इस कोशिश में हैं कि वे नजदीक से नजदीक आएं। इसकी वजह से लंबा जाम लग रहा है। हमें मौनी अमावस्या वाली व्यवस्था लागू करनी पड़ रही है। सिंह के अनुसार मौनी अमावस्या पर जितनी भीड़ आई थी, लगभग उतनी ही भीड़ अब आ रही है। भीड़ बहुत अधिक है। मौनी अमावस्या पर मेला क्षेत्र के नजदीक की पार्किंग पहले भरी जा रही थी और उसके बाद दूर की पार्किंग भरी जा रही थी। एडीसीपी (यातायात) ने बताया, दूर की पार्किंग 50 प्रतिशत भर गई है। नजदीक वाली पार्किंग छोटी पार्किंग है, जबकि दूर वाली पार्किंग बड़ी है। उदाहरण के तौर पर आईईआरटी और बघाड़ा पार्किंग (मेला क्षेत्र के नजदीक) की क्षमता चार से पांच हजार वाहनों को खड़े किए जाने की है, जबकि दूर की पार्किंग जैसे नेहरू पार्क और बेला कछार की पार्किंग में 20-25 हजार वाहन आ सकते हैं।

# विकसित भारत की महायात्रा में किसान की भूमिका को कोई कुंठित नहीं कर सकता

**जयपुर ( भाषा )।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि विकसित भारत की महायात्रा में किसान की भूमिका को कोई कुंठित नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि किसान के हाथों में राजनीतिक ताकत और आर्थिक योग्यता है, उसे किसी की मदद का मोहताज नहीं होना चाहिए। चित्तौडगढ़ में अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट महासभा को सम्बोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, किसान की आर्थिक स्थिति में जब उत्थान आता है तो देश की व्यवस्था में उद्धार आता है। बाकी किसान दाता है, किसान को किसी की ओर नहीं देखना चाहिए, किसी की मदद का मोहताज किसान नहीं होना चाहिए, क्योंकि किसान के सबल हाथों में राजनीतिक ताकत है, आर्थिक योग्यता है।

धनखड़ ने कहा, कुछ भी हो जाए, कितनी बाधाएं आएं, कोई भी अवरोधक बने, आज के दिन विकसित भारत की महायात्रा में किसान की भूमिका को कोई कुंठित नहीं कर सकता। आज की शासन व्यवस्था किसान के प्रति नतमस्तक है। उपराष्ट्रपति ने 25 साल पहले हुए जाट आरक्षण आंदोलन के दिनों को याद करते हुए कहा, मैं यहां 25 साल बाद आया हूं, 25 साल पहले इसी जगह पर एक बहुत अच्छा काम हुआ था। सामाजिक न्याय की लड़ाई की शुरुआत हुई थी, जाट और कुछ जातियों को आरक्षण मिले। उन्होंने कहा , यह शुरुआत 1999 की थी, समाज के प्रमुख लोग यहां उपस्थित थे। मैं भी उनमें एक था। आज उसके नतीजे देश और राज्य की प्रशासनिक सेवाओं में मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि उसी आरक्षण का जिनको लाभ



मिला है, आज वो सरकार में प्रमुख पदों पर हैं। धनखड़ ने कहा, उनसे मेरा आग्रह रहेगा कि वे पीछे मुड़कर जरूर देखें और कभी नहीं भूलें कि इस समाज के सहयोग की वजह से, इस समाज के प्रयास से हमें सामाजिक न्याय मिला। वैसे जब भी कोई आंदोलन होता है, खास तौर से आरक्षण से जुड़ा हुआ। लोग हिंसक हो जाते हैं। पर इस पावन भूमि पर मेरा सिर गर्व से ऊंचा है कि दुनिया के लिए हमारा आंदोलन सामाजिक न्याय का सबसे बड़ी मिसाल है। कहीं कोई अव्यवस्था नहीं हुई, कहीं कोई हिंसा नहीं हुई। किसानों से कृषि विज्ञान केंद्रों का लाभ लेने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा, किसान को मदद करने के लिए 730 से ज़्यादा कृषक विज्ञान केंद्र हैं। वहां जाइए और उनसे कहिएआप हमारी क्या सेवा करेंगे? नई तकनीकों का ज्ञान लीजिए, सरकारी नीतियों की जानकारी लीजिए। उपराष्ट्रपति ने किसानों से कृषि उत्पादों के व्यापार और मूल्य संवर्धन में अपनी भागीदारी बढ़ाने पर ज़ोर देते हुए कहा, किसान अपने उत्पाद की मूल्य वृद्धि क्यों नहीं कर रहा? अनेक व्यापार किसान के उत्पादों पर आधारित हैं।

# आर जी कर घटना: दिवंगत महिला चिकित्सक के जन्मदिन पर कोलकाता में निकली रैली

**कोलकाता ( भाषा )।** पश्चिम बंगाल के आर जी कर मेडिकल कॉलेज में हुई घटना में जान गंवाने वाली महिला चिकित्सक के जन्मदिन पर रविवार को कोलकाता में एक मौन रैली निकाली गई, जिसमें चिकित्सकों और सभी क्षेत्रों के लोगों ने हिस्सा लिया। रैली में हिस्सा लेने वालों ने इस मामले में न्याय की मांग की। रैली कलकत्ता विश्वविद्यालय परिसर के निकट कॉलेज चौक से शुरू हुई और रैली को उत्तर कोलकाता में आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रवेश द्वार पर सुरक्षाकर्मियों ने रोक दिया।

अस्पताल के बाहर कोलकाता पुलिसकर्मियों और परिसर के अंदर सीआईएसएफ के जवान तैनात किए गए थे। अधिकारियों ने रैली में शामिल लोगों से बात की, जो परिसर के अंदर एक जगह पर जाना चाहते थे, जहां दिवंगत चिकित्सक के सहकर्मियों द्वारा उसकी याद में एक पट्टिका लगाई गई थी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) उच्चतम न्यायालय के आदेश पर आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की सुरक्षा कर रही है। पिछले साल नौ अगस्त को आर जी कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। इस जघन्य घटना के बाद चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किए थे। उक्त घटना के बाद रविवार को पीड़िता का पहला जन्मदिन था और घटना के छह महीने भी पूरे हो गए। दिवंगत चिकित्सक के माता-पिता ने भी उसके जन्मदिन के उपलक्ष्य में उत्तर 24 परगना जिले में एक अन्य रैली में भाग लिया। दिवंगत चिकित्सक के माता-पिता ने कहा कि वे चाहते हैं कि अपराध में शामिल किसी भी अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाए और कानूनी कार्यवाही शुरू की जाए। जांच और सुनवाई के बाद, एक सत्र अदालत ने हाल ही में मामले के एकमात्र आरोपी संजय रॉय को दोषी ठहराया था और मृत्यु तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। रैली में चिकित्सक और विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल थे, जिन्होंने अपने मुंह काले कपड़े से ढक रखे थे और उन्होंने पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए तख्तियां पकड़ रखी थीं। अभया मंच के बैनर तले विरोध प्रदर्शन के आयोजकों में से एक ने कहा कि यह निर्णय लिया गया था कि सोमवार से शुरू हो रही पश्चिम बंगाल स्कूल बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षाओं के मद्देनजर रैली मौन रहेगी।

पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट ने भी अपनी सहकर्मी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में उत्तर 24 परगना जिले में एक स्वास्थ्य शिविर अभया क्लीनिक लगाया। एक जूनियर डॉक्टर ने कहा, अभया क्लिनिक में 110 से ज़्यादा मरीज़ पहले ही सेवाएं ले चुके हैं और उनमें से हर एक को एक पौधा दिया गया है। हमारी बहन को पौधों से बहुत प्यार था और उसने अपना जीवन लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया था। दिवंगत चिकित्सक के माता-पिता ने कहा, अपराधियों ने हमारी खुशियां छीन ली हैं। हम रात में उसके काम से लौटने के बाद उसका जन्मदिन मनाते थे। अब, हमारे जीवन का एकमात्र मिशन न्याय मांगना है।

वहीं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को पश्चिम बंगाल की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या की घटना यह साबित करती है कि राज्य का सिस्टम पूरी तरह सड़ चुका है। प्रधान ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में गुंडों को नागरिक पुलिस जैसी सामाजिक पहलों में शामिल किया गया है।

## कलम से बंदूकों का मुकाबला:सीआरपीफ ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बच्चों के लिए खोले विद्यालय

**भाषा।** सुकमा

**छत्तीसगढ़** के सुकमा जिले के चार गांव जो कभी नक्सलियों का गढ़ माने जाते थे, अब वहां बदलाव देखने को मिल रहा है। इन गांवों में बंदूकों की आवाज की जगह अब स्कूल के घंटियों की आवाज गूंज रही हैं। राज्य के इन गांवों में हुए ए बदलाव केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की पहल की बदौलत ही संभव हो पाए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में माओवादी रोधी अभियानों में शामिल सीआरपीएफ ने चार गांवों में प्राथमिक बच्चों के लिए स्कूल स्थापित किए हैं। इसका उद्देश्य लोगों के दरवाजे तक शिक्षा पहुंचाना और स्थानीय लोगों को गैरकानूनी सशस्त्र आंदोलन से दूर रखना है। छत्तीसगढ़ के दुलेड़, मुकराजकोंडा, टेकलगुडियम और पुवर्ती गांवों में सीआरपीएफ गुरुकल स्थापित किए गए हैं। इन गांवों को पिछले साल जनवरी तक नक्सलियों का गढ़ माना जाता था।

टेकलगुडियम में पहले सुरक्षाकर्मियों पर जानलेवा हमला हो चुका है जबकि पुवर्ती में खूंखार नक्सली नेता हिडमा का घर है। हिडमा के बारे में माना जाता है कि बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों पर हुए कई जानलेवा हमलों में उसका हाथ है। सीआरपीएफ (सुकमा रेंज) के उप महानिरीक्षक आनंद सिंह राजपुरोहित ने फोन पर पीटीआई-भाषा को बताया कि जिन स्थानों पर कभी लाल सलाम और गोलियों की आवाजें गूंजती थीं, वहां अब स्कूलों की घंटियां और बच्चों की चहचहाट सुनाई देती है। उन्होंने बताया कि इन चार गांवों में कभी नक्सलियों का प्रभाव था, लेकिन पिछले साल जनवरी-फरवरी में वहां सुरक्षा शिविर स्थापित किए जाने के बाद से इन गांवों में विकास होने लगा है।

टेकलगुडियम क्षेत्र में तीन अप्रैल, 2021 को हुए माओवादी हमले में 22 सुरक्षाकर्मी मारे गए। टेकलगुडियम में पिछले वर्ष 30 जनवरी को पुलिस शिविर स्थापित किए जाने के दौरान नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में सीआरपीएफ के तीन जवान मारे गए थे तथा 15 अन्य घायल हो गए थे। डीआईजी ने कहा, चूंकि इन गांवों में स्कूल नहीं थे, इसलिए हमने प्राथमिक स्कूल के बच्चों के लिए स्कूल खोलने का निर्णय लिया।

अधिकारी ने बताया कि चारों स्थानों पर पुलिस शिविरों के पास स्कूलों का निर्माण किया गया है। 50 से 60 विद्यार्थियों की क्षमता वाले प्रत्एक स्कूल के लिए एक शिक्षक की नियुक्ति भी की गई है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को मानदेय का भुगतान गृह मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए नागरिक कार्वाई कार्यक्रम के तहत एक कोष के माध्यम से किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि फिलहाल इन विद्यालयों में पांचवीं कक्षा तक की कक्षाएं हैं। शुरुआत में पहली और दूसरी कक्षा के लिए छात्रों का नामांकन किया गया है और बाद में इसे 12वीं कक्षा तक बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

## कुशीनगर में अवैध रूप से निर्मित मस्जिद के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

**कुशीनगर ( भाषा )।** कुशीनगर में जिला प्रशासन ने अवैध रूप से निर्मित एक मस्जिद को अदालत के स्थगन आदेश की अवधि खत्म होने के बाद रविवार को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी। उपजिलाधिकारी योगेश्वर सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी कुंदन सिंह रविवार सुबह व्यापक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तीन मंजिला मदनी मस्जिद के ध्वस्तीकरण का काम शुरू कर दिया। जिला प्रशासन के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक मस्जिद को लेकर विवाद 1999 से शुरू हुआ था। स्थानीय नेता राम बच्चन सिंह ने पहली बार इसके अवैध निर्माण के बारे में शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, उस समय कोई कार्वाई नहीं की गई थी। दिसंबर 2023 में यह मुद्दा फिर से सामने आया तब जांच शुरू की गई। सूत्रों ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन ने मस्जिद की प्रबंधन समिति को कानूनी दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए तीन नोटिस जारी किए, मगर कोई वैध कागजात उपलब्ध नहीं कराए गए, लिहाजा मस्जिद को अनधिकृत घोषित कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि मस्जिद प्रबंधन समिति ने जिला प्रशासन के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी, जिसने मस्जिद के ध्वस्तीकरण पर स्थगन का आदेश दिया था। इस आदेश की अवधि आठ फरवरी को समाप्त हो गई। सूत्रों का कहना है कि आगे कोई कानूनी बाधा न होने के कारण, अधिकारियों ने ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि ध्वस्तीकरण अभियान रात में भी जारी रहने की उम्मीद है।

## प्रियंका ने वायनाड में मानव-पशु संघर्ष से निपटने को अधिक धनराशि का आग्रह किया

**वायनाड ( भाषा )।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड में मानव-पशु संघर्ष से निपटने के लिए धनराशि बढ़ाने को लेकर केंद्र और केरल सरकार पर दबाव डालने और इस संबंध में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कोष जुटाने का रविवार को संकल्प लिया। तिरुवम्बाडी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के बूथ स्तर के नेताओं को संबोधित करते हुए वायनाड से सांसद प्रियंका ने कहा कि वह मानव-पशु संघर्ष की घटनाओं को कम से कम करने का पूरा प्रयास करेंगी। प्रियंका ने कहा कि मनंतवाडी में बाघ के हमले में एक महिला की मौत के बाद जिलाधिकारी और वन अधिकारियों के साथ चर्चा के दौरान उन्होंने धन की कमी का मुद्दा उठाया। प्रियंका ने कहा, मैंने उनसे कहा कि मैं समस्या के समाधान के लिए केंद्र और राज्य सरकार पर धनराशि बढ़ाने के लिए दबाव डालूंगी और साथ ही जहां भी हम मदद कर सकते हैं, वहां सीएसआर कोष जुटाएंगे। उन्होंने कहा कि जनवरी से अब तक जंगली जानवरों के हमलों के कारण वायनाड में चार मौतें हो चुकी हैं। वायनाड की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन, प्रियंका ने एरनाड विधानसभा क्षेत्र में अपनी पहली बैठक में मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे पर कहा कि वह केंद्र और राज्य सरकार (दोनों सरकारों) को अधिक धन आवंटित करने के लिए पत्र लिखेंगी, क्योंकि प्रभावी संरक्षण उपायों के लिए समुचित धन जरूरी है।

बैठक के बाद मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह पहले भी एक बार इस मुद्दे को उठा चुकी हैं और आगे भी उठाती रहेंगी। कांग्रेस नेता ने कहा, यह एक जटिल मुद्दा है जिसका कोई आसान समाधान नहीं है। निश्चित रूप से, मैं जितना संभव हो उतना दबाव डालूंगी और जितना संभव हो उतना मुद्दा उठाऊंगी। प्रियंका ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें दोनों से धन प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा, मैं इस मुद्दे को उठाऊंगी और सुनिश्चित करूंगी कि इसका समाधान निकाला जाए। इससे पहले, प्रियंका ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि इतिहास में पहली बार कोई सरकार देश के संविधान और लोकतंत्र, दोनों को कमजोर करने के प्रयास कर रही है।

## न्यायालय रोहिंग्या शरणार्थियों के सरकारी स्कूलों में प्रवेश के मुद्दे पर 10 को करेगा विचार



**नई दिल्ली ( भाषा )।** उच्चतम न्यायालय राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले रोहिंग्या शरणार्थियों को सरकारी स्कूलों और अस्पतालों तक पहुंच प्रदान करने के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार को निर्देश देने के अनुरोध संबंधी याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ याचिका पर सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने 31 जनवरी को गैर सरकारी संगठन रोहिंग्या ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव से कहा कि वह अदालत को बताए कि ए रोहिंग्या शरणार्थी दिल्ली में कहां-कहां बसे हैं और उन्हें कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध हैं। अदालत ने वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंजाल्विस से हलफनामा दाखिल कर दिल्ली में उनके बसने के स्थानों के बारे में बताने को कहा था। गोंजाल्विस ने कहा कि एनजीओ ने रोहिंग्या शरणार्थियों को सरकारी स्कूलों और अस्पतालों में प्रवेश देने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है, क्योंकि आधार कार्ड न होने के कारण उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। उन्होंने कहा, वे शरणार्थी हैं जिनके पास यूएनएचसीआर (शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त) कार्ड हैं, इसलिए उनके पास आधार कार्ड नहीं हो सकते। लेकिन, आधार के अभाव में उन्हें सरकारी स्कूलों और अस्पतालों में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है।

## गुजरात में मजदूरों पर गिरा ट्रक, एक बच्चे और तीन महिलाओं की मौत

**पालनपुर ( भाषा )।** गुजरात के बनासकांठा जिले में रेत से भरा एक डंपर ट्रक पलट कर मजदूरों के एक समूह पर गिर गया, जिससे तीन महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना शनिवार शाम जिले के खेंगरपुरा गांव में उस समय हुई, जब वहां सड़क निर्माण का कार्य हो रहा था। मजदूरों का यह समूह सड़क निर्माण के कार्य में जुटा हुआ था। पुलिस उपाधीक्षक एस.एम. वरोतरिया ने बताया कि डंपर एक संकरे रास्ते से गुजरने की कोशिश कर रहा था, उसी दौरान वह पलट गया तथा सड़क निर्माण कार्य में जुटी तीन महिला मजदूरों के एक समूह पर गिर गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में एक बच्चे की भी मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक ने कहा, मजदूर सड़क के किनारे दीवार के निर्माण के लिए मिट्टी खोद रहे थे, तभी रेत से भरा एक ट्रक लापरवाही से संकरे मोड़ से गुजरने की कोशिश करने लगा। चालक ने ट्रक पर से नियंत्रण खो दिया और ट्रक वहां काम कर रही तीन महिलाओं और खेल रहे एक बच्चे पर गिर गया। अधिकारियों के मुताबिक, क्रेन और बुलडोजर की मदद से ट्रक के नीचे फंसी महिलाओं और बच्चे को बाहर निकालने में करीब दो घंटे का समय लगा। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद चारों लोगों को सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थराड के पुलिस निरीक्षक आर आर राठवा ने बताया कि जिस स्थान पर यह दुर्घटना हुई, वहां करीब 10 मजदूर काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि डंपर चालक को हिरासत में ले लिया गया है और उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। थराड के सरकारी अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी जयदीप त्रिवेदी ने बताया कि चार लोगों को जब अस्पताल लाया गया तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस को इस घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों की पहचान रेणुकाबेन गनावा (24), सोनलबेन निनामा (22), इलाबेन भाभोर (40) और रुद्र (2) के रूप में हुई है।

## कैदी की रिहाई को राष्ट्रपति के नाम से फर्जी आदेश मिला, प्राथमिकी दर्ज

**सहारनपुर ( भाषा )।** सहारनपुर जिले की जनकपुरी थाना पुलिस ने राष्ट्रपति के नाम से जिला कारागार में बंद हत्या के एक आरोपी की रिहाई के लिए फर्जी आदेश भेजने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति के नाम से जिला कारागार में एक विचाराधीन कैदी की रिहाई का आदेश पहुंचते ही खलबली मच गई। वरिष्ठ जेल अधीक्षक को संदेह हुआ तो उन्होंने मामले की जांच कराई जिससे पता चला कि यह आदेश फर्जी है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक सत्यप्रकाश ने बताया कि जिला कारागार में अजय हत्या के एक मामले में बंद है और इसका मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत में विचाराधीन है।

## एयरोस्पेस क्षेत्र के भविष्य का साक्षी बनने को उत्सुक हूं : एयरो इंडिया 2025 पर राजनाथ

**नई दिल्ली ( भाषा )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि वह बेंगलुरु में एयरो इंडिया के 15वें संस्करण में भाग लेंगे, जिसमें अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों और वैश्विक विमानन उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया जाएगा। एयरो इंडिया को एशिया का सबसे बड़ा एयर शो माना जाता है, जिसका आयोजन बेंगलुरु शहर के एलहंका वायुसेना स्टेशन में किया जाता है। सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, द्विवार्षिक एयरो-इंडिया के 15वें संस्करण में भाग लेने के लिए नई दिल्ली से बेंगलुरु के लिए रवाना हो रहा हूं। यह आयोजन अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों और वैश्विक विमानन उत्कृष्टता का प्रदर्शन करेगा। एयरोस्पेस



क्षेत्र के भविष्य का साक्षी बनने को उत्सुक हूं। रक्षा उत्पादन विभाग ने भी अपने एक्स हैंडल पर 10-14 फरवरी तक होने वाले शो के बारे में जानकारी साझा की। विभाग ने रविवार को कहा कि रक्षा मंत्री 10 फरवरी को एयरो इंडिया 2025 में इंडिया पैवेलियन का उद्घाटन करेंगे।

**एयर चीफ मार्शल सिंह, सेना प्रमुख द्विवेदी ने तेजस में उड़ान भरी:** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह और थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने रविवार को बेंगलुरु के पास एलहांका स्थित वायुसेना अड्डे पर हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस में उड़ान भरकर भव्य एयरो इंडिया-2025 की रूपरेखा तैयार की। शीर्ष अधिकारियों की तेजस में यह उड़ान यहां सोमवार से शुरू हो रहे इस द्विवार्षिक भव्य कार्यक्रम की पूर्व भूमिका थी। एयरो इंडिया 2025 सोमवार से शुरू होकर 14 फरवरी तक चलेगा। जब एयर चीफ मार्शल ने सेना प्रमुख के साथ तेजस को उड़ाया तो सभी की निगाहें आसमान की ओर लगी रहीं। सफल उड़ान के बाद जनरल द्विवेदी ने इस अनुभव को उनके जीवन का सबसे अच्छा पल बताया।

## नौसेना भारत के समुद्री हितों की रक्षा करना जारी रखेगी: एडमिरल त्रिपाठी

**नई दिल्ली ( भाषा )।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने कहा है कि उनका बल कभी भी, कहीं भी और किसी भी तरह भारत के समुद्री हितों की रक्षा करना जारी रखेगा। नौसेना प्रमुख ने यह टिप्पणी शनिवार को यहां नए नौसेना भवन में आयोजित भारतीय नौसेना प्रमुखों के सम्मेलन में की। नौसेना के एक प्रवक्ता ने रविवार को एक बयान में कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले आठ पूर्व नौसेना प्रमुखों के सामूहिक अनुभव और ज्ञान से लाभ उठाना है। प्रवक्ता ने कहा कि इन पूर्व प्रमुखों को नीतिगत पहल, तकनीकी, सामग्री और परिचालन रसद प्रगति और भावी योजनाओं सहित परिचालन संबंधित एक अद्यतन प्रस्तुति से अवगत कराया गया। बयान में नौसेना प्रमुख के हवाले से कहा गया, हम आपकी शानदार विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भारतीय नौसेना कभी भी, कहीं भी, किसी भी तरह भारत के राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा करना जारी रखेगी। सम्मेलन में उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य और प्रतिमानों के लिहाज से युद्ध और समुद्री रणनीति के भविष्य पर विचारों के खुले आदान-प्रदान को बढ़ावा देने, रुचि के प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक सत्र मंथन भी आयोजित किया गया था। सम्मेलन से इतर एक कार्यक्रम में लीगेसी ऑफ लीडरशिप: नेवल चीफ्स थ्रू टाइम नामक पुस्तक का विमोचन किया गया, जिसमें पूर्व नौसेना प्रमुखों की प्रेरणादायक यात्राओं का विवरण दिया गया है।

## सांसदों-विधायकों के खिलाफ करीब 5,000 मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए न्यायालय से मांगा निर्देश

**नई दिल्ली ( भाषा )।** वर्तमान एवं पूर्व संसद सदस्यों तथा विधानसभा सदस्यों के विरुद्ध लगभग 5,000 मामले लंबित होने के कारण, उच्चतम न्यायालय से आग्रह किया गया है कि वह सांसदों के विरुद्ध मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए निर्देश जारी करे। सांसदों विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटारे की मांग वाली जनहित याचिका में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायमित्र वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया द्वारा दायर नवीनतम हलफनामे में कहा गया है कि विधायकों का उनके खिलाफ मामलों की जांच औराया सुनवाई पर बहुत प्रभाव होता है और सुनवाई पूरी नहीं करने दी जाती है। हलफनामे के अनुसार, यह कहा गया है कि इस न्यायालय द्वारा समय-समय पर दिए गए आदेशों और उच्च न्यायालय की निगरानी के बावजूद सांसदों और विधायकों के खिलाफ बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं, जो हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर एक धब्बा हैं। इसमें कहा गया, बड़ी संख्या में मामलों का लंबित रहना, जिनमें से कुछ तो दशकों से लंबित हैं, यह दर्शाता है कि विधायकों का अपने विरुद्ध मामलों की जांच औराया सुनवाई पर बहुत अधिक प्रभाव है, तथा मुकदमे को पूरा नहीं होने दिया जाता है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ सोमवार को अश्विनी उपाध्याय द्वारा 2016 में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करेगी, जिसमें दोषी राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की अपील की गई है। चुनाव अधिकार संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए हंसारिया ने कहा कि वर्तमान लोकसभा के 543 सदस्यों में से 251 के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 170 गंभीर आपराधिक मामले हैं (जिनमें पांच साल या उससे अधिक की सजा हो सकती है)। मामलों की सुनवाई में देरी के विभिन्न कारणों को रेखांकित करते हुए हंसारिया ने कहा कि सांसदोंविधायकों के लिए विशेष अदालत नियमित अदालती काम करती हैं और कुछ राज्यों को छोड़कर, सांसदों विधायकों के खिलाफ मुकदमा इन अदालतों के कई कार्यों में से एक है।

# सभी धर्मों में दान के लिए एक कानून बने: विहिप

**महाकुंभ नगर ( भाषा )।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने रविवार को कहा कि विहिप ने सरकार से कहा है कि सभी धर्मों में दान के लिए एक कानून बनना चाहिए। यहां विहिप के शिविर में रविवार को संपन्न हुई तीन दिवसीय केंद्रीय प्रन्यासी मंडल की बैठक के बाद कुमार ने कहा, मुस्लिम अल्लाह को जमीन देते हैं तो वह वक्फ की जमीन हो जाती है, लेकिन हिंदू यदि मंदिर को भूमि देते हैं, ईसाई चर्च को जमीन देते हैं, सिख गुरुद्वारे को जमीन देते हैं तो क्या होता है। इसके लिए अलग अलग कानून क्यों बने हुए हैं। उन्होंने कहा, 1954 में जब पहला वक्फ अधिनियम बना था, तो कांग्रेस के दो राज्यसभा सदस्यों ने कानून मंत्री से कहा था कि मुस्लिमों के लिए अलग कानून क्यों। इस पर तत्कालीन कानून मंत्री ने कहा था कि वह इस पर एक कानून बनाने पर विचार कर रहे हैं। अब समय आ गया है कि सरकार सभी धर्मों की चैरिटी के लिए एक कानून बनाए।

काशी और मथुरा के मंदिरों को मुक्त कराने के सवाल पर उन्होंने कहा, हिंदू समाज को हमारा वचन है कि संविधान के अंतर्गत सब तरह के कदम उठाकर हम इन दोनों मंदिरों को वापस प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बैठक में हिंदू मंदिरों को सरकार के कब्जे से मुक्त कराने के मुद्दे पर चर्चा हुई। कुमार ने कहा, पिछले 208 वर्षों से अलग-अलग राज्यों में हमारे मंदिर सरकारों के कब्जे में हैं। कानूनों में लिखा है कि इन मंदिरों को अपनी आय का 12 प्रतिशत राशि प्रशासनिक खर्च के नाम पर सरकारी खजाने में जमा कराना होगा। इसी तरह कई अन्य प्रावधान हैं। उन्होंने कहा, हमने विजयवाड़ा में मंदिरों को मुक्त कराने के आह्वान के साथ एक बड़ा सम्मेलन किया था जिसमें ढाई लाख लोग आए थे। आगामी तीन-चार महीने के लिए इस संबंध में आंदोलन चलाने की रूपरेखा बनाई गई है जिसमें उत्तर भारत और दक्षिण भारत में हम इसी तरह की बड़ी सभा करेंगे। उन्होंने बताया, हम साधु-संतों और अन्य हिंदू संगठनों को साथ लेकर इस मुद्दे पर प्रत्एक राज्य के मुख्यमंत्री से मिलेंगे। साथ ही हम हर राज्य के विधायकों से मिलेंगे और उन्हें ज्ञापन देंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर वापस करने का कानून ऐसा नहीं बनना चाहिए कि पहले वह सरकार के नियंत्रण में रहे और अब किसी और के नियंत्रण में आ जाए।

उनका कहना था कि प्रत्एक मंदिर को अपनी परंपरा के अनुसार चलने का पूरा अधिकार होगा। मंदिर के ट्रस्ट में भक्तों के पूरे समुदाय का प्रतिनिधित्व होना चाहिए।कुमार ने कहा, ट्रस्ट में अनुसूचित समाज के भाई-बहनों को शामिल करना पड़ेगा। मंदिर के खर्च की व्यवस्था ऐसी होगी कि हिंदुओं का पैसा, हिंदुओं के काम में खर्च हो। पूरी पारदर्शिता होगी और कोई भी मंदिर की आय और खर्च का हिसाब जान सकेगा। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के मंदिर सरकारी नियंत्रण से मुक्त होने पर एक लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकती है जिसको हिंदुओं के कामों जैसे चिकित्सा सेवा, स्वास्थ्य, धर्म शिक्षकों, छोटे मंदिरों की मरम्मत आदि में खर्च किया जाएगा। वक्फ बोर्ड पर चर्चा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हम वक्फ बोर्ड को लेकर सरकार द्वारा की जा रही कार्यवाही से संतुष्ट हैं। हमने जो संशोधन बताया वह यह है कि संविधान में यह व्यवस्था है कि जो आदिवासी इलाका है, वह पूरा क्षेत्र सरकार अनुसूचित क्षेत्र घोषित करती है। फिर वह जमीन कोई खरीद नहीं सकता है और न ही उसपर कोई कब्जा कर सकता है। उन्होंने कहा, हमने जेपीसी से कहा था कि वह यह लिखे कि अनुसूचित भूमि पर वक्फ का कब्जा नहीं होगा। उन्होंने हमारी बात पर विचार किया और इसकी सिफारिश की है।

## महाकुंभ ग्लैमर और पांच सितारा संस्कृति का अड्डा नहीं, आस्था का संगम है: महंत धर्मेंद्र दास

**महाकुंभ नगर ( भाषा )।** प्रयागराज के महाकुंभ-2025 में चमक-दमक की दुनिया से जुड़े लोगों की चर्चा संतों के एक वर्ग को पसंद नहीं आई और इस वर्ग का मानना है कि इसकी वजह से अध्यात्म और सनातन के इस महापर्व से ध्यान भटकता है। श्री उदासीन अखाड़ा बंधुआ कला छावनी के प्रमुख और अखिल भारतीय उदासीन संप्रदाय संगत के सभापति श्री महंत धर्मेंद्र दास इन साधुओं में से एक हैं। प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी रोड मेला स्थल के सेक्टर-20 में स्थित अपनी छावनी (शिविर) में धर्मेन्द्र दास ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा अगर इतने साधु संतों की सेवा को छोड़कर मीडिया ऐसे लोगों का प्रचार करे तो दोष तो मीडिया का है। मीडिया घराने ऐसा क्यों कर रहे हैं, इस पर आप लोगों को ही चिंतन करना चाहिए। दास ने महाकुंभ के दौरान मॉडल से साध्वी बनीं हर्षा रिछारिया, माला बेचने वाली मोनालिसा और अन्य व्यक्तियों की चर्चा के बारे में पूछे जाने पर यह टिप्पणी की। महंत ने कहा, महाकुंभ ग्लैमर और पांच सितारा संस्कृति का अड्डा नहीं, यह संतों, श्रद्धालुओं और सनातन की आस्था का संगम है। हाल ही में पूर्व अभिनेत्री ममता कुलकर्णी समेत कई लोगों को महाकुंभ में महामंडलेश्वर बनाने और कुछ लोगों को हटाने की बात पर बिना किसी का जिक्र किए उन्होंने कहा कि महामंडलेश्वर और मंडलेश्वर का पद अखाड़ों के संतों से परामर्श के बाद दिया जाता है। यदि कोई महान विद्वान है और उसकी सेवा सराहनीय है, तो उसे मंडलेश बनाया जाता है। मंडलेश्वर की उपाधि अस्थाई होती है और यदि कोई गलत काम करता है, तो अखाड़े को उसे वापस लेने का अधिकार है। दास ने यह कहा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ी मेहनत की, व्यवस्था की निगरानी के लिए कई बार महाकुंभ का दौरा किया, लेकिन अधिकारी अति विशिष्ट व्यक्तियों की आवाजाही में अधिक व्यस्त दिखे और आम श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए उनके पास समय नहीं था।

## आंध्र में एक सड़क हादसे में चार महिलाओं की मौत

**पलनाडु ( भाषा )।** आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले में रविवार को ट्रैक्टर ट्रॉली पलट जाने से चार महिला मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर में मिर्च खेत में काम करने वाले मजदूरों को ले जाया जा रहा था। पलनाडु जिले के पुलिस अधीक्षक के. श्रीनिवास राव ने बताया कि यह दुर्घटना शाम करीब साढ़े छह बजे उस दौरान हुई जब तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने मुप्पल्ला मंडल के चगंतीवारीपालेम गांव में खराब सड़क के कारण वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था।

# इजराइली सैनिक गाजा गलियारे से हटना शुरू

**हमास के साथ युद्ध विराम समझौते के तहत हो रही वापसी**



भाषा। मुगराका (गाजा पट्टी)

**हमास के साथ हुए** युद्ध विराम समझौते के तहत इजराइल की सेना ने रविवार को गाजा के एक प्रमुख गलियारे से हटना शुरू कर दिया। इजराइली अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस समझौते पर आगे बढ़ा जा रहा है, लेकिन इस बात को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है कि क्या दोनों पक्ष इसके प्रस्तावित विस्तार पर बातचीत करेंगे। युद्धविराम समझौते के एक भाग के रूप में इजराइल ने नेत्ज़ारिम गलियारे से अपनी सेनाएं हटाने पर सहमति व्यक्त की थी। यह एक भू-पट्टी है जो उत्तरी गाजा को दक्षिणी गाजा से अलग करती है। पिछले महीने युद्ध विराम की शुरुआत में, इजराइल ने फलस्तीनियों को अपने घरों की ओर जाने के लिए नेत्ज़ारिम पार करने की अनुमति देना शुरू कर दिया, जिससे हजारों लोग पैदल और कार से गाजा पार कर रहे हैं। क्षेत्र से इजराइली सैनिकों का हटना, समझौते के प्रति एक और प्रतिबद्धता को पूरा करेगा। इस समझौते ने 15 महीने के युद्ध को रोक दिया है। हालांकि, ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों पक्षों ने समझौते के दूसरे चरण पर बातचीत में बहुत कम प्रगति की है, जिसका उद्देश्य युद्धविराम को आगे बढ़ाना तथा हमास द्वारा बंधक बनाए गए और भी इजराइली बंधकों को रिहा कराना है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कतर में एक प्रतिनिधिमंडल भेज रहे हैं, जो दोनों पक्षों के बीच वार्ता में एक प्रमुख मध्यस्थ है। लेकिन इस अभियान में निचले रैंक के अधिकारी शामिल थे, जिससे अटकलें लगाई जा रही हैं कि इससे युद्धविराम को आगे बढ़ाने में कोई सफलता नहीं मिलेगी। नेतन्याहू द्वारा इस सप्ताह समझौते के दूसरे चरण पर प्रमुख कैबिनेट मंत्रियों की बैठक बुलाने की भी उम्मीद है। रविवार को फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 23 वर्षीय एक फलस्तीनी महिला, जो आठ महीने की गर्भवती है, वेस्ट बैंक में इजराइली गोलीबारी में घायल हो गई, जहां इजराइली सैनिक एक व्यापक अभियान चला रहे हैं। रविवार को, पानी की टंकियों और सूटकेस सहित अन्य सामानों से लदी कार नेत्ज़ारिम को पार करने वाली सड़क से उत्तर की ओर जाती देखी गईं। समझौते के तहत, इजराइल को कारों को बिना जांचे पार करने की अनुमति देनी है, और सड़क के आस-पास कोई सैनिक नहीं दिखाई दिया।

## गाजा में एक वर्ष से अधिक समय तक बंधक रहने के बाद थाईलैंड के नागरिक बैंकॉक लौटे

बैंकॉक। गाजा में एक वर्ष से अधिक समय तक बंधक बनाए रखे जाने के बाद रिहा किए गए थाईलैंड के पांच श्रमिक रविवार को बैंकॉक पहुंचे। थाईलैंड के पांच श्रमिकों सास्साक रुम्नाओ, वचरा श्रीअउन, सथियान सुवानाखाम, पोंगसाक थाएन्ना और बन्नावत सैथाओ को 30 जनवरी को रिहा किया गया था। इजराइल और हमास के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से रिहा किए गए थाईलैंड के लोगों का यह दूसरा समूह था। इससे पहले नवंबर 2023 में हुए पहले संघर्ष विराम समझौते के तहत थाईलैंड के 23 नागरिकों को रिहा किया गया था। यह समझौता कतर और ईरान की मध्यस्थता से थाईलैंड और हमास के बीच हुआ था। सभी पांच लोगों की पहले तेल अवीव में एक अस्पताल में जांच की गई। तेल अवीव में थाईलैंड के दूतावास के अनुसार इस यात्रा की व्यवस्था इजराइल सरकार ने की थी। हमास के परमाणुधियों ने सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजराइल पर हमले के दौरान 31 थाई नागरिकों का अपहरण कर लिया।

# माली में बंदूकधारियों के हमले में 25 नागरिक मारे गए

भाषा। बमाको (माली)



**माली की सेना** की निगरानी में जा रहे वाहनों के एक काफिले पर बंदूकधारियों ने हमला कर दिया, जिसमें 25 नागरिक मारे गए। एक सैन्य प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि मरने वालों में अधिकतर सोने की खदान में काम करने वाले खनिक थे। यह हमला शुक्रवार को देश के उत्तर-पूर्व में स्थित सबसे बड़े शहर गाओ से लगभग 30 किलोमीटर दूर हुआ, जहां सत्तारूढ़ जुंटा के विरोधी सशस्त्र समूह सक्रिय हैं। यह इस वर्ष नागरिकों पर किया गया सबसे घातक हमला था।सेना के प्रवक्ता कर्नल मेजर सौलेमेन डेम्बेले ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि हमलावरों ने सेना द्वारा संचालित लगभग 60 वाहनों के काफिले को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि सैनिकों ने पीड़ितों की सहायता की और 13 घायलों को गाओ अस्पताल पहुंचाया।उन्होंने कहा कि हमलावरों में से चार घायल हो गए। उन्होंने सेना के किसी कर्मी के हताहत होने पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।गाओ के एक निवासी ने अपनी सुरक्षा के मद्देनजर नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया, मेरी बहन हमले में बच गई, लेकिन वह मानसिक सदमे में है। उसने बहुत से लोगों को मृत और घायल देखा, पूरी तरह से भयावह दृश्य। यह पहली बार था जब उसने मृत लोगों को देखा था। किसी भी हथियारबंद समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इस क्षेत्र में कई समूह सक्रिय हैं, जिनमें इस्लामिक स्टेट समूह, अल-कायदा से जुड़ा जेएनआईएम और माली के सैन्य शासन के विरोधी अज़ावाद क्षेत्र के अन्य समूह शामिल हैं। माली 10 साल से ज्यादा समय से संकट में है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

कोलंबो। श्रीलंकाई अधिकारियो ने कथित तौर पर द्वीपीय राष्ट्र के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनके ट्रॉलर जब्त कर लिए है। नौसेना ने रविवार को यह जानकारी दी। श्रीलंकाई नौसेना ने एक बयान में कहा कि ए गिरफ्तारियां शनिवार को मन्नार के उत्तर में समुद्री क्षेत्र में चलाए गए एक विशेष अभियान के दौरान हुईं। इसमें कहा गया है, श्रीलंकाई नौसेना ने मछली पकड़ने वाली दो भारतीय नौकाओं को जब्त कर लिया और देश के जलक्षेत्र में अवैध रूप से शिकार कर रहे 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। बयान में कहा गया है कि नौसेना विदेशी मछली पकड़ने वाली नौकाओं की अवैध मछली पकड़ने की गतिविधियो पर अंकुश लगाने के लिए श्रीलंकाई जलक्षेत्र में नियमित गश्त और अभियान चलाती रहती है, तथा स्थानीय मछुआरो की आजीविका पर इन गतिविधियों के प्रभाव को ध्यान में रखती है। नौसेना ने बताया कि गिरफ्तार मछुआरों को ईरानतिवु द्वीप लाया गया, जहां उन्हे आगे की कानूनी कार्वाई के लिए किलिनोच्ची के सहायक मत्स्य निदेशालय को सौंप दिया जाएगा। पिछले सप्ताह इसी तरह की एक घटना में श्रीलंकाई अधिकारियों ने 10 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया था और एक नौका जब्त कर ली थी।

## पाक सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्म में 10 और बंकरों को नष्ट किया

पेशावर। पाकिस्तानी सुरक्षा बलो ने सुन्नी और शिया समुदायों के बीच हुए शांति समझौते के तहत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्म जिले मे 10 और बंकरो को नष्ट कर दिया। अधिकारियो ने रविवार को यह जानकारी दी। जिले मे गत वर्ष 21 नवंबर से दो दिसंबर के बीच सांप्रदायिक झड़पो मे 133 लोगों के मारे जाने के बाद चार जनवरी को अलीज़ाई और बागान कबीलो के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। समझौते के तहत, निवासियों ने 15 दिनों के भीतर अलग-अलग चरणो मे सरकार को अपने हथियार सौपने का वचन दिया, जबकि स्थानीय बंकरो को फरवरी के अंत तक नष्ट करने का काम पूरा किया जाना है। अधिकारियो ने बताया कि पेवार और गेदू इलाको में स्थित बंकरो को सुरक्षा बलो और पुलिस द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान विस्फोटक सामग्री के जरिए ध्वस्त किया गया। ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया 10 जनवरी को शुरू हुई थी। निचले और ऊपरी कुर्म जिले मे 250 से अधिक बंकर है। अब तक 48 बंकर नष्ट किए गए है।

## चीन की विशाल दूतावास योजना के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन में कई शामिल

लंदन। ब्रिटेन के छाया मंत्री और विपक्षी कंजरवेटिव पार्टी के सांसद उन सैकड़ो प्रदर्शनकारियों मे शामिल रहे, जो पूर्वी लंदन मे चीन के तथाकथित विशाल दूतावास के प्रस्तावित स्थल पर एकत्रित हुए। छाया न्याय मंत्री रॉबर्ट जेनरिक, छाया सुरक्षा मंत्री टॉम टुगेंदहट और पूर्व टोरी नेता इयान डंकन स्मिथ शनिवार को टावर ऑफ लंदन के पास ऐतिहासिक रॉयल मिंट कोर्ट स्थल पर हांगकांगवासियों, उइगरों और तिब्बतियों का प्रतिनिधित्व करने वाले समूहो के साथ शामिल हुए। छाया मंत्री विपक्ष के सदस्य होते है, जो सरकार के काम की निगरानी करते है। प्रदर्शनकारी एक बहुत बड़े नए दूतावास के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराना चाहते थे, जिसके बारे में उन्हे डर है कि अगर इसे यूरोप मे चीन के सबसे बड़े राजनयिक मिशनो मे से एक के रूप मे आगे बढ़ने की अनुमति दी गई तो इसका इस्तेमाल जासूसी केंद्र के रूप मे किया जा सकता है।, हम नही चाहते कि हमारे पीछे स्थित यह ऐतिहासिक इमारत - टॉवर ऑफ लंदन के पीछे - चीनी क्म्युनिस्ट पार्टी का एक बड़ा दूतावास बन जाए।

## तालिबान के खिलाफ अमेरिका की मदद करने वाले अफ्गानों का भविष्य ट्रंप के कदमों से अंधकारमय

**तिराना।** तालिबान और इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों के खिलाफ अमेरिकी सेना की मदद करने वाले अफगान नागरिकों का भविष्य डोनाल्ड ट्रंप के कदमों की वजह से अंधकारमय नजर आ रहा है। इन लोगों में वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने अमेरिका के सबसे लंबे युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना की मदद के लिए चालक और अनुवादक के रूप में काम किया। इन लोगों को खुद को अमेरिका में बसाए जाने की उम्मीद थी, लेकिन अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की हार के बाद रिपब्लिकन ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया है। ट्रंप द्वारा जारी किए गए कार्यकारी आदेशों से अफगानों को अमेरिका में सुरक्षा प्रदान करने में मदद करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कार्यक्रम समाप्त हो गए हैं। रौशनगर ने कहा, मैं अब भी सदमे में हूं क्योंकि मैं नरक से बाहर निकलने और सुरक्षित स्थान पर पहुंचने तथा शांति से रहने और एक नई शुरुआत करने के लिए पहले ही चार साल इंतजार कर चुका हूं।

# अमेरिका-दक्षिण कोरिया-जापान के बीच बढ़ती साझेदारी उत्तर कोरिया के लिए खतरा: किम

भाषा। सियोल



**उत्तर कोरिया के** नेता किम जोंग उन ने कहा कि दक्षिण कोरिया और जापान से अमेरिका की सुरक्षा साझेदारी बढ़ने से उत्तर कोरिया के सामने गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। किम ने साथ ही अपने परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का संकल्प जताया है। सरकारी मीडिया में रविवार को आईं खबरों में यह जानकारी दी गई। किम पहले भी ऐसी चेतावानियां दे चुके हैं। उनके ताजा बयान से यह संकेत मिलता है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उनसे मुलाकात करने और कूटनीति को पुनर्जीवित करने की पेशकश को निकट भविष्य में स्वीकार नहीं करेंगे। सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार शनिवार को कोरियाई पीपुल्स आर्मी की 77वीं स्थापना दिवस के अवसर पर दिए गए भाषण में किम ने कहा कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की तरह क्षेत्रीय सैन्य संगठन बनाने की अमेरिकी साजिश के तहत स्थापित अमेरिका-जापान-दक्षिण कोरिया त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी कोरियाई प्रायद्वीप में सैन्य असंतुलन पैदा कर रही है। उन्होंने कहा, यह साझेदारी हमारे देश के सुरक्षा हालात के लिए गंभीर चुनौती खड़ी कर रही है।

केसीएनए के मुताबिक, उन्होंने परमाणु शक्तियों समेत सभी प्रतिरोध प्रणालियों को तेजी से मजबूत बनाने के लिए नई योजनाओं उल्लेख करते हुए, एक बार फिर परमाणु कार्यक्रम पर आगे बढ़ने की नीति स्पष्ट की। शुक्रवार को जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ट्रंप ने कहा था कि "हम उत्तर कोरिया और किम जोंग उन के साथ संबंध बनाए रखेंगे। जैसा कि आप जानते हैं, मेरा उनसे बहुत अच्छा रिश्ता रहा। मुझे लगता है कि मैंने युद्ध रोक दिया है। इससे पहले 23 जनवरी को फॉक्स न्यूज पर प्रसारित एक साक्षात्कार के दौरान ट्रंप ने किम को एक बुद्धिमान व्यक्ति बताते हुए कहा था कि वह धार्मिक कट्टरपंथी नहीं हैं। यह पूछे जाने पर कि या वह किम से फिर से संपर्क करेंगे, तो ट्रंप ने जवाब दिया था, हां, मैं करूंगा। ट्रंप ने 2018-19 में तीन बार किम से मुलाकात कर उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करने पर चर्चा की थी।

## दक्षिण पूर्व एशियाई यात्रा के अवसर का लाभ उठाएं 1-टीएस प्रशिक्षु :सिंगापुर में भारतीय राजदूत

भाषा। सिंगापुर

**सिंगापुर** में भारतीय उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने आईएनएस सुजाता, आईएनएस शार्दुल और आईसीजीएस वीरा के प्रशिक्षुओं से दक्षिण पूर्व एशिया की यात्रा के दौरान मिलने वाले अवसरों का भरपूर लाभ उठाने का आह्वान किया। चांगी नौसेना अड्डे पर शनिवार शाम को फर्स्ट ट्रेनिंग स्क्वाड्रन (1टीएस) और रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर नेवी के प्रतिनिधि समेत आमंत्रित गणमान्य व्यक्तियों के लिए आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए राजदूत ने प्रशिक्षुओं से कहा कि क्षेत्र के मित्र देशों के साथ जुड़ाव से उन्हें ठोस जानकारी मिलेगी। अंबुले ने कहा, ए कार्यक्रम जहाज पर सवार प्रशिक्षुओं को ठोस जानकारी प्रदान करेंगे और उन्हें दोनों देशों के साथ-साथ हिंद महासागर क्षेत्र और उससे आगे सामाजिक, सांस्कृतिक, सैन्य और सर्वोत्कृष्ट समुद्री संबंधों को समझने का एक अनूठा अवसर मिलेगा।

## ऑस्कर में फिल्मों के लिए एआई के उपयोग का उल्लेख करना अनिवार्य किया जाएगा: रिपोर्ट

लॉस एंजिलिस। फिल्मो मे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है और जिन निर्माताओं की फिल्में ऑस्कर में नामित होती है, उन्हें अब इसके विवरण का खुलासा करना होगा। पिछले कुछ दिनो मे ऑस्कर के लिए नामांकित फिल्मों द ब्रूटलिस्ट और एमिलिया पेरेज़ को लेकर विवाद बढ़ गया है तथा कई लोग यह सवाल उठा रहे है कि क्या फिल्मों मे एआई का उपयोग उचित है। मनोरंजन पत्रिका वैरायटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, निर्माताओ को अब अपनी फिल्म में एआई की मदद से किए गए सभी बदलावो का उल्लेख करना होगा। रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी वर्तमान मे एआई के उपयोग के लिए एक वैकल्पिक खुलासा फॉर्म प्रदान करती है, लेकिन संचालक और शाखा कार्यकारी समितियां अब इस बात की जांच कर रही है कि प्रत्एक शाखा मे एआई का उपयोग कैसे किया गया है, ताकि 2026 के ऑस्कर नियमो मे उक्त खुलासे को अनिवार्य किया जा सके, जो अप्रैल मे प्रकाशित होने की उम्मीद है। एकेडमी की साइटेक परिषद अनुशंसित भाषा पर काम कर रही है। द ब्रूटलिस्ट को उस वक्त भारी आलोचना का सामना करना पड़ा, जब यह पता चला कि निर्माताओ ने प्रोडक्शन के बाद एआई का इस्तेमाल किया है। जल्द ही, फिल्म के निर्देशक ब्रैडी कॉर्बेट ने एक बयान जारी कर कहा कि फिल्म मे एआई का सीमित उपयोग किया गया था और अभिनेताओं ने पहले हंगेरियन बोली के प्रशिक्षक के साथ अभ्यास किया था। उन्होंने कहा कि फिल्म मे इमारतो के रेखाचित्र हाथ से बनाए गए थे।

## बांग्लादेश: अवामी लीग के नेता के घर पर हमले और हिंसा की घटना के बाद 40 लोग गिरफ्तार

ढाका। बांग्लादेश की राजधानी ढाका के बाहरी इलाके मे अवामी लीग के एक नेता के घर मे तोड़फोड़ के दौरान एक छात्र समूह के कार्यकर्ताओ पर हुए हिंसक हमले के बाद 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मीडिया मे आई एक खबर मे यह जानकारी दी गई है। इस हमले मे कई लोग घायल हो गए। मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस की सरकार ने शुक्रवार रात गाजीपुर जिले मे छात्रो और आम लोगो पर हुए हमले के बाद शनिवार को "ऑपरेशन डेविल हंट" का आदेश दिया था। यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश की खबर के अनुसार, गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) चौधरी जाबेर सादिक ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न हिस्सो से 40 लोगो को पकड़ा गया है। देश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के सभी चिह्नो को शुक्रवार की रात नष्ट करने और तोड़फोड़ करने वाली भीड़ के कम से कम 14 लोग गाजीपुर शहर के दक्षिणखान इलाके मे हमले की चपेट मे आकर घायल हो गए। यह हिंसा पूर्व मुक्ति संग्राम मामलो के मंत्री मोजम्मेल हक के आवास पर हमले के दौरान हुई थी। इस घटना के बाद घायलो को तुरंत इलाज के लिए शहीद ताजुद्दीन अहमद मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे भर्ती कराया गया था और बाद मे उनमें से कुछ को ढाका मेडिकल कॉलेज और अस्पताल मे स्थानांतरित कर दिया गया था। एंटी-डिस्क्रिमिनेशन स्टूडेंट मूवमेंट और राष्ट्रीय नागरिक समिति ने इस घटना के विरोध में गाजीपुर मे एक दिवसीय प्रदर्शन और रैली का आयोजन किया था। प्रदर्शन के बाद शाम करीब साढ़े छह बजे उपायुक्त कार्यालय के सामने बदमाशों द्वारा की गई गोलीबारी मे एक छात्र घायल हो गया। मुख्य सलाहकार के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने रविवार को संवाददाताओ से कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गहन निगरानी रखने के लिए स्थापित किए गए कमांड सेंटर ने आज शाम से काम करना शुरू कर दिया है।

## अलास्का में विमान दुर्घटना के सभी 10 लोगों के शव बरामद

जूनियो (अलास्का)। अमेरिका के अलास्का मे विमान दुर्घटना मे मारे गए सभी 10 लोगो के शव बरामद कर लिए गए है। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। यह विमान दुर्घटनाग्रस्त हो कर बेरिंग सागर मे गिर गया था। नोम वालंटियर दमकल विभाग ने शनिवार दोपहर अपने फेसबुक पेज पर यह जानकारी दी। क्षेत्र मे बर्फीली आंधी आने से पहले ही बचाव दलो ने शवो को निकालने के प्रयास शुरू कर दिए थे। दमकल विभाग ने दोपहर करीब तीन बजे सोशल मीडिया पोस्ट मे लिखा, बेरिंग विमान हादसे मे मारे गए सभी 10 लोगो के शव निकाल लिए गए है। विभाग ने कहा कि विमान को निकालने के प्रयास जारी है। अलास्का के नागरिक सुरक्षा विभाग के अनुसार बेरिंग एयर के विमान ने बृहस्पतिवार दोपहर को उनालाक्लीट से उड़ान भरी थी और यह नोम जा रहा था। विमान का मलबा शुक्रवार को बर्फ से ढके समुद्र मे मिला था। बेरिंग एयर के संचालन निदेशक डेविड ओल्सन ने बताया था कि सेसना कारवां ने अपराह्न दो बजकर 37 मिनट पर उनालाक्लीट से उड़ान भरी थी और एक घंटे से भी कम समय बाद उसका संपर्क टूट गया था। नेशनल वेदर सर्विस के अनुसार उस समय हल्का हिमपात हो रहा था और कोहरा छाया हुआ था, साथ ही तापमान शून्य से नीचे 8.3 डिग्री सेल्सियस था।

## कैरेबियाई द्वीप समूह में भूकंप के तेज झटके, लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह

मेक्सिको सिटी। केमैन द्वीप के दक्षिण-पश्चिम मे कैरेबियन सागर मे 7.6 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसके बाद आसपास के कुछ द्वीपो तथा देशो ने सुनामी की आशंका के कारण तट के निकट रहने वाले लोगो से सुरक्षित स्थानो पर जाने का आग्रह किया है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण विभाग (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। यूएसजीएस ने बताया कि स्थानीय समयानुसार शनिवार शाम छह बजकर 23 मिनट पर समुद्र के अंदर तेज हलचल महसूस की गई। यूएसजीएस के अनुसार भूकंप का केन्द्र केमैन द्वीप के जॉर्ज टाउन से 130 मील (209 किलोमीटर) दक्षिण-दक्षिणपश्चिम मे 10 किलोमीटर की गहराई मे था। अमेरिकी राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि अमेरिकी मुख्य भूभाग के लिए सुनामी की कोई चेतावनी नही है, लेकिन प्यूर्तो रिको और अमेरिकी वर्जिन द्वीप समूह के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। केमैन द्वीपसमूह के प्रबंधन विभाग ने तट के पास रहने वाले लोगो से आग्रह किया है कि वे अंदरूनी इलाको अथवा ऊंचे स्थानो पर चले जाएं। विभाग के अनुसार सुनामी के कारण ऊंची लहरे उठने का अनुमान है। प्यूर्तो रिको की गवर्नर जेनिफर गोंजालेज ने एक बयान मे कहा कि वह सुनामी की चेतावनी के बाद आपातकालीन एजेंसियो के संपर्क मे है। डोमिनिका की सरकार ने भी सुनामी की चेतावनी जारी की है और तट पर रहने वाले लोगो को 20 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाको मे चले जाने की सलाह दी है।

## पेरिस में एआई पर शिखर सम्मेलन में विश्व के नेता इस प्रौद्योगिकी को दिशा देने पर करेंगे चर्चा

पेरिस। फ्रांस मे होने वाले एक प्रमुख शिखर सम्मेलन मे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भू-राजनीति पर चर्चा की जाएगी जहां विश्व के नेता, अधिकारी और विशेषज्ञ तेजी से आगे बढ़ रही इस प्रौद्योगिकी के विकास को दिशा देने के लिए प्रतिबद्धता जताएंगे। यह सम्मेलन एआई शासन के इर्द-गिर्द वैश्विक संवादो की श्रृंखला मे नवीनतम है, लेकिन यह ऐसे समय मे आयोजित किया जा रहा है जब चीन का चर्चित डीपसीक चैटबॉट उद्योग जगत मे हलचल मचा रहा है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस - जो पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार विदेश यात्रा पर है - 10 फरवरी से शुरू होने वाले पेरिस एआई एक्शन समिट मे भाग लेंगे, जबकि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग अपने विशेष दूत को भेजेंगे। सम्मेलन से संबंधित विस्तृत विवरण इस प्रकार है: शिखर सम्मेलन की मूल बातें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सह-मेजबानी में आयोजित दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्राध्यक्ष और शीर्ष सरकारी अधिकारी, तकनीकी प्रमुख और शोधकर्ता पेरिस मे एकत्र हो रहे है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह पता लगाना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता की क्षमता का किस तरह से दोहन किया जाए कि यह सभी के लिए लाभकारी हो और साथ ही प्रौद्योगिकी के असंख्य जोखिमो को भी नियंत्रित किया जा सके।

# सेना को अपनी संवैधानिक सीमाओं में लौटना चाहिए : इमरान

भाषा। इस्लामाबाद



**जेल में बंद पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को एक खुला पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने सेना की गैरकानूनी कार्वाइयों और राजनीति में इसकी भागीदारी की आलोचना की। इमरान खान ने सेना से अपनी संवैधानिक सीमाओं में लौटने का आग्रह किया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक खान ने एक्स पर साझा किए गए पत्र में जेल में दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है, जिसमें उन्हें 20 दिन तक मौत की सजा वाली कोठरी में एकांत कारावास में रखा गया, जहां सूर्य की रोशनी या बिजली की सुविधा भी नहीं थी। खान एक वर्ष से अधिक समय से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। यह पत्र उनके तीन फरवरी के पहले पत्र के बाद आया है, जिसमें उन्होंने सेना से राष्ट्रीय सुरक्षा और शासन के प्रति अपने दृष्टिकोण की समीक्षा करने का आग्रह किया था। पहले पत्र के बाद सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि यह पत्र सेना को प्राप्त नहीं हुआ है तथा उन्होंने इस बारे में मीडिया में आई खबरों को खारिज किया था।

## सरकार के साथ बातचीत फिर से शुरू करने की संभावना से इनकार किया

इस्लामाबाद। जेल मे बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता उमर अयूब खान ने पार्टी और सरकार के बीच बातचीत फिर से शुरू होने की संभावना से इनकार किया है। रविवार को मीडिया की एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली। नेशनल असेंबली मे पीटीआई के नेता अयूब ने शनिवार को एक चैनल से कहा, वार्ता का अध्याय अब बंद हो चुका है। राजनीतिक वार्ता केवल इच्छाओ पर आधारित नही है बल्कि इसके लिए दृढ़ प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है और सरकार ऐसा प्रदर्शित करने मे विफल रही। नेता ने कहा कि उनकी पार्टी की समिति ने सद्भावना के साथ चर्चा शुरू की थी।

# नेपाल में स्कूल बस दुर्घटना में दो की मौत, 41 घायल

काठमांडू,। काठमांडू के पास एक स्कूल बस के पहाड़ी सड़क से 150 मीटर नीचे गिर जाने से आठ वर्षीय एक लड़के सहित दो लोगों की मौत हो गई और 41 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना काठमांडू से 20 किलोमीटर दक्षिण में दक्षिणकाली नगरपालिका के फरपिंग क्षेत्र में हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बस के सड़क से 150 मीटर नीचे गिरने से वाहन के 35 वर्षीय चालक और आठ वर्षीय लड़के की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हो गए। दुर्घटना के समय बस में 3 से 12 वर्ष की आयु के 41 छात्र, एक शिक्षक सवार थे। मामूली रूप से घायल हुए आठ छात्रों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। हालांकि, शेष 32 छात्र और शिक्षक काठमांडू के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं।

## दक्षिण पश्चिम चीन में भूस्खलन में एक व्यक्ति की मौत, 28 अन्य की तलाश जारी

बीजिंग।चीन के दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत में बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक व्यक्ति की मौत होने और कई मकानों के जमींदोज हो जाने के बाद, बचावकर्मी रविवार को 28 लोगों का पता लगाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। शनिवार को जुनलियान काउंटी के जिनपिंग गांव में भूस्खलन के बाद करीब 1,000 बचाव कर्मियों को तैनात किया गया है। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने बताया कि अधिकारी मलबे में फंसे जीवित लोगों का पता लगाने के लिए ड्रोन और रडार की मदद ले रहे हैं।

# विश्व को प्रेम करने से जलवायु संकट के समाधान में मिल सकती है मदद

भाषा। ओटावा (कनाडा)

**इस जनवरी में दुनिया** ने लॉस एंजिलिस को जलते हुए देखा। एक पुलिस प्रमुख ने संवाददाताओं से कहा, "मैंने ऐसा कुछ पहले कभी नहीं देखा", अग्रिम मोर्चे के दमकलकर्मियों ने भी यही बात दोहराई। पिछली शरद ऋतु में, तूफान हेलेन और मिल्टन ने उत्तरी कैरोलाइना और फ्लोरिडा को अपनी चपेट में ले लिया था। जलवायु परिवर्तन के कारण तूफानों की तीव्रता और रिकॉर्ड तोड़ मौतों ने कई निवासियों को चौंका दिया है। एक नर्स ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि (ऐसा तूफ़ान) मेरे अपने घर के पास आएगा। एक शोधकर्ता के रूप में मैंने इस बात पर ध्यान केंद्रित किया कि भाषा और कहानी सुनाना सामाजिक सामंजस्य और सामाजिक परिवर्तन में कैसे योगदान देता है, मैंने देखा कि लोगों को बार-बार ऐसा लगता था कि उन्होंने जो कुछ देखा, उसे वर्णित करने के लिए उनके पास कोई शब्द नहीं हैं। उनके अनुभव ने यह दर्शाया कि क्या होता है जब कहानियां और शब्द हमारी दुनिया का वर्णन करने में विफल हो जाते हैं। अतीत और भविष्य के बीच-उदाहरण के लिए, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, दार्शनिक हन्ना अरेंड्ट, जो एक जर्मन और यहूदी परिवार में पैदा हुई थीं, ने न केवल व्यक्तिगत स्तर पर युद्ध के प्रभाव के बारे में लिखा, बल्कि लोगों के अर्थ बनाने के तरीके पर इसके प्रभाव के बारे में भी लिखा। अरेंड्ट ने पूछा, कभी वैचारिक ढांचे के माध्यम से दुनिया को समझा जाता था, उसका क्या हुआ? इसका क्या मतलब है? अतीत और भविष्य के बीच समय के अजीब अंतराल में रहने का क्या मतलब था जब दुनिया को समझने के पुराने रूप खत्म हो गए थे और नए रूप अभी तक नहीं मिले थे? उनकी प्रतिक्रिया उत्साहवर्धक और अप्रत्याशित थी। उन्होंने सभी से आह्वान किया - न केवल दार्शनिकों या विद्वानों से बल्कि समग्र रूप से



आम जनता से - ऐसे समय में अर्थ निर्माण के कार्य में आगे आने और योगदान देने के लिए जब अर्थ निर्धारण गंभीर रूप से खंडित हो गया था। अब, जब बहुत से लोग जलवायु संकट को समझना और उस पर प्रतिक्रिया देना चाहते हैं, तो वे फिर से व्यक्तिगत नुकसान की भावना और इस क्षण को समझने के लिए वैचारिक उपकरण न होने की बड़ी भावना का अनुभव कर रहे हैं। मुश्किल समय में कोई दुनिया से कैसे प्यार कर सकता है? दुनिया से प्यार करना सीखना - प्यार जटिल है। तूफान और आग की तरह, यह अक्सर इसे वर्णित करने के लिए उपलब्ध श्रेणियों को चुनौती देता है। और जैसा कि अमेरिकी साहित्य और पर्यावरण अध्ययन में प्रोफेसर स्टेफ़नी लेमेनेगर बताती हैं, जीवाश्म ईंधन संस्कृति से प्यार और इससे मिलने वाली सुविधाएँ जलवायु संकट का जवाब देना मुश्किल बना देती हैं। प्यार भी मापा नहीं जा सकता और मीट्रिक-उन्मुख मूल्य संरचनाएँ इसे गिन नहीं सकती हैं। जैसा कि विलियम शेक्सपियर ने किंग लियर में सवाल किया है: कोई प्यार को कैसे मापता है? 2030 या 2050 में प्यार खत्म नहीं होगा। इसे वर्णित करने के लिए कई शब्दों के बावजूद, इसका कोई तापमान नहीं है। फिर भी, जैसा कि जलवायु मामलों की प्रोफेसर सारा जैक्वेट रे ने कहा है, इस दुनिया के प्रति प्यार जलवायु कार्वाई को शक्ति देता है।मैं हाल ही में एक मित्र, कनाडाई कवि केन विक्टर से बात कर रही थी, और उन्होंने सुझाव दिया कि "जलवायु संकट को एक बहुआयामी संबंध के रूप में प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जिसे हल करने की समस्या के बजाय सुधारा जाना चाहिए। वैश्विक उत्तर जलवायु प्रतिक्रियाओं को स्वदेशी सोच से बहुत कुछ हासिल करना है और अरेंड्ट, निश्चित रूप से, सामूहिक, सहभागी कहानी कहने और दुनिया से प्यार करने की शक्ति को प्रेरित करने में अकेले नहीं हैं।

## लू के दौरान ठंडक बनाए रखने में अपने पेड़ों को पानी देना मददगार हो सकता है

मेलबर्न। लू दुनिया के सबसे घातक मौसमी खतरो मे से एक है। हर साल, बड़ी संख्या मे लोग भीषण गर्मी के कारण मर जाते है और इससे मधुमेह, दमा और हृदय रोग जैसी स्वास्थ्य समस्याएं और भी विकराल रूप ले सकती है। दुर्भाग्यवश, शहरो मे कोलतार की सड़कें, ईंट और कंक्रीट की संरचनाएं और छत की टाइल भारी मात्रा मे गर्मी को अवशोषित करके उसे बनाए रख सकती है, जिसका अधिकांश हिस्सा सूर्योदय के बाद उत्सर्जित होता है। इससे शहरो मे तापमान आसपास के इलाको या ग्रामीण क्षेत्रो की तुलना मे काफी अधिक हो सकता है जिसे शहरी ताप द्वीप प्रभाव के रूप मे जाना जाता है। पेड़ और हरियाली शहरी तापमान को कम कर सकते है लेकिन इन विशाल शीतलन प्रभावो को प्राप्त करने के लिए उन्हें मिट्टी से पानी खीचने मे सक्षम होना चाहिए। दूसरे शब्दो मे, कभी-कभी गर्मी के दौरान अपने पेड़ो को पानी देना मददगार हो सकता है। पेड़ हमें कैसे ठंडा रखते है: पेड़ दो महत्वपूर्ण तरीको से शहरी तापमान को कम करते है। एक तो वे छाया प्रदान करते है और दूसरा उनके शीतलन प्रभाव के माध्यम से। पानी पौधे की जड़ो के माध्यम से अंदर जाता है, तने से होकर गुजरता है और फिर पत्तियो से स्टोमेटा नामक छोटे छिद्रो के माध्यम से हवा मे मिल जाता है।

पायनियर

लखनऊ, सोमवार, 10 फरवरी, 2025



# तूफानी शतक जड़कर फॉर्म में लौटे रोहित

## ●इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर भारत ने जीती श्रृंखला

भाषा। कटक



**कप्तान रोहित शर्मा** (119 रन) के विस्फोटक शतक और शुभमन गिल (60 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी से भारत ने रविवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। पिछले लंबे समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे रोहित ने बल्लेबाजी के मुफीद पिच पर 26वें ओवर में आदिल राशिद की गेंद पर लांग ऑफ में खूबसूरत छक्का जड़कर वनडे में अपना 32वां सैकड़ा पूरा कर सुकून की सांस ली जो उनके चेहरे पर साफ दिख रहा था। इसके लिए उन्होंने 76 गेंद खेली जिसमें सात छक्के और नौ चौके जड़े थे। बाराबती स्टेडियम में बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 35 रन देकर तीन विकेट झटके जिससे भारत ने मध्य के ओवरों में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए इंग्लैंड को 49.5 ओवर में 304 रन पर समेट दिया।फिर भारत ने रोहित की 12 चौके और सात छक्के जड़ित 90 गेंद की पारी से यह लक्ष्य 44.3 ओवर में छह विकेट पर 308 रन बनाकर हासिल कर लिया। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यह जीत भारत के लिए मनोबल बढ़ाने वाली होगी। रोहित ने श्रेयस अय्यर (44 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 70 रन की भागीदारी निभाई। भारतीय कप्तान की पारी का अंत 30वें ओवर में लियाम लिविंगस्टोन की गेंद को उंचा खेलने की कोशिश में मिडविकेट पर आदिल राशिद को कैच देकर हुआ। तब टीम का स्कोर तीन विकेट पर 220 रन था। इसके बाद अक्षर पटेल (नाबाद 41 रन) और रविंद्र जडेजा (नाबाद 11 रन) ने आसानी से टीम तक पहुंचाया। पिछले मैच में सस्ते में आउट हुए रोहित ने मैच में शुरू से ही आक्रामक होकर खेलने की रणनीति बनाई। उन्होंने दूसरे ही ओवर में गुस एटकिन्सन की गेंद को फ्लिक करते हुए मिडविकेट पर उठा दिया जो सीधा छक्के के लिए पहुंचा जिसका स्वागत दर्शकों ने खुशी से चिल्लाकर दिया। भारतीय कप्तान ने फॉर्म में वापसी करते हुए अगले ओवर में साकिब महमूद की गेंद को कवर के ऊपर छह रन के लिए भेज दिया। फिर पांचवें ओवर में भी रोहित ने महमूद की गेंद को छक्के के लिए भेजकर अपने इरादे जताए दिए। उन्होंने महज 30 गेंद में चार चौके और चार छक्के से अर्धशतक जड़ दिया। गिल ने 14वें ओवर में मार्क वुड की गेंद पर एक रन लिया जिससे दोनों के बीच 100 रन की साझेदारी पूरी हुई। अपनी रफ्तार से वुड हालांकि बल्लेबाजों को परेशान कर रहे थे लेकिन रोहित और गिल ने पूरी तरह दबदबा बनाए रखा। गिल ने अगले ओवर में आदिल राशिद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया।

### स्कोरबोर्ड

**इंग्लैंड पारी** : सॉल्ट का जडेजा बो चक्रवर्ती 26,डकेट का पंड्या बो जडेजा 65,रूट का कोहली बो जडेजा 69,ब्रुक का गिल बो राणा 31, बटलर का गिल बो पंड्या 34, लिविंगस्टोन रन आउट 41,ओवरटन का गिल बो जडेजा 06, एटकिन्सन का कोहली बो शमी 03, राशिद रन आउट 14,वुड रन आउट 00,महमूद नाबाद 00,**अतिरिक्त** : 15,कुल : 49.5 ओवर में 304 रन पर सभी आउट ,**विकेट पतन** :1-81, 2-102, 3-168, 4-219, 5-248, 6-258, 7-272, 8-297, 9-304,**गेंदबाजी** : शमी 7.5-0-66-1,राणा 9-0-62-1, पंड्या 7-0-53-1, चक्रवर्ती 10-0-54-1,जडेजा 10-1-35-3, पटेल 6-0-32-0

**भारत पारी** : रोहित का राशिद बो लिविंगस्टोन 119, गिल बो ओवरटन 60,कोहली का सॉल्ट बो राशिद 05, अय्यर रन आउट 44,पटेल नाबाद 41, राहुल का सॉल्ट बो ओवरटन 10, पंड्या का ओवरटन बो एटकिन्सन 10,जडेजा नाबाद 11,**अतिरिक्त** : 08,कुल : 44.3 ओवर में छह विकेट पर 308 रन ,**विकेट पतन** :1-136, 2-150, 3-220, 4-258, 5-275, 6-286,**गेंदबाजी** : महमूद 6-0-36-0, एटकिन्सन 7-0-65-1, वुड 8-0-57-0, राशिद 10-0-78-1,ओवरटन 5-0-27-2, लिविंगस्टोन 7-0-29-1, रूट 1.3-0-15-0

## भारत के बाद चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड सबसे मजबूत टीमों में से एक :अश्विन

भाषा। नई दिल्ली



**महान स्पिनर** आर अश्विन ने भारत और न्यूजीलैंड को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सबसे मजबूत टीमें करार देते हुए कहा कि मुख्य खिलाड़ियों के चोटिल होने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया को हल्के में नहीं लिया जा सकता है क्योंकि बड़ी प्रतियोगिताओं में यह टीम अपने खेल के शीर्ष पर होती है। आईसीसी का यह प्रमुख टूर्नामेंट 19 फरवरी को पाकिस्तान में शुरू होगा लेकिन भारत अपने सभी मैच हाइब्रिड मॉडल के तहत दुबई में खेलेगा। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, भारत को दुबई में घरेलू माहौल जैसे मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा। भारत का सामना करने वाली टीमों को लगेगा कि वे भारतीय परिस्थितियों में ही खेल रहे हैं। यह निश्चित रूप से अन्य टीमों के लिए एक समस्या है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कई वर्षों के अंतराल के बाद त्रिकोणीय श्रृंखला की वापसी हुई और अश्विन का मानना है कि भारतीय टीम को भी चैंपियंस ट्रॉफी की बेहतर तैयारी के लिए इंग्लैंड के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला के बजाय त्रिकोणीय टूर्नामेंट में खेलना चाहिए था। भारत के इस पूर्व स्पिनर ने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ खेलकर क्या चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की तैयारी पर्याप्त होगी? क्या हमें त्रिकोणीय श्रृंखला भी खेलनी चाहिए थी? पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान की परिस्थितियों में खेल रहे हैं, जिससे उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, भारत ने इस बड़े टूर्नामेंट से पहले सिर्फ इंग्लैंड के खिलाफ खेला है। दुबई में पिछली बार टी20 विश्व कप को लेकर हमारे पास सुखद यादें नहीं है। दुबई में टॉस वास्तव में महत्वपूर्ण हो जाता है। मुझे लगता है कि टॉस जीतना महत्वपूर्ण होगा। अश्विन ने कहा कि ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी की गैरमौजूदगी में भी न्यूजीलैंड भारत के लिए मुश्किल चुनौती पेश करेगा।

## रोहित, बुमराह के साथ आईपीएल में खेलने से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा : रिकेलटन

**जोहानिसबर्ग।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और एसए 20 में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर रियान रिकेलटन इस साल आईपीएल में पदार्पण को लेकर उत्साहित हैं और उनका मानना है कि रोहित शर्मा तथा जसप्रीत बुमराह जैसे दिगगजों के साथ खेलकर उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। इस साल आईपीएल में पदार्पण को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। मैं हमेशा से आईपीएल खेलना चाहता था और मुंबई इंडियंस एक बेहतरीन टीम है। कुछ हफ्ते ही बचे हैं और मैं आईपीएल में खेलने का इंतजार कर रहा हूं। रोहित, हार्दिक और जसप्रीत जैसे खिलाड़ियों के साथ खेलना मेरे लिए बहुत बड़ा मौका और सीखने का मंच होगा। मैं इसका इंतजार कर रहा हूं। इस साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 259 रन की शानदार पारी खेलने वाले इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने एसए20 के तीसरे सत्र में आठ मैचों में 336 रन बनाए।

## जीव मिल्खा चैंपियंस टूर पर संयुक्त 28वें स्थान पर रहे

रबात (मोरक्को)। भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने रविवार को यहां सत्र के शुरूआती पीजीए टूर चैंपियंस में एक ऐस लगाकर 75 का का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 28वें स्थान पर रहे। पहले दो दिन में 74 और 72 का कार्ड खेलने वाले जीव का कुल स्कोर दो ओवर का रहा। मिगुएल एंजेल जिमिनेज (69) ने स्टीवन अल्कर को पछाड़कर दो स्ट्रोक से जीत दर्ज की।

## जैक्रेट ने चेन्नई ओपन टेनिस का खिताब जीता

चेन्नई। फ्रांस के किरियन जैक्वेट ने रविवार को यहां स्वीडन के एलियास यमेर को सीधे सेटों में हराकर चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर एकल खिताब को अपने नाम किया। विश्व रैंकिंग में 273 वें पायदान पर काबिज जैक्वेट ने एक घंटे और 37 मिनट में 7-6 (1), 6-4 से जीत दर्ज की। एटीपी चैलेंजर टूर पर जैक्वेट का यह दूसरा खिताब है। एटीपी चैलेंजर टूर पर छह बार के चैंपियन यमेर को नवंबर 2018 में पुणे के बाद अपना पहला खिताब जीतने के लिए कुछ और समय इंतजार करना होगा। जैक्वेट ने इस जीत से 100 एटीपी रैंकिंग अंक और पुरस्कार राशि में 22730 डॉलर अर्जित किए जबकि विश्व रैंकिंग में 332 वें पायदान पर काबिज यमेर को 50 एटीपी रैंकिंग अंक और 13,350 डॉलर मिले।

## अदिति 69 के कार्ड के साथ संयुक्त 44 वें पायदान पर पहुंची

ब्राडेंटन (फ्लोरिडा)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक एलपीजीए टूर के फाउंडर्स कप में तीसरे दौर में दो-अंडर 69 का कार्ड खेलकर अपनी स्थिति में कुछ सुधार करने में सफल रही। पहले दो दिन 72-70 का स्कोर करने वाली अदिति का कुल स्कोर अब दो अंडर है। वह संयुक्त 44वें स्थान पर है। एलीमी नोह अंतिम 11 होल में से आठ में बर्डी लगाकर आठ अंडर 63 स्कोर के साथ तीन बार की चैंपियन जिन यंग पर एक शॉट की बढ़त कायम करने में सफल रही।

## लायंस खिताबी होड़ में

लखनऊ। मैन ऑफद मैच अशोक शुक्ला-3 विकेट की अगुवाई में धारदार गेंदबाजी की बदौलत कॅरियर लायंस ने तृतीय अधीर दुबे स्मारक टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में क्रिकेट बड्डीज क्रिकेट क्लब को 82 रन से शिकस्त देकर खिताबी होड़ में स्थान सुरक्षित किया। पंडित रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर खेले गए मैच में कॅरियर लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 6 विकेट पर 197 रन बनाए। मध्य क्रम में एहसन 57 उदय सिंह ने अर्धशतकीय पारी खेल टीम को मजबूती दी। जवाब में क्रिकेट बड्डीज लक्ष्य का पीछा करते हुए 16 ओवर में 115 रन ही बना सका। सलामी बल्लेबाज करुणेश उपाध्याय ने मात्र 28 गेंदों पर 7 चौके व 1 छक्के से 50 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

## किड्ज़ ओलिंपिक्स में नन्हे एथलीट्स का शानदार प्रदर्शन

लखनऊ। लखनऊ पब्लिक कॉलेजए विनम्र खंडए गोमतीनगरए लखनऊ में दो दिवसीय किड्ज़ ओलिंपिक्स 2025 का आयोजन किया गया जिसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो द्वारा इस समारोह का शुभारंभ किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार की दौड़,जैवलिन थ्रो, शॉट पुट, लांग जंप, हाई जंप, हर्डल रेसए रिले रेस आदि में आठ साल से कम उम्र के नन्हे.मुन्हे बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शुक्रवार और शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉमालविका बाजपेई इंटरनेशनल योगा कोच एवं चीफ एडिटर योगासना बुक ऑफ़वर्ल्ड रिकार्ड्स कौंसिल रही। प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

# अंकित के शतक से मुंबई के खिलाफ हरियाणा की स्थिति मजबूत

## रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल



**कोलकाता।** कप्तान अंकित कुमार की शतकीय पारी की मदद से हरियाणा ने गत चैंपियन मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के दूसरे दिन रविवार को स्टंप तक पांच विकेट पर 263 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। सलामी बल्लेबाज अंकित ने मुंबई के गेंदबाजों पर हावी होते हुए 136 रन की पारी खेलकर लगातार दूसरा शतक जड़ा। दूसरे दिन के खेल के बाद हरियाणा की टीम मुंबई से पहली पारी के आधार पर 53 रन पीछे है। इससे पहले तनुष कोटियान (97) तीन रन से शतक से चूक गए लेकिन उनकी शानदार बल्लेबाजी से मुंबई की टीम पहली पारी में 315 रन बनाने में सफल रही। मुंबई की टीम ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 278 रन से की थी। कोटियान संयमित बल्लेबाजी से प्रथम श्रेणी में तीसरे शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन सुमित कुमार (81 रन पर तीन विकेट) का तीसरा शिकार बन गए। दसवें क्रम के बल्लेबाज मोहित अवस्थी (21) टीम को 300 रन के पार पहुंचाने में सफल रहे। मुंबई ने दिन की शुरुआत में 45 मिनट बल्लेबाजी की जिससे पिच की नमी कम हो गई और हरियाणा के बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां थोड़ी आसान हो गई। अंकित ने लक्ष्य दलाल (34) के साथ पहले विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी कर मजबूत नींव रखी। दिन के दूसरे सत्र में शारदुल ठाकुर ने उन्हें दलाल को आउट कर मुंबई को पहली सफलता दिलाई। हरियाणा के कप्तान ने हालांकि शानदार बल्लेबाजी जारी रखी। उन्हें तेज गेंदबाजों के खिलाफ कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने अपनी पारी के 21 में से 16 चौके तेज गेंदबाजों के खिलाफ जड़े। उन्होंने यशवर्धन दलाल (36) के साथ दूसरे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की। अंकित ने हालांकि शम्स मुलानी (59 रन पर दो विकेट) के खिलाफ थोड़ा संघर्ष किया। इस गेंदबाज ने ही कप्तान अजिंक्य रहाणे के हाथों कैच कराकर उनकी शानदार पारी का अंत

## नबी के पांच विकेट, जम्मू कश्मीर का केरल पर शिकंजा

**पुणे।** तेज गेंदबाज औकिब नबी ने बल्ले से उपयोगी योगदान देने के बाद पांच विकेट चटकाए जिससे रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के दूसरे दिन रविवार को केरल के खिलाफ जम्मू-कश्मीर पहली पारी में बड़ी बढ़त हासिल करने के करीब है। जम्मू कश्मीर के 280 रन के जवाब में केरल ने दिन का खेल खत्म होने तक नौ विकेट पर 200 रन बना लिए थे। टीम अब भी पहली पारी के आधार पर 80 रन पीछे है और उसका सिर्फ एक विकेट बचा है। जम्मू कश्मीर ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 228 रन से की और नबी की 30 गेंदों में 32 रन की उपयोगी पारी और उमर नजीर मीर के नाबाद 14 रन की बदौलत अपने कुल स्कोर में 52 रन जोड़कर अच्छा प्रदर्शन किया। नबी के चार शिकार केरल के शीर्ष और मध्य क्रम के जाने-माने बल्लेबाज थे, जिससे उनका प्रयास बहुत खास हो गया। 28 साल के नबी ने दिन का अंत 19 ओवरों में 36 रन पर पांच विकेट के शानदार आंकड़े के साथ किया। यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका आठवां पांच विकेट है।

## मनन-जयमीत की साझेदारी, सौराष्ट्र पर भारी शिकंजा

**राजकोट।** मनन हिंगराजिया और जयमीत पटेल की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी के दम पर गुजरात ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच में रविवार को यहां दूसरे दिन चार विकेट पर 260 रन बनाकर पहली पारी में 44 रन की बढ़त के साथ अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। मनन (219 गेंद में 83 रन) और हरफनमौला जयमीत (147 गेंद में 88 रन) ने 78 रन पर तीन विकेट गंवा कर संघर्ष कर रही गुजरात की टीम को सौराष्ट्र की पहली पारी के स्कोर 216 रन के करीब पहुंचा दिया। दोनों बल्लेबाजों ने इस पारी के दौरान धैर्य और संयम का शानदार नमूना पेश किया। दोनों ने जयदेव उनादकट की अगुवाई वाली सौराष्ट्र के अनुभवी गेंदबाजो के खिलाफ जोखिम लेने से बचते हुए रन बनाए। धर्मेंद्र सिंह जडेजा (57 रन पर एक विकेट) ने मनन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मनन ने 219 गेंद की पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। जयमीत ने 147 गेंद की नाबाद पारी में नौ चौके जड़े। दिन का खेल खत्म होते समय जयमीत के साथ उर्विल पटेल 29 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।

### क्विक न्यूज

## करुणारत्ने ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा, आईसीसी ने प्रतिबद्धता की तारीफ की

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को श्रीलंका के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने की जमकर सराहना की, जिन्होने गॉल मे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने 100वें टेस्ट के साथ ही अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया। करुणारत्ने ने अपने विदाई टेस्ट में 36 और 14 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया ने नौ विकेट से मैच जीतकर दो मैचो की श्रृंखला मे क्लीन स्वीप किया।आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, दिमुथ का करियर बहुत अच्छा रहा है। उन्होंने खेल के पारंपरिक प्रारूप में एक बल्लेबाज के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और 100 टेस्ट खेलने वाले अपने देश के सातवें खिलाड़ी बने। छत्तीस साल के करुणारत्ने ने टेस्ट में लगभग 40 की औसत से 7222 रन बनाए है। इस दौरान उनका सर्वाधिक स्कोर 244 रन रहा है। उन्होने 50 एकदिवसीय में 1316 रन बनाए है। उन्होने 2019 और 2023 के बीच 30 टेस्ट मैचों में श्रीलंका की कप्तानी की, जिसमें 12 जीते और 12 हारे। शाह ने कहा, उनकी प्रतिबद्धता अद्वितीय रही है और वह खेल के महान दूत रहे है। मुझे यकीन है कि दुनिया भर मे टेस्ट क्रिकेट के प्रशंसक उन्हें याद करेंगे। बाएं हाथ के बल्लेबाज करुणारत्ने ने 2012 में अपने टेस्ट करियर का आगाज किया था।

## इंग्लैंड की महिला हॉकी टीम ओडिशा पहुंची, 15 फरवरी को प्रो लीग मैच में भारत से मुकाबला

भुवनेश्वर। इंग्लैड की महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के भारत चरण के मैचों मे भाग लेने के लिए रविवार को भुवनेश्वर पहुंची।विश्व रैंकिंग मे सातवें पायदान पर काबिज टीम 15 फरवरी को यहां कलिंगा स्टेडियम में मेजबान भारत और 25 फरवरी को शीर्ष रैंकिंग की टीम नीदरलैंड से भिड़ेगी।टीम के सदस्यो का यहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर ओडिशा खेल विभाग और हॉकी इंडिया ने जोरदार स्वागत किया।हॉकी इंडिया ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर कहा कि अब तक एक जीत और तीन हार के साथ इंग्लैंड ने अपने एफआईएच प्रो लीग अभियान की मिश्रित शुरुआत की है। इंग्लैड चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी टीमो के खिलाफ अपने खेल के स्तर को उंचा कर सफलता हासिल करने की उम्मीद करेगा।हॉकी इंडिया ने अपनी वेबसाइट पर इंग्लैड की फॉरवर्ड डार्सी बॉर्न के हवाले से कहा, हम हीरो हॉकी इंडिया लीग के बाद भारत मे आने को लेकर बहुत उत्साहित है। उम्मीद है कि माहौल बहुत अच्छा होगा।

## सिंधू बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से हटी

नई दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पैर की मांसपेशियो मे चोट के कारण चीन मे होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है जिससे देश की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मे पदक का रंग सुधारने की संभावनाओ को बड़ा झटका लगा है। यह टूर्नामेंट 11 से 16 फरवरी तक किंगदाओ मे खेला जाएगा। भारतीय खिलाड़ी अभी गुवाहाटी मे ट्रेनिंग शिविर मे हिस्सा ले रहे है। सिंधू के अलावा शिविर मे लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय के साथ-साथ सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष युगल जोड़ी भी हिस्सा ले रही है। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी उस भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसने टूर्नामेंट के पिछले सत्र मे कांस्य पदक जीता था। सिंधू ने एक्स पर एक पोस्ट मे कहा, मै भारी मन से यह बता रही हूं कि मै बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2025 के लिए टीम के साथ यात्रा नही करूंगी। चार फरवरी को गुवाहाटी मे ट्रेनिंग के दौरान मुझे अपनी पैर की मांसपेशियो मे दर्द महसूस हुआ। अपने देश के लिए पट्टी लगाकर खेलने के प्रयास करने के बावजूद एमआरआई से पता चला है कि मुझे शुरुआत मे जितना लगा था चोट के ठीक होने मे उससे अधिक समय लगेगा।

## मानस धामने आईटीएफ एकल खिताब जीता

नई दिल्ली। भारत के होनहार युवा खिलाड़ी मानस धामने ने रविवार को ट्यूनीशिया के मोनास्टिर मे एम15 टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले मे इटली के लोरेंजो कार्बोनी को हराकर अपना पहला आईटीएफ एकल खिताब जीता। प्रसिद्ध कोच रिकार्डो पियाटी के मार्गदर्शन मे इटली मे प्रशिक्षण लेने वाले धामने ने कार्बोनी के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद मजबूत वापसी करते हुए 2-6, 6-0, 6-2 से जीत हासिल की। कार्बोनी पिछले साल जूनियर फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल मे पहुंचे थे। भारत के 17 साल के इस खिलाड़ी ने क्वालीफायर के रूप मे मुख्य ड्रॉ मे प्रवेश किया था। उन्होंने आठ दिनो मे आठ मैचो मे जीत दर्ज की। धामने ने अपना पहला मेन्स फ्यूचर स्पर्धा जून 2022 मे मोनास्टिर मे ही खेला था। वह 2022 मे पेशेवर खिलाड़ी बने थे। यह उनका एम15 स्तर का लगातार चौथा टूर्नामेंट था जहां उन्होंने मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया।

## ऑस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर काबिज दक्षिण अफ्रीका से थोड़ा पीछे दूसरे स्थान रहा


दुबई। ऑस्ट्रेलिया रविवार को श्रीलंका के खिलाफ दो मैचो की श्रृंखला मे क्लीन स्वीप करने के बाद 2023-25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका मे शीर्ष पर काबिज दक्षिण अफ्रीका से थोड़ा पीछे दूसरे स्थान पर रहा।दक्षिण अफ्रीका 69.44 प्रतिशत अंक के साथ डब्ल्यूटीसी फाइनल मे जगह बनाने वाली पहली टीम बनी थी जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 67.54 प्रतिशत अंक के साथ समापन किया। ऑस्ट्रेलिया ने घरेलू मैदान पर पांच मैचो की बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला मे भारत को 3-1 से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया था। अब दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया दोनों टीम 11 जून से लॉर्ड्स मे डब्ल्यूटीसी फाइनल मे एक दूसरे के सामने होगी।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक विज्ञप्ति मे कहा, भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला मे ऑस्ट्रेलिया की जीत ने उसे लगातार दूसरे डब्ल्यूटीसी फाइनल मे जगह बनाने और श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में 2-0 की जीत ने उन्हे तालिका मे दूसरे स्थान को मजबूत करने मे मदद की। भारत लंबे समय से इस दौड़ मे शामिल रहा लेकिन बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला मे हार के बाद बाहर हो गया और 50 प्रतिशत अंक के साथ तालिका मे तीसरे स्थान पर रहा। दो बार डब्ल्यूटीसी फाइनल मे पहुंचने वाले भारत ने इस चक्र मे खेले गए 19 टेस्ट मैच मे नौ जीते, आठ हारे और दो मैच ड्रॉ किए। रोहित शर्मा की टीम के इस चक्र के दौरान दो अंक काटे गए। पाकिस्तान 27.98 प्रतिशत अंक के साथ इस चक्र मे नौवे और अंतिम स्थान पर रहा।

## पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी मैचों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगें सेना और अर्धसैनिक बल

**लाहौर।** पाकिस्तान सरकार ने देश मे आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सैन्य और अर्धसैनिक रेंजरो का उपयोग करने को मंजूरी दे दी है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक संघीय मंत्रिमंडल ने इस बड़े आयोजन के लिए मजबूत सुरक्षा की योजना को मंजूरी दे दी है जिसमे सेना और रेंजरो का उपयोग होगा। सरकार ने 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए लाहौर, कराची और रावलपिडी के मैदानो और टीम होटलो मे सुरक्षा प्रदान करने के लिए पहले से ही कमांडो इकाइयो सहित 10,000 से अधिक पुलिसकर्मियो को तैनात किया है।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नक्वी देश के गृह मंत्री भी है।

# आदित्य ठाकरे के चार विकेट

## तमिलनाडु के स्टंप तक छह विकेट पर 159 रन



**नागपुर।** तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे के चार विकेट की बदौलत विदर्भ ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच के दूसरे दिन स्टंप तक तमिलनाडु को पहली पारी में छह विकेट पर 159 रन ही बनाने दिए। लंबे बल्लेबाजी लाइन–अप के बावजूद तमिलनाडु के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों में से मुश्किल पिच पर संघर्ष करने का जज्बा नहीं दिखाया। तमिलनाडु के पूर्व बल्लेबाज श्रीधरन शरत के भतीजे और 18 वर्षीय सी आंद्रे सिद्धार्थ ने 89 गेंद में 10 चौके और दो छक्के से 65 रन की शानदार पारी खेली लेकिन दूसरे छोर से पर उन्हें कोई सहयोग नहीं मिला।विदर्भ को पहली पारी में 353 रन पर समेटने के बावजूद भी तमिलनाडु की टीम 194 रन से पिछड़ रही है। लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाले तमिलनाडु का शीर्ष बल्लेबाजी क्रम ध्वस्त हो गया। एन जगदीसन (22), विजय शंकर (22) और बी साई सुदर्शन (07) जैसे स्टार बल्लेबाज कुछ खास योगदान नहीं दे सके। सुदर्शन विशेष रूप से निराश होंगे क्योंकि नवंबर 2024 में भारत ए के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ खेलने के बाद यह उनका पहला मैच था। तब से बाएं हाथ का यह बल्लेबाज पिछले साल दिसंबर में लंदन में कराई स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी से उबर रहा था। एक समय तमिलनाडु का स्कोर चार विकेट पर 38 रन था, शंकर और सिद्धार्थ ने 95 रन जोड़कर कुछ उम्मीद जगाई। लेकिन शंकर ने ठाकरे को स्टंप आउट कर अक्षय वाडकर को कैच थमा दिया। अब तमिलनाडु को उम्मीद है कि अनुभवी प्रदोष रंजन पॉल (नाबाद 18 रन) और कप्तान आर साई किशोर (नाबाद 06 रन) तीसरे दिन उसे वापसी करा लेंगे। तमिलनाडु के बल्लेबाज विदर्भ के बल्लेबाजों के संघर्ष से सीख ले सकते हैं जिसकी अगुवाई करुण नायर ने की जिन्होंने अपने रात के 100 रन के स्कोर को 122 तक पहुंचाया। लेकिन उनकी बल्लेबाजी में असली स्टार हर्ष दुबे (69 रन) थे जिन्होंने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ मिलकर बल्लेबाजी की और विदर्भ को छह विकेट पर 264 रन के स्कोर से 353 रन तक पहुंचाया।

## सनराइजर्स को हराकर राशिद खान की एमआई केपटाउन बनी एसए 20 चैम्पियन

**जोहानिसबर्ग, ।** पिछली दो बार आखिरी स्थान पर रही एमआई केपटाउन ने राशिद खान की कप्तानी में तीसरे सत्र में चमत्कारिक प्रदर्शन करते हुए दो बार की चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को वांडरर्स पर खेले गए फाइनल में बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर 76 रन से हराकर एसए 20 खिताब अपने नाम किया ।कैगिसो रबाडा ने जैसे ही 19वें ओवर की चौथी गेंद पर रिचर्ड ग्लीसन को आउट किया, मैदान पर आए 22000 से ज्यादा दर्शकों के बीच एमआई के नीले झंडे लहराते दिखाई देने लगे। पूरा स्टेडियम अपने स्थानीय नायक रबाडा रबाडा के शोर से गूंज उठा जिन्होंने 3.4 ओवर में 25 रन देकर चार विकेट लिए। वहीं ट्रेंट बोल्ट ने चार ओवर में सिर्फ नौ रन देकर दो विकेट लिए ।जीत के लिए 182 रन का पीछा करते हुए सनराइजर्स 105 रन पर आउट हो गए। पिछले दो मैचों में जोबर्ग सुपर किंग्स और पार्ल रॉयल्स पर लगातार जीत दर्ज करके आई एडेन माक्ररम की टीम उस लय को कायम नहीं रख सकी और टॉम एबेल (30) और टोनी डि जोर्जी (26) को छोड़कर उनका कोई बल्लेबाज नहीं चल सका। एमआई के स्पिनर जॉर्ज लिंडे ने चार ओवर में 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। पिछले साल टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान को सेमीफाइनल तक ले जाकर क्रिकेट जगत को चौंकाने वाले दिग्गज लेग स्पिनर राशिद ने एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली। वह इससे पहले इसी टूर्नामेंट में टी20 प्रारूप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने थे ।लगातार पांच मैच जीतकर फाइनल तक पहुंची एमआई केपटाउन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए काफी आक्रामक शुरूआत की और रियान रिकेलटन तथा रासी वान डेर डुसेन ने दस रन प्रति ओवर से भी अधिक तेजी से रन बनाए ।क्रेग ओवरटन ने पहला ओवर किफायती डाला जिसमें तीन ही रन बन सके ।

# यूपी की पुरुष आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स टीम को रजत

## ● 38वें राष्ट्रीय खेल : एथलीट दीपांशी को मिला कांसा



**लखनऊ।** उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश के लिए पुरुष आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स टीम ने रजत व एथलेटिक्स में दीपांशी सिंह ने कांस्य पदक पदक जीता। देहरादून में शनिवार रात को पुरुष आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स टीम फ इनल में उत्तर प्रदेश संघर्षपूर्ण मुकाबले के बाद 212.30 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। उत्तर प्रदेश टीम में शामिल अभिजीत कुमारए आदित्य सिंह राणाए आशीष कुमारए प्रणव कुशवाहाए सिद्धार्थ वर्मा की टीम ने कोच अंकित त्रिपाठी के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन किया। जिम्नास्टिक के विजेताओं को उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने पदक प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए आगामी स्पर्धाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए आर्शीवाद दिया।इस स्पर्धा में सर्विसेज की टीम ने 214.90 के स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि जबकि हरियाणा की टीम 204ण्90 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। दूसरी ओर देहरादून में हुई एथलेटिक्स की स्पर्धाओं में रविवार को महिला लंबी कूद में दीपांशी सिंह ने 6.11 मीण्की जंप के साथ कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा का स्वर्ण पश्चिम बंगाल की मौमिता मंडल ने 6.21 मीण् की जंप के साथ और रजत केरल की सांद्रा बाबू ने 6.12 मी की जंप के साथ जीता। राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश ने अब तक 10 स्वर्णए 11 रजत और 9 कांस्य सहित कुल 30 पदक अपने नाम किए हैं और पदक तालिका में 11वें स्थान पर चल रहा है।

## ज्योति याराजी और तेजस शिरसे को राष्ट्रीय खेलों की बाधा दौड़ स्पर्धा में लगातार तीसरा स्वर्ण

**देहरादून।** आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी और महाराष्ट्र के तेजस शिरसे ने रविवार को यहां राष्ट्रीय खेलो की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेलो के रिकॉर्ड समय के साथ क्रमशः महिला 100 मीटर बाधा दौड़ और पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ मे लगातार तीसरे स्वर्ण पदक जीते।अपने स्पर्धाओ मे राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक शिरसे और याराजी ने इससे पहले गुजरात और गोवा मे हुए पिछले दो राष्ट्रीय खेलो मे भी स्वर्ण पदक जीते थे।गत एशियाई चैंपियन और 2023 मे हुए हांगझोउ एशियाई खेलो की रजत पदक विजेता 25 साल की याराजी ने फाइनल मे 13.10 सेकेंड के समय के साथ 13.22 सेकेंड के अपने पिछले राष्ट्रीय खेलो के रिकॉर्ड मे सुधार किया जो उन्होने 2023 मे बनाया था। याराजी का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12.78 सेकेंड है।पश्चिम बंगाल की मौमिता मंडल ने 13.36 सेकेंड के साथ रजत पदक अपने नाम किया जबकि तमिलनाडु की नित्या रामराज ने 13.60 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

## यूपी वारियर्स ने चोटिल हीली की जगह दीप्ति शर्मा को कप्तान बनाया

**नई दिल्ली।** यूपी वारियर्स ने रविवार को अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को डब्ल्यूपीएल 2025 के लिए कप्तान नियुक्त किया क्योंकि नियमित कप्तान एलिसा हीली पैर की चोट के कारण लीग से बाहर हो गई हैं।

वारियर्स को उम्मीद है कि दीप्ति डब्ल्यूपीएल 2024 में अपने शानदार प्रदर्शन को दोहराएगी जिसमें उसने आठ पारियों में 136.57 के स्ट्राइक रेट और 98.33 की औसत से 295 रन बनाए थे। दीप्ति ने अपनी ऑफ स्पिन से 7.23 की इकॉनमी रेट से 10 विकेट भी लिए थे। 27 वर्षीय दीप्ति को कप्तानी का भी अनुभव है, उन्होंने घरेलू मैचों में बंगाल और पूर्वी क्षेत्र का नेतृत्व किया है।दीप्ति ने डब्ल्यूपएल से पहले महिला टी20 चैलेंज में वेलोसिटी का भी नेतृत्व किया था। डब्ल्यूपीएल में भी वह उत्तर प्रदेश की टीम के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है, उसने 16 पारियों में 385 रन बनाए है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।